*   ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 199

Wild Waadi Water Park
WATER PARK, TRAMPOLINE PARK, BIRD PARK, AMUSEMENT PARK & ZIP LINE
INR 300 (MON - FRI)
INR 400 (SAT - SUN & HOLIDAYS)
Call Us 9304816880

### राजनगर में जोबा माझी के पक्ष में सीएम ने की जनसभा

## मुट्ठी भर लोगों के लिए सत्ता चाहती भाजपा: चंपाई सोरेन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र राजनगर प्रखंड के हाइस्कूल फुटबॉल मैदान में सिंहभूम से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने उपस्थित लोगों से जोबा माझी के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि जोबा माझी एक शहीद आंदोलनकारी की पत्नी है। जोबा माझी की जीत से राज्य के जल, जंगल, जमीन की रक्षा होगी। सीएम ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए भाजपा को जुमलेबाज पार्टी करार दिया।

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि हमने 1932 आधारित खतियान, सरना धर्म कोड, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने की कोशिश की, तो भाजपा ने इसका विरोध किया। कहा कि 10 साल से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मंहगाई, रोजगार, शिक्षा की बात नहीं कर सिर्फ जुमलेबाजी कर रही है। चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा अपने मुट्ठी भर उद्योगपति मित्रों के लिए सत्ता चाहती है। कहा कि भाजपा की नजर झारखंड की खनिज संपदाओं पर है। पूर्व की भाजपा सरकार ने राज्य के 11 लाख गरीबों का राशन कार्ड रद्द किया था, लेकिन हमने 20 लाख नया हरा कार्ड बना कर लोगों को राहत दी।

**देश को तोड़ रही है भाजपा : बन्ना गुप्ता :** जनसभा को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा देश से अमन-चैन, प्रेम खत्म कर, एक दूसरे को लड़ा कर देश को तोड़ रही है। उन्होंने जोबा माझी को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि जोबा माझी एक संघर्षशील महिला है। इनकी जीत महिला सशक्तिकरण को मजबूती देगी।

# झारखंड में हर सिग्नेचर के लिए होती है वसूली: निर्मला

- दीवार से लेकर पाताल तक मिल रहा है कैश
- वित्त मंत्री रांची में झारखंड चैंबर के कार्यक्रम में हुईं शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि झारखंड में इस कदर भ्रष्टाचार है कि यहां हर सिग्नेचर के लिए पैसे की वसूली होती है। कानून व्यवस्था इतनी खराब है कि रंगदारी की रकम न देने पर व्यवसायियों की हत्या तक हो रही है। यहां दीवार से लेकर पाताल तक कैश मिल रहा है। ये हालात बदलना चाहिए। यहां के लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य और देश के लिए वोट करना चाहिए। वित्त मंत्री गुरुवार को रांची में 'पूर्वी भारत विकसित भारत के लिए उन्नति का इंजन' विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोल रही थीं। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और बेहतर झारखंड नामक संस्थान ने मिल कर किया था। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद थे।

**दीवार से लेकर पाताल तक कैश मिल रहे:** झारखंड में हाल में केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारियों में नोटों की बरामदगी की घटनाओं का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सभी देख रहे हैं कि यहां दीवार से लेकर पाताल तक कैश मिल रहा है। इतने नोट निकल रहे हैं कि उनकी गिनती के लिए लगायी जाने वाली काउंटिंग मशीनें तक गर्म हो जा रही हैं। उन्होंने सभागार में उपस्थित लोगों से पूछा कि क्या यही झारखंड का नसीब है? उन्होंने कहा कि हमें जंगल राज वाला नहीं, बल्कि एक बेहतर झारखंड चाहिए। यहां के लोगों को एक मजबूत पार्लियामेंट और बेहतर राज्य के लिए वोट करना चाहिए।

**पलायन सबसे बड़ी समस्या:** सीतारमण ने कहा कि जब बिहार से झारखंड अलग हुआ था, तब लगा था कि इसे जंगल राज से मुक्ति मिलेगी, लेकिन दुख की बात है कि पिछले साढ़े चार से यहां नया जंगल राज शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड पलायन, अराजकता, भ्रष्टाचार का दंश झेल रहा है। इसलिए राज्य से पलायन को रोकना सबसे बड़ी चुनौती है। यह तभी संभव होगा, जब हम यहां पर कानून व्यवस्था को ठीक करें। इसके अलावा हमें केवल मिनरल्स पर भी पूरी तरह निर्भर होना बंद करना पड़ेगा। हमें अन्य संसाधनों को भी विकसित करना होगा। इसके अतिरिक्त हमें अपनी बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग बेहद प्रतिभाशाली और साधारण हैं. उन्हें जरूरत है तो सिर्फ बेहतर नेतृत्वकर्ता और एक मौका की।




### इंफ्रास्ट्रक्चर में अभी और सुधार की जरूरत: बाबूलाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज हम रोजगार के लिए पलायन करते हैं। अगर हम अपनी क्षमता का सही इस्तेमाल करना सीख गये तो हमें पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को लेकर झारखंड में काफी कुछ हुआ, लेकिन अभी भी हमें इसमें और सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए सबसे जरूरी चीज है कानून व्यवस्था। यह जब ठीक होगी तभी हम भय मुक्त होकर व्यवसाय और अन्य सभी कार्य कर पायेंगे।

## सीतारमण से विष्णु अग्रवाल के मिलने पर मचा बवाल

### झामुमो-कांग्रेस ने साधा निशाना, भाजपा ने दी सफाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के होटल रेडिशन ब्लू में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से लैंड स्कैम के आरोपी विष्णु अग्रवाल की मुलाकात ने राज्य का सियासी तापमान बढ़ा दिया है। इस मुलाकात की एक फोटो सोसल मीडिया पर वायरल हुई। इसके बाद झामुमो-कांग्रेस हमलावर हो गयी हैं। वहीं, भाजपा ने भी इसका जवाब दिया है। झामुमो ने लिखा कि 'हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े लिखे को फारसी क्या। झारखंड की जनता सब विष्णु-बाबू लीला देख और समझ रही है।' तो प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा से जवाब मांगते हुए कहा कि आखिर क्या डील हुई कि जिस जमीन घोटाले के आरोपी के खिलाफ इडी की जांच जारी है उस आरोपी से वित्त मंत्री की मुलाकात करायी जा रही है। जबकि प्रवर्तन निदेशालय वित्त मंत्रालय के ही अधीन है। वहीं, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सफाई दी कि इस कार्यक्रम से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं था। इसे चैंबर ऑफ कॉमर्स और बदलता झारखंड एनजीओ ने आयोजित किया था। आमंत्रित अतिथियों की पूरी सूची इन्हीं दोनों संगठनों के सौजन्य से तैयार हुई थी। मुलाकातियों की भी सूची इन्हीं दोनों संगठन ने तय किया था। विपक्ष जिस तस्वीर को लेकर हाय तौबा मचा रहा है, वह खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली स्थिति हो गयी है।

### क्या है मामला

दरअसल, कार्यक्रम का आयोजन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और बेहतर झारखंड नामक संस्थान ने मिल कर किया था। बेहतर झारखंड संस्थान के धनबाद के रहनेवाले विवेक सिंह ने ही वित्त मंत्री का कार्यक्रम लिया था। रांची में कार्यक्रम की तैयारी मयूर शेखर झा ने किया था। इसके बाद कार्यक्रम से चैंबर को जोड़ा गया। कार्यक्रम के बाद कुछ लोगों ने केंद्रीय मंत्री सीतारमण से मुलाकात की। इनमें से एक विष्णु अग्रवाल भी थे। विष्णु अग्रवाल जमीन फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी हैं। इडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं। इस दौरान कुछ और जमीन दलालों ने वित्त मंत्री से मुलाकात की। उन्हें गुलदस्ता सौंपा।

### संजीव लाल-जहांगीर से पूछताछ में खूल रहा वसूली का राज

## मंत्री आलमगीर आलम की तरफ घूम रही सुई

- संजीव लाल और उनकी पत्नी को आमने-सामने रख कर इडी ने की पूछताछ
- जहांगीर आलम ने कहा, सब जानती थी रीता लाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसकी पत्नी रीता लाल से इडी के अधिकारियों ने बंद कमरे में गुरुवार को पूछताछ की। इस पूछताछ के दौरान कई ऐसे सवाल थे, जिसका जवाब रीता लाल नहीं दे पायी। संजीव और उसका नौकर जहांगीर आलम इडी की रिमांड पर है। वहीं संजीव की पत्नी को समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। रीता से पूछा गया कि जो जेवरात बरामद हुए हैं, वे कहां से खरीदे गये। इसके कागजात कहां हैं। इसका जवाब वह नहीं दे पायी। उसका कहना था कि जेवरात मेरे नहीं हैं। बताते चलें कि जहांगीर आलम के यहां छापामारी के दौरान करीब 32 करोड़ नकदी के अलावा एक करोड़ से अधिक के जेवरात भी मिले हैं। उसमें से संजीव लाल की पत्नी के नाम से खरीदने की रसीद भी है। संभवतः किसी ठेकेदार ने जेवरात गिफ्ट की है। संजीव लाल की पत्नी से यह जानने की कोशिश की गयी कि उसका मायके कहां है और कौन-कौन लोग रहते हैं।

(शेष पेज 05 पर)

### ठेकेदारों को समन जल्द

ग्रामीण विकास विभाग में कमीशन के खेल में शामिल ठेकेदारों से भी जल्द पूछताछ होगी। इडी ने राजीव कुमार सिंह और मीना सिंह को समन भेजने की तैयारी की है। इसके अलावा विभाग के अभियंता अर्जुन मुंडा, राजकुमार उरांव, कुलदीप मिंज, विकास कुमार को भी समन किया जायेगा। मंत्री आलमगीर आलम के अलावा ग्रामीण विकास विभाग के दो अधिकारी भी इस मामले में नप सकते हैं।

## मोदी 11 को, अमित और राजनाथ आज आ रहे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनावों में भाजपा स्टार प्रचारकों के माध्यम से ताकत दिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। झारखंड की धरती पर प्रधानमंत्री मोदी 11 मई को चतरा में पार्टी उम्मीदवार कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह 14 मई को वह गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के पेसम अरवाड़ मैदान में एनडीए के घटक दल आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में गिरिडीह में जनसभा को संबोधित करेंगे। पहले यहां उनका कार्यक्रम 15 मई को था। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 10 मई को झारखंड आ रहे हैं।



(शेष पेज 05 पर)

### निशिकांत, सीता, नलिन, विजय और ताला मरांडी आज करेंगे नामांकन

अक्षय तृतीया के विशेष मुहूर्त पर पांच उम्मीदवार पर्चा दाखिल करेंगे। गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ निशिकांत दुबे, दुमका से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन, राजमहल सीट से भाजपा के ताला मरांडी और झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा शुक्रवार को अक्षय तृतीया के दिन नामांकन करेंगे।

Admission Open for Session - 2024-25
BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956) Run & Manage Under Vananchal Educational & Welfare Trust
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand
Most of the Colleges/Courses are NAAC Accredited



CONTACT US
9661462506
6206297213
8789554090

APPROVALS
Established under Jharkhand Govt. Act. No. - 06, 2023
Recognized under Section 2 (f) of UGC Act.
Member of AIU
App. by DCI for Education Programme
App. by NCTE for Education Programme
Recognized Under NCH
App. by AICTE for Education Programme
App. by PCI for D.Pharm B.Pharm
Recognized Under JNRC
App. by JSPC for D.Pharm B.Pharm

BDSU Offers the following Programme
B.H.M.S. M.D.
B.D.S. M.D.S.
B.Ed D.EL.Ed.
PARAMEDICAL
D.Pharm B.Pharm
B.Sc. MLT
ANM GNM
B.Sc. NURSING

B.Sc. (Medical)
Microbiology, Biochemistry, Pharmacology
Pathology, Physiology, Anatomy

M.Sc. (Medical)
Anatomy, Physiology, Microbiology, Biochemistry,
Medical Lab Technology, Pharmacology

B. Tech
Civil Engineering
Electrical and Electronics Engineering
Computer Science & Engineering
CSE (Artificial Intelligence)
CSE (Cyber Security)

Diploma
Civil Engineering
Mechanical Engineering
Electrical and Electronics Engineering
Computer Science & Engineering
Electrical Engineering

Library Science
B.Lib.IS, M.Lib.IS

Management
Bachelor of Business Administration (BBA)
Master of Business Administration (MBA)

Computer Application
Bachelor of Computer Application (BCA)
Master of Computer Application (MCA)

Industrial Training Institute (ITI)
Draughtsman (Civil), Fitter, Welder, Turner, Electrician,
Hospital house keeping, Mechanic Electric Vehicle
Solar Technician (Electrical), Fashion Technology
Computer Operator & Programming Assistant (COPA)

SPECIAL FEATURE OF BDSU / VEWT
- Located at NH-75, 5KM of Garhwa Town.
- Green campus spread over more than 100 acres.
- State of art campus.
- Experienced Faculties, Smart Class Rooms.
- Live Research Based Projects.
- Workshops & guest Lecturers.
- Well Equibed Library.
- Modern Laboratories.
- Well furnished Auditorium of 500 seating capacity.
- Transport Facilities.
- Holistic educational procedures.
- Sports & Extra Curriculum activities.
- Excellent Hostel Facilities in Campus.
- Canteen and General Store.
- Guest House Available in campus.
- SBI Bank & ATM facilities available in campus.
- 24X7 Securities in campus including hostels.

For More Details Visit our Website
www.bdsu.ac.in
E-mail : registrar@bdsu.ac.in

SHAHEED SHEIKH BHIKHARI COLLEGE OF EDUCATION
Sutiyambe, Pithoria, Kanke, Ranchi - 834006
Jharkhand.
VACANCY

| Post |
| --- |
| Assistant Professor |
| Performing Arts-01 |

Qualifications : Graduate Degree in Music/ Dance/ Theatre arts with minimum 55% marks or recognized equivalent thereof.
N.B : Kindly send your application with self attested Xerox copies of all the revelant certificated / testimonials on College address by speed post only. Short listed candidates will be called for interview after the end of Code of Conduct due to Lok Sabha election.
Last date: 31/05/2024
Contact Number
Sri Tausif Ahmad
8986717710
Secretary

आयुर्वेदिक क्षारसूत्र एवं अग्नि कर्म द्वारा सफल ईलाज शुरू




- PILES
- FISTULA
- FISSURES &
- PILONIDAL SINUS

आयुर्वेद की युक्ति रोग से मुक्ति
PILES CURE CENTER
& SHIVAY AYURVEDA CHIKITSALYA
सम्पर्क करें
9162732562, 7004764956
Near Madan Dhaba, Kokar, Ranchi

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand



Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING
ANM GNM
POST BASIC B.SC.
BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL
DRESSERS | DMLT | ECG
X-RAY | OPHTHALMIC
ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

# मोदी-राहुल की यात्रा के बाद बदल रहा है लोहरदगा का माहौल

- राष्ट्रीय के साथ स्थानीय मुद्दों पर भी मतदाताओं के बीच होने लगी है चर्चा
- चमरा लिंडा के मैदान में उतरने से हर दिन रोचक होता जा रहा है मुकाबला
- समीर उरांव और सुखदेव भगत के लिए वोटरों की चुप्पी पड़ रही है भारी

आजाद सिपाही विशेष

**लोहरदगा लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला त्रिकोणीय हो रहा है। भाजपा के समीर उरांव और कांग्रेस के सुखदेव भगत के बीच झामुमो के बागी विधायक चमरा लिंडा तीसरा कोण बना रहे हैं। वैसे चमरा लिंडा पहले भी चुनावी मैदान में उतर कर कांग्रेस उम्मीदवार का खेल बिगाड़ चुके हैं और ये बात मतदाता भी अच्छी तरह समझ चुके हैं। लोहरदगा संसदीय सीट की अहमियत इसी बात से समझी जा सकती है कि यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव प्रचार कर चुके हैं। इन दोनों की यात्रा के बाद लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र का चुनावी माहौल गरमा गया है। दोनों राष्ट्रीय नेताओं की यात्रा के बाद अब राष्ट्रीय के साथ स्थानीय मुद्दों की भी खूब चर्चा होने लगी है, लेकिन मतदाताओं की खामोशी के कारण कोई भी प्रत्याशी भरोसे के साथ दावा करने की स्थिति में नहीं है। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में चुनाव की सबसे अधिक सरगर्मी बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में देखी जा रही है, जहां के विधायक चमरा लिंडा निर्दलीय के रूप में मैदान में हैं। शहरी इलाकों में जहां भाजपा प्रत्याशी बढ़त लेते नजर आ रहे हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस और झामुमो की मिली-जुली ताकत का भी नजारा दिखने लगा है। छोटा संसदीय क्षेत्र होने के नाते लोहरदगा में हमेशा की तरह इस बार भी कड़ा और नजदीकी मुकाबला देखने को मिल सकता है। लोगों से बातचीत में एक बात साफ हो जाती है कि मोदी सरकार के प्रति लोग नाराज नहीं हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों में सरना धर्म कोड और स्थानीयता जैसे मुद्दों की बात चर्चा में है। भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर मतदाता बंटे हुए नजर आ रहे हैं। कैसा चल रहा है लोहरदगा संसदीय सीट पर चुनाव प्रचार अभियान और कैसा है माहौल, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पूरे देश में अभी चुनाव का माहौल है तो जाहिर सी बात है कि लोहरदगा में भी इस पर चर्चा होगी ही। शहर से लेकर गांव, मुहल्लों और बाजार में चुनाव पर चर्चा हो रही है। राजनीति के जानकार से लेकर रोजमर्रा का जीवन जीने वाली आम जनता भी गुणा-गणित कर रही है। वोटरों का मानना है कि पहले लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में कुछ दिनों पहले तक कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत और भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के बीच मुकाबला था। वहीं बिशुनपुर विधानसभा से झामुमो विधायक चमरा लिंडा के निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरने से मुकाबला और रोचक हो गया है।

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार जोरों पर है। अलग-अलग राजनीतिक दल अलग-अलग स्थान पर हर दिन चुनावी सभाएं कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी की चुनावी सभाएं इस क्षेत्र में हो चुकी हैं। इन सबके बीच सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इस बार लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में चुनावी भोंपू का शोर कम क्यों सुनाई दे रहा है, जबकि गुमला जिला के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र में अधिक चुनावी शोर है। चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी पार्टियां कोशिश कर रही हैं। विशेष कर भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रत्याशी लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं और चुनावी सभाएं कर अपनी प्राथमिकताएं गिना रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत और निर्दलीय चमरा लिंडा के अलावा अन्य प्रत्याशी भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। फिर भी एक बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि इस बार गुमला जिला के सिसई और विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक चुनावी शोर क्यों सुनाई पड़ रहा है।





### पीएम मोदी और राहुल गांधी की सभाएं सिसई-बसिया में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा सिसई में हुई, जिसमें उन्होंने भ्रष्टाचार समेत दूसरे मुद्दों पर कांग्रेस को जम कर घेरा। भाजपा को आदिवासी हितों का असली रक्षक बता कर उन्होंने अपनी सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों का बखूबी उल्लेख किया। इसका असर यह हुआ कि इलाके में अब लोग पीएम मोदी की बातों और केंद्र सरकार की योजनाओं की बात करने लगे हैं। शहरी इलाके में लोग केंद्र सरकार की योजनाओं से होनेवाले लाभ और विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए कहते हैं कि पिछले 10 साल में काम तो हुआ है।

उधर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बसिया में हुई सभा के बाद कांग्रेस के बारे में भी लोग बात करते मिले। राहुल गांधी ने कांग्रेस के शासन काल में आदिवासियों के लिए किये गये कामों के साथ आरक्षण, सरना धर्म कोड और स्थानीयता जैसे भावनात्मक मुद्दे उठा कर हवा का रुख मोड़ने की खूब कोशिश की। राहुल गांधी की सभा करने का असर यह हुआ है कि कांग्रेस के नेता अब सुखदेव भगत के लिए फील्ड में उतर गये हैं। इधर सिसई हो या बसिया, भंडरा हो या फिर बिशुनपुर, चुनाव प्रचार का शोर हर जगह सुनाई देता है, लेकिन सबसे अधिक बिशुनपुर इलाके में 'बल्लेबाज' का शोर है, जो निर्दलीय चमरा लिंडा का चुनाव चिह्न है।

### झामुमो के प्रभाव वाले क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान

दरअसल, इस बार सभी प्रत्याशी झामुमो के प्रभाव वाले क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। इसके पीछे कारण यह समझ में आ रहा है कि झामुमो ने कोई प्रत्याशी नहीं दिया है, बल्कि कांग्रेस को समर्थन दिया है। पार्टी के विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में भितरघात से बचने के लिए यहां कांग्रेस और झामुमो पूरा जोर लगाये हुए है। फिर भी चमरा लिंडा का अपना नेट वर्क है और पार्टी से निलंबन के बाद भी उनकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा है।

इसके अलावा गुमला जिला में सिसई, विशुनपुर और गुमला तीनों विधानसभा क्षेत्रों में झामुमो का विधायक होने की वजह से भाजपा भी इस बार इस क्षेत्र में वोट प्रतिशत को बढ़ाने और इनका प्रभाव तोड़ने पर ध्यान दे रही है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम इसी क्षेत्र में रखा गया, ताकि उनके आने का फायदा न सिर्फ लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी को मिल सके, बल्कि रांची और खूंटी से सटे होने की वजह से इस इलाके में भी इसका प्रभाव नजर आये।

### मतदाताओं का रुख पहले से तय

लोहरदगा की चुनावी राजनीति के जानकारों का यह मानना है कि इस सीट के ज्यादातर मतदाताओं का वोट पहले से ही तय माना जा रहा है। इन मतदाताओं के रुख बदलने की कोई भी कोशिश अब तक नाकाम ही होती रही है। इसलिए इस बार भी ऐसा ही होने की उम्मीद है। जानकारों का मानना है कि गुमला जिला के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में यदि भाजपा को बढ़त मिलती है, तो इसे एक प्रकार से अतिरिक्त वोट माना जा सकता है। लेकिन जहां तक लोहरदगा का सवाल है, तो यहां अल्पसंख्यक मतदाता निर्णायक हो सकते हैं।

### परेशान कर रही है वोटरों की चुप्पी

लोगों का मानना है कि भाजपा पीएम मोदी का सहारा लेकर जीत का ताल ठोंक रही है। वहीं कांग्रेस संविधान बचाने, आदिवासियों के हित की रक्षा के साथ-साथ सरना कोड लागू करवाने को मुद्दा बना रही है। निर्दलीय विधायक चमरा लिंडा का भी कमोबेश यही मुद्दा है। चमरा भी सरना धर्म कोड, आदिवासी के हितैषी होने का दावा कर रहे हैं और तानाशाही सरकार पर हमला बोल रहे हैं। कांग्रेसियों का कहना है भाजपा मजदूर, किसान और आम जनता को बेवकूफ बना रही है। भाजपा मुफ्त अनाज, किसान के खाते में छह हजार रुपये दे रही, ताकि कोई भी भी लोग इससे ऊपर न उठ सके। लोगों का कहना है कि समीर उरांव जब से उम्मीदवार बने हैं, तभी से वे एक्टिव दिख रहे हैं। वहीं सुखदेव भगत को लेकर भी मिश्रित राय है। इसाई और मुसलिम मतदाता उन्हें अच्छा उम्मीदवार मान रहे हैं, जबकि हिंदू बहुल इलाकों में सुखदेव भगत लोगों की पहली पसंद नहीं हैं। उन्हें पार्टी के लोगों से भी समन्वय स्थापित करना पड़ रहा है। कुछ नेता अब भी अंदर-अंदर सक्रिय नहीं हैं, हां ऊपरी तौर पर वह जरूर दिखावा कर रहे हैं कि वे प्रत्याशी के पक्ष में काम कर रहे हैं। कुल मिला कर लोहरदगा की स्थिति हर दिन करवट ले रही है। जो भी 12 मई तक अपना हर तरह का हथकंडा बरकरार रखेगा, उसकी संभावना ज्यादा होगी। फिलहाल तो प्रचार में भाजपा आगे दिख रही है।

---

सैम पित्रोदा के बयान पर झारखंड भाजपा ने बोला बड़ा हमला

# कांग्रेस की मानसिकता देश को तोड़ने और समाज को बांटने की: प्रतुल शाहदेव

**सैम पित्रोदा का इस्तीफा महज एक ड्रामा, कांग्रेस ने निष्कासित क्यों नहीं किया?**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने की बात की है और समाज में नफरत के बीज बोने का काम किया है। कांग्रेस की काली करतूतों से देश की जनता पहले ही वाकिफ है। कांग्रेस पहले देश-विदेश में देश का अपमान करती थी, देश को बदनाम करती थी, लेकिन अब तो भारतवासियों का भी अपमान करने लगी है।

प्रतुल ने कहा कि अब राहुल गांधी के गुरु और उनके राजनीतिक सलाहकार कहे जानेवाले सैम पित्रोदा, जो वर्षों से कांग्रेस के ओवरसीज सेल के अध्यक्ष भी रहे हैं, ने 140 करोड़ भारतीयों पर नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी की है।

प्रतुल ने तंज कसते हुए कहा कि अंकल सैम ने कहा है कि दक्षिण भारत के लोग अफ्रिकन जैसे दिखते हैं, नॉर्थ-ईस्ट भारत के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिमी भारत के लोग अरब के लोग जैसे दिखते हैं और उत्तर भारत के लोग अंग्रेज जैसे दिखते हैं।



प्रतुल ने कहा किये केवल सैम पित्रोदा का बयान नहीं है, बल्कि पूरी कांग्रेस पार्टी की सोच है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी सैम पित्रोदा के बयान का समर्थन किया है। वैसे भी सैम पित्रोदा ऐसे कुछ नहीं बोलते, बल्कि वह तो कांग्रेस की नीति को ही उजागर करते हैं।

प्रतुल ने आरोप लगाया कि सैम पित्रोदा का इस्तीफा महज एक स्टंट है। क्या कांग्रेस सैम पित्रोदा को पार्टी से बर्खास्त करने की हिम्मत दिखायेगी? सैम पित्रोदा अभी भी कांग्रेस पार्टी में हैं और राहुल गांधी के सलाहकार हैं।

प्रतुल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में भी सैम पित्रोदा ने दो महीने पहले कहा कि संविधान में बीआर अंबेडकर से ज्यादा पंडित नेहरू का योगदान था। सैम पित्रोदा आरक्षण का भी विरोध करते हैं।

वीरेंद्र राम के ऊपर मुकदमा दर्ज करने की मुख्यमंत्री की सहमति के बाद भी संचिका को छह महीने तक क्यों दबाया गया?

प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार के अवर सचिव द्वारा मंत्रिमंडल निगरानी विभाग के प्रधान सचिव को 15- 11-2023 को पत्र लिख कर वीरेंद्र राम के ऊपर प्राथमिकी करने के संबंध में पत्राचार किया गया था। इडी ने राज्य सरकार को इस विषय पर 8 मई , 2023 को ही पत्र लिख कर मुकदमा दर्ज करने को कहा था। प्रेसवार्ता में प्रतुल ने पत्र की प्रति दिखाते हुए जानना चाहा कि छह महीने बाद भी मुख्यमंत्री की सहमति मिलने के बाद भी किन परिस्थितियों में मंत्रिमंडल निगरानी विभाग ने प्राथमिकी से संबंधित संचिका को दबा दिया? प्रतुल ने कहा कि अवर सचिव द्वारा लिखे गये पत्र में इस बात का स्पष्ट वर्णन है कि इस मुद्दे पर विधि विभाग ने भी मुकदमा दर्ज करने से संबंधित अपनी सहमति दी थी। प्रतुल ने कहा कि इस पूरे प्रकरण से झारखंड सरकार एक्सपोज्ड है और यह स्पष्ट होता है कि झारखंड में वर्तमान व्यवस्था में मुख्यमंत्री का आदेश भी सिर्फ भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए आइवॉश है। इससे स्पष्ट है की पूरी सरकार भ्रष्टाचार में सम्मिलित है।

---

# सबसे पहले प्रोजेक्ट भवन में मुख्य सचिव से मिलने गये थे इडी अफसर

**डीजी से मांगी रिपोर्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रोजेक्ट भवन के अंदर इडी के अधिकारियों के पहुंचने और मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के कार्यालय में तलाशी लेने का मामला अब और तूल पकड़ रहा है। मुख्य सचिव ने इस संबंध में डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के अनुसार बुधवार को इडी के अफसर ओएसडी संजीव लाल को लेकर जब प्रोजेक्ट भवन गये थे, तब वहां तैनात सुरक्षाकर्मी ने उन्हें अंदर जाने से मना कर दिया था। साथ ही पोर्टिको में खड़ा रहने को कहा गया। उस समय मंत्रालय के सुरक्षा प्रभारी डीएसपी को भी इसकी जानकारी दी गयी। इडी के दो अधिकारी राज्य के मुख्य सचिव से मिलने गये। दोनों के साथ ओएसडी के कार्यालय को सर्च करने का न्यायालय से जारी आदेश की कॉपी भी थी। मुख्य सचिव ने इडी के अधिकारियों से मिलने से इनकार कर दिया। इसके बाद इडी के



अफसर दूसरे तल्ले में गये थे और संजीव लाल के सामने उनके कार्यालय की तलाशी ली। यह मामला इस वजह से तूल पकड़ने लगा है कि इसी मामले पर सीएस ने डीजीपी से रिपोर्ट तलब किया है। सीएस का कहना था कि सुरक्षा की जवाबदेही पुलिस के पास होती है। इडी के अधिकारी कैसे इस परिसर के अंदर आ गये। मुख्य सचिव अगर चाहते तो इडी के अधिकारियों को सर्च करने से रोक सकते थे। इडी के प्रोजेक्ट भवन से जाने के बाद मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक हुई थी। इसमें गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारी मौजूद थे। इडी की पूरी कार्रवाई सीसीटीवी कैमरा में कैद है। एतिहात के तौर पर प्रोजेक्ट भवन में तैनात कुछ पुलिस कर्मियों को हटा दिया गया है और नये तैनात किये गये हैं।

**विशेष शाखा ने दी रिपोर्ट**

- विशेष शाखा ने गुरुवार को पूरे मामले पर अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में भेज दी है। रिपोर्ट में क्या है, यह सार्वजनिक नहीं हो पाया है।
- संजीव लाल और उनकी पत्नी को आमने-सामने रख कर पूछताछ

---

# स्पीकर की चुनाव याचिका में डीसी जामताड़ा ने चुनाव संबंधित दस्तावेज नहीं किया जमा

**नाराज कोर्ट ने डीसी को किया तलब**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबींद्र नाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में डिस्टिक इलेक्शन ऑफिसर सह डीसी जामताड़ा की ओर से कोर्ट द्वारा 23 अप्रैल 2024 के आदेश से मांगे गये चुनाव से संबंधित दस्तावेज नहीं जमा किये गये। साथ ही डीसी जामताड़ा ने दस्तावेज जमा करने के लिए कोर्ट से 30 दिनों का समय देने को लेकर आवेदन दिया। उनके इस आवेदन को खारिज करते हुए कोर्ट ने अगली 16 मई को सुनवाई में दस्तावेज के साथ कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि आदेश का अनुपालन नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। कोर्ट ने डीसी जामताड़ा से 7 मई तक चुनाव से संबंधित कुछ दस्तावेज मांगे थे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मुकेश कुमार दुबे ने पैरवी की। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में प्रतिवादी रबींद्र नाथ महतो ने कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर अपनी गवाही दर्ज करायी थी। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि वह वर्ष 2005, वर्ष 2014 में और 2019 में नाला विधानसभा से चुनाव जीते थे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी ओर से स्वच्छ भागीदारी निभायी गयी थी। याचिकाकर्ता की ओर से पंपलेट छपवा कर दुष्प्रचार करने का जो आरोप लगाया गया है, वह गलत है। उन्होंने इस तरह का कोई पंपलेट नहीं छपवाया था। दरअसल, प्रार्थी ने चुनाव याचिका में कहा है कि रबींद्र नाथ महतो ने विधानसभा चुनाव के दौरान एक पंपलेट छपवाया था, जिसमें उनके खिलाफ चुनाव में दुष्प्रचार किया गया, जिससे उनका जनाधार खत्म हुआ है।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर बोलीं कल्पना सोरेन

# घर में सामने से घुस कर चोर दरवाजे से न जायें जांच एजेंसियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कल्पना मुर्मू सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कथित जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तारी को लेकर इडी पर तंज किया है। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी 2024 का दिन लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि षड्यंत्र के तहत किसी मुख्यमंत्री या किसी व्यक्ति को राजभवन से रात के अंधेरे में गिरफ्तार किया गया और राजभवन के पीछे के दरवाजे से ले जाया गया। कल्पना मुर्मु सोरेन ने संगीन आरोप लगाते हुए यह भी कहा है कि कहीं न कहीं इस षड्यंत्र में राजभवन भी शामिल था।



## कल्पना मुर्मू सोरेन ने बोला तीखा हमला

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को तार-तार करने वाली तानाशाही ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। गौरतलब है कि रांची के बड़गाईं अंचल में कथित तौर पर 8.6 एकड़ जमीन की अवैध दस्तावेजों के सहारे खरीद-फरोख्त के आरोपों में इडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले उनसे 20 जनवरी को भी पूछताछ हुई थी। उक्त केस में पूर्व मुख्यमंत्री को इडी ने 10 समन भेजा था। झारखंड मुक्ति मोर्चा शुरुआत से ही इसे राजनीतिक विद्वेष के तहत की गयी कार्रवाई बताता है।

### गांडेय सीट पर प्रत्याशी हैं कल्पना मुर्मू सोरेन

हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद, उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने सार्वजनिक राजनीतिक जीवन में कदम रखा। पहले तो उनको ही मुख्यमंत्री बनाये जाने की चर्चा थी, लेकिन परिवार के भीतर विरोध और तकनीकी दिक्कतों की वजह से ऐसा नहीं किया गया।

कल्पना फिलहाल, गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी हैं और लोकसभा चुनाव में भी इंडिया गठबंधन में झामुमो की तरफ से स्टार प्रचारक हैं। वह लगातार सभाएं करती हैं। लोगों से मिलती हैं। सार्वजनिक मंचों से दहाड़ती हैं। बीजेपी और केंद्र सरकार पर जम कर हमला बोलती हैं। इस दौरान कल्पना मुर्मू सोरेन ने मुंबई, दिल्ली और फिर रांची में इंडिया गठबंधन की तीन बड़ी रैलियों की संबोधित किया है।

उन्होंने कहा है कि यदि इडी या फिर कोई भी जांच एजेंसी हमारे घर में सामने से घुसती है, तो उसे सामने से ही निकलना भी चाहिए। चोर दरवाजे से नहीं। कल्पना मुर्मू सोरेन लगातार जनता के बीच हेमंत सोरेन का पक्ष लेकर जाती हैं। आरोप लगाती हैं कि हेमंत सोरेन को बीजेपी ने षड्यंत्र कर जेल भेजा।

# हेमंत की बड़ी बहन अंजनी ने भरा नामांकन

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्पना मौजूद थे**

**भाजपा और बीजेडी पर साधा निशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन की बेटी और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बड़ी बहन अंजनी सोरेन ने ओड़िशा के मयूरभंज लोकसभा सीट से जेएमएम उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। मयूरभंज सीट पर हेमंत सोरेन की बहन अंजनी सोरेन का मुकाबला बीजेपी के नबा चरण माझी और बीजेडी के सुदाम मरांडी से होगा। सुदाम कभी ओड़िशा में जेएमएम की कमान संभालते थे, इस बार बीजेडी ने उन्हे उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने इस बार मयूरभंज सीट से सांसद और केंद्रीय मंत्री विशेश्वर टुडू की जगह नबा चरण माझी को उम्मीदवार बनाया है। 2019 के चुनाव में भी अंजनी सोरेन मयूरभंज से चुनाव लड़ी थीं, तब उनको 1 लाख 35 हजार 552 वोट मिला था और वो तीसरे नंबर पर रही थीं। इस सीट पर इस बार कांग्रेस ने कोई उम्मीदवार नहीं दिया है और बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बदल दिया है, ऐसे में चुनाव दिलचस्प हो गया है।



झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन ने अंजनी सोरेन के नामांकन कार्यक्रम के बाद हुई जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवीन पटनायक के नेतृत्व में चल रही सरकार और केंद्र सरकार पर जम कर निशाना साधा। दोनों नेताओं ने मयूरभंज की जनता से अंजनी सोरेन को भारी मतों से जीताने की अपील की। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के सबसे बड़े नेता और झारखंड के पूर्व लोकप्रिय मुख्यमंत्री को बीजेपी ने साजिश करके जेल में डाल दिया है। इस बार वोट की चोट से केंद्र में सरकार को बदलना है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अंजनी सोरेन के समर्थन हो रही सभा के अलावा सिंहभूम में भी जेएमएम उम्मीदवार जोबा मांझी के समर्थन में सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के राजनगर में सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोल्हान की धरती पर हो रहे इन कार्यक्रमों में जो जन-समर्थन इंडिया गठबंधन को मिल रहा है, वह ना सिर्फ झारखंड, बल्कि पूरे देश में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। कई दशकों के आंदोलन के बाद, जब झारखंड राज्य बना तो यहां के आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों की उम्मीदें जगीं। लेकिन अफसोस, यहां अधिकतम समय तक राज करने वाली भाजपा ने सिर्फ राज्य की खनिज संपदा को लूट कर, बाकी राज्यों को समृद्ध बनाने का काम किया। खनिज पदार्थों के मामले में सबसे समृद्ध इस राज्य के नागरिकों को, उनके हाल पर छोड़ दिया गया।

# सीता सोरेन अचानक पहुंचीं शिबू सोरेन आवास

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका ।** झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू और दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन ने परिवार और पार्टी से बगावत कर भाजपा का दामन थाम लिया, भाजपा ने दुमका लोकसभा सीट से सुनील सोरेन का टिकट काटकर सीता सोरेन को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतार दिया।

झामुमो में रहते सीता सोरेन का आशियाना दुमका के खिजुरिया स्थित शिबू सोरेन आवास रहा, लेकिन भाजपा में जाने के बाद जब सीता सोरेन दुमका पहुंची, तो शिबू सोरेन आवास के बदले किराये के घर में रहना शुरू किया, शुक्रवार को सीता सोरेन नामांकन करने वाली हैं और गुरुवार को अचानक खिजुरिया स्थित शिबू सोरेन के आवास पहुंच गयीं, उन्होंने आवास में मंत्री बसंत सोरेन से मुलाकात की। लेकिन क्या बात हुई सीता सोरेन बताने से मुकर गयी। इस मुलाकात को



बसंत सोरेन भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। इधर इस मुलाकात से चर्चा का बाजार गर्म है। कहीं इस आवास दौरा के राजनीतिक मायने तो नहीं है। शुक्रवार को सीता सोरेन भाजपा प्रत्याशी के रूप में दुमका से नामांकन करेंगी। बाबूलाल साथ रहेंगे।

### हजारीबाग लोकसभा में भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर

# भाजपा के उम्मीदवार को मोदी के नाम का भरोसा तो कांग्रेस उम्मीदवार को जातिगत समीकरण पर विश्वास

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को वोट पड़ेंगे। इस बार चुनाव में 17 उम्मीदवार मैदान में हैं। मगर मुख्य लड़ाई भाजपा के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जय प्रकाश भाई पटेल में हैं। जहां मनीष जायसवाल हजारीबाग सदर विधानसभा के विधायक हैं, वहीं जय प्रकाश भाई पटेल मांडू विधानसभा के विधायक है। भाजपा उम्मीदवार को आजसू, जदयू और लोजपा का समर्थन प्राप्त है, वहीं जेपी पटेल को जेएमएम, राजद, आप, माले, मासस का साथ मिला है। इस बार हजारीबाग लोकसभा में नेक टू नेक फाइट है। भाजपा प्रत्यासी मनीष जायसवाल जंहा डोर टू डोर कैम्पेन कर रहे है, वंही कांग्रेस के जेपी पटेल गली गली वोटरों को लुभाने में दिन रात पसीना बहा रहे



है। अब देखना दिलचस्प होगा कि कौन कितना वोटरों को लुभाने में सफल हो पाता है। फिलहाल ऊंट कभी इस करवट तो कभी उस करवट बैठता दिखाई पड़ रहा है। भाजपा उम्मीदवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का भरोसा है, तो कांग्रेस उम्मीदवार को जातिगत समीकरण पर विश्वास है। दोनो



पार्टियों की बात करें तो जंहा भाजपा के पास समर्पित कार्यकर्ता के साथ पूर्व विधायक मनोज यादव का साथ मिल रहा है, वंही कांग्रेस के पास बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, झामुमो नेता संजीव बेदिया जैसे सेनापती का भरपूर साथ मिल रहा है।

भाजपा की सबसे बड़ी ताकत अभी उनके प्रत्याशी मनीष जायसवाल खुद हैं। वे लगभग 68 दिनो से क्षेत्र में जनसंपर्क चला रहे हैं और लोगों से मिल रहे हैं। उनके पास समस्याओं को वक्त पर सुलझाने की सारी कलाएं मौजूद है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी भी कम समय में जनसंपर्क चला कर लोगों के दिलो में जगह बनाने में सफल हो गए हैं। भाजपा की कमजोरी उनके पार्टी से लगातार पुराने कार्यकर्ताओ का पार्टी छोड़ना है, वहीं कांग्रेस के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओ का चुनाव में एक्टिव नही दिखना भी कांग्रेस को परेशानी में डाल सकता है। जो भी हो मगर इस बार हजारीबाग लोकसभा में भाजपा और कांग्रेस के बीच जोरदार और सीधी टक्कर है।

# छठा चरण: चार संसदीय क्षेत्र में बचे 93 प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने बताया है कि छठे चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में अब 93 प्रत्याशी रह गये हैं। गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से गुरुवार को दो लोगों ने अपना नाम वापस लिया। यहां अब 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से किसी ने भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 1 उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। यहां अब 25 उम्मीदवार बचे हैं। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रही थीं।

उन्होंने बताया कि सातवें चरण



के चुनाव में नामांकन के तीसरे दिन भी दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन नहीं किया है। राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब तक तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी अभी तक 3 लोगों ने उम्मीदवारी का पर्चा भरा है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा 1 अरब, 13 करोड़ 69 लाख तक पहुंच चुका है।

### चौथे चरण की 15 हाई प्रोफाइल सीटें : कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा लगी है दांव पर

# 5 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री व दो क्रिकेटर मैदान में

**12 साल बाद कन्नौज से चुनाव लड़ रहे अखिलेश यादव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 13 मई को लोकसभा के चौथे चरण का चुनाव होगा। 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर 1717 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाता करेंगे। इसी चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा। चौथे चरण में पांच केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर लगी है।

### उजियारपुर लोकसभा

बिहार की उजियारपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने आलोक कुमार मेहता को उतारा है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की टिकट पर मोहन कुमार मौर्या चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर पांच निर्दलीय समेत कुल 13 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### बेगूसराय लोकसभा

बिहार की बेगूसराय लोकसभा सीट पर सबकी निगाहें हैं। यहां से केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह के सामने बसपा ने चंदन कुमार दास और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने अवधेश कुमार राय को उतारा है। इंडी गठबंधन के तहत यह सीट सीपीआई के खाते में गई है। यहां तीन निर्दलीय समेत कुल 10 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### खीरी लोकसभा

उत्तर प्रदेश की खीरी लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने समाजवादी पार्टी ने उत्कर्ष वर्मा 'मधुर' और बसपा ने अंशय कालरा को उतारा है। यहां दो निर्दलीय समेत कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मुकाबले में हैं।

### खूंटी लोकसभा

झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने काली चरण मुंडा और बसपा ने सावित्री देवी को अपना प्रत्याशी बनाया है। दो निर्दलीय समेत कुल सात प्रत्याशी चुनावी मुकाबले में हैं।

### सिकंदराबाद लोकसभा सीट

हैदराबाद से सटी तेलंगाना की



सिकंदराबाद लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस से दानम नागेंद्र, बसपा से बस्वानंदम दांडेपु, बीआरएस से पद्म राव टी की चुनौती है। 27 निर्दलीय समेत कुल 45 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### सिंहभूम लोकसभा

झारखंड की सिंहभूम लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। दरअसल, भाजपा ने उनकी पत्नी गीता कोड़ा को अपना प्रत्याशी बनाया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जोबा माझी और बसपा ने परदेशी लाल मुंडा को उतारा है। पांच निर्दलीय समेत कुल 15 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### हैदराबाद लोकसभा

देश की सबसे हॉट सीटों में हैदराबाद की गिनती होती है। इस बार यहां भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ माधवी लता को उतारा है। कांग्रेस ने मोहम्मद वलीउल्लाह समीर, बसपा ने केएस कृष्णा और भारत राष्ट्र समिति ने श्रीनिवास यादव गड्डाम को टिकट दिया है। यहां सात निर्दलीय समेत कुल 30 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### करीमनगर लोकसभा सीट

तेलंगाना की करीमनगर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बंदी संजय कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने बसपा से मारेपल्ली मोगिलैया, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने विनोद कुमार बोइयानापल्ली और कांग्रेस ने वेल्चला राजेंद्र राव पर दांव खेला है। यहां 15 निर्दलीय समेत कुल 28 प्रत्याशी चुनावी मुकाबले में हैं।

### बीड़ लोकसभा

महाराष्ट्र की बीड़ लोकसभा सीट पर सबकी निगाहें हैं। इसकी वजह है कि यहां से भाजपा की टिकट पर पंकजा मुंडे चुनाव में उतरी हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( शरद चंद्र पवार) से बजरंग मनोहर सोनवाणे और बसपा से सिद्धार्थ राजेंद्र टकनकर चुनाव लड़ रहे हैं। 29 निर्दलीय समेत कुल 41 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### कन्नौज लोकसभा

उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 12 साल बाद चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने भाजपा की टिकट पर मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक हैं। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी इमरान बिन जफर पर दांव खेला है। सात निर्दलीय समेत कुल 15 प्रत्याशी कन्नौज के चुनावी रण में उतरे हैं।

### बहरामपुर लोकसभा सीट

पश्चिम बंगाल की बहरामपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के बड़े नेता अधीर रंजन चौधरी चुनाव मैदान में हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने क्रिकेटर यूसुफ पठान पर दांव लगाया है। भाजपा की टिकट पर निर्मल कुमार साहा उतरे हैं। बहरामपुर में बसपा ने संतोष विश्वास पर भरोसा जताया है। छह निर्दलीय समेत कुल 15 प्रत्याशी चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### कृष्णानगर लोकसभा सीट

पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट हॉट सीट बनी हुई है। यहां से टीएमसी की टिकट पर महुआ मोइत्रा चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने राजा कृष्णचंद्र राय के परिवार की सदस्य अमृता राय को अपना प्रत्याशी बनाया है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से एसएम सादी चुनाव मैदान में हैं। यहां पांच निर्दलीय समेत कुल 11 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### बर्धमान लोकसभा

क्रिकेटर कीर्ति आजाद टीएमसी की टिकट पर यहां से चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ भाजपा ने दिलीप घोष को उतारा है। बसपा की टिकट पर प्रभुनाथ साह और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से सुकृति घोषाल भी चुनावी मुकाबले में हैं। बर्धमान में दो निर्दलीय समेत कुल आठ प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### आसनसोल लोकसभा

पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद शत्रुघ्न सिन्हा टीएमसी की टिकट पर दूसरी बार मैदान में हैं। भाजपा ने एसएस अहलुवालिया को उनके खिलाफ उतारा है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से जहांआरा खान और बसपा से सन्नी कुमार साह चुनाव लड़ रहे हैं। दो निर्दलीय समेत कुल सात प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### उन्नाव लोकसभा

उत्तर प्रदेश की उन्नाव लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद साक्षी महराज तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। सपा ने पूर्व सांसद अन्नू टंडन और बसपा ने अशोक कुमार पांडेय को अपना प्रत्याशी बनाया है। यहां तीन निर्दलीय समेत कुल आठ प्रत्याशी चुनाव में हैं।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# मनीष जायसवाल ने बरही के बीस गांवों में किया जनसंवाद, मांगा वोट

**बरही में खूब गूंजा मोदी-मनीष का नारा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में अब महज 10 दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में सभी प्रत्याशियों ने मैदान में चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। चुनाव कार्यालय और प्रचार गाड़ी भी मैदान में दिखने लगे हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ऐसे तो पिछले 67 दिनों से अनवरत क्षेत्र में दस्तक दिए हुए हैं और लगातार क्षेत्र में तुफानी जनसंपर्क अभियान चला रहें हैं। मनीष जायसवाल गुरुवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के 11 पंचायत के कुल 20 गांवों का तुफानी जनसंपर्क कर जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने अपने तूफानी दौरे की शुरूआत रानीचुवां पंचायत के ग्राम चलंगा से जनसंवाद कर किया। जिसके बाद चतरो, बरियाट्ठा, श्रीनगर, बरसोत, कोरियाडीह, दुलमाहा, लखना, बूढ़ीडीह, सिंहपुर, कारीमाटी, पडिरमा, डूमरडीह, बरहीडीह, लस्करी, फुरहारा, बेन्दगी, रसोईया धमना, पौडैया और बरही चौक का सघन दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में आशीर्वाद मांगा। इस दौरान सभी गांवों में लोगों लोगों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव का गाजे-बाजे और ढोल-ताशे के साथ फूल माला पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि पिछले करीब 2 महीने में मैंने बतौर प्रत्याशी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 1200 से अधिक गांव से संपर्क साधा है। पूरा क्षेत्र भाजपामय है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने को लेकर जनता आतुर दिख रही है। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जनसंवाद के दौरान लोगों को यह भी समझाया कि आगामी चुनाव में आप वोट किसे और क्यों दें। मनीष जायसवाल ने लोगों से आग्रह किया कि सोच समझकर राष्ट्र और अपने भविष्य की चिंता करते हुए आगामी 20 मई को पहले मतदान फिर जलपान करें। उन्होंने यह भी कहा की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री और मुझे अपना सांसद चुनने के लिए भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर इवीएम के क्रम संख्या 02 में बटन जरूर दबाएं। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में दौर में उनके साथ चल रहे बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की मनीष जायसवाल उम्मीदवार नहीं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के परिवार हैं और अपने परिवार का सांसद बनाएं ताकि अपनों का ख्याल बेहतरी से रख सकें। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, हरेंद्र गोप, छोटन गोप, सुभाष यादव, सुधीर यादव, लालजी यादव, भीम यादव, महेश यादव, भगीरथ यादव, पंसस कामेश्वर पासवान, देवेंद्र यादव, विनोद यादव, शंकर रविदास, महाविर रविदास, सहदेव रविदास, विजय राणा, महदेव यादव, नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू पंडित, शिव शंकर उर्फ पच्चू, भूपेंद्र यादव, रंजन चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।



## लग्जरी बस में बांध कर बंगाल ले जायी जा रही थी गाय

**चौपारण (आजाद सिपाही)।** बिहार से बंगाल जा रही एक लक्जरी बस को बुधवार आधी रात के बाद जब पुलिस ने चेकिंग के लिए चौपारण थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर रोका, तो पुलिस की आंखें फटी की फटी रह गयीं। यह क्या, बस में यात्रियों की जगह ढेर सारी गायें लोड थीं। मतलब साफ था, जीटी रोड पर अब पशु तस्कर ट्रक के बजाय लक्जरी यात्री बसों से पशु की तस्करी करने लगे हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात्रि में पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गौ तस्करों के द्वारा एक ब्लू रंग की रॉकी नामक बस में गौवंशीय पशुओं को लोड कर तस्करी करने हेतु बिहार से बंगाल की वधशालाओं में ले जाया जा रहा है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानेदार ने एक छापामारी दल का गठन किया। उसमें थाना प्रभारी के अलावा पुअनि निलेश कुमार रंजन, चौपारण थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। इसी दरम्यान समय करीब 02:05 बजे रात बिहार की ओर से एक ब्लू रंग की बस आती हुई दिखी, जिसके चालक को वाहन चेकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया, परंतु बस का चालक वाहन को रोकने के बजाय बस को और तेजी से चलाते हुए चोरदाहा चेकपोस्ट में लगी वैरिकेटिंग को तोड़ते हुए चौपारण की ओर भागने लगा। बस की जांच करने पर पता चला कि बस के अंदर की सारी सीटें हटा कर उसमें क्षमता से अधिक क्रूरतापूर्वक गौवंशीय पशुओं का पैर एवं मुंह बांध कर कुल 25 गौवंशीय पशुओं को बस के अंदर जबरन ठूंस-ठूंस कर छोटी सी जगह में लोड किया गया है तथा जानवरों को क्रूरतापूर्वक बांधने के कारण उनकी गर्दन एवं नाक से खून बह रहा है, जिसमें से एक जानवर मृत पाया गया।

## आजसू भाजपा गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने लिया मनीष जायसवाल को जीताने का संकल्प



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी और आजसू एनडीए गठबंधन की तलसवार पंचायत स्तरीय संयुक्त बैठक कजरू चौक स्थित सुरेश महतो की आवास में की गयी, जिसमें पंचायत अंतर्गत कोयलंग परेवातरी, निमियांटोला, लमकीटांड, तलसवार, टीकरीटांड, दिपदहा, बगाही, पलांडु, सोहादी के दर्जनों आजसू भाजपा गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और एक स्वर में एनडीए गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में भारी से भारी संख्या में इवीएम मशीन के क्रम संख्या 2 कमल निशान पर मतदान करवाने का संकल्प लिया। वहीं पन्ना प्रमुखों और बुथ अध्यक्षों को डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाने का का दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में कई लोगों ने अपने विचारों को प्रकट कर कहा कि हमलोगों को सौभाग्य की बात है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार को लोकसभा का टिकट दिया है जिस प्रकार विधानसभा में उनको गरजते हुए देखा है अब लोकसभा में भी हजारीबाग क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुखर होंगे। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, राहुल कुमार, उज्जवल कुमार, एसी मोर्चा अध्यक्ष जागेश्वर तुरी, मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर, आजसू पार्टी से नागेश्वर तुरी, नारायण प्रसाद, राथो गंझु, सुनील राज, अजय कुमार, बुथ अध्यक्ष विनय कुमार, जयनाथ महतो, अमन गंझू, पंचायत संयोजक सुरेश महतो, सहसंयोजक जागेश्वर राणा, बिसुनदेव राणा, किसुन तुरी, ईश्वरी महतो समेत कई एनडीए गठबंधन कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

## जेपी पटेल के पक्ष में भेलवारा में नुक्कड़ सभा



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा में नुक्कड़ सभा और बूथ कमिटी का गठन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी गुरु प्रसाद, हिरामन महतो, और महताब हुसैन ने उपस्थित लोगों को इंडिया महागठबंधन के घोषणा पत्र की जानकारी दी गयी साथ ही साथ पिछले दस वर्षों के शासनकाल में भाजपा की जनविरोधी नीति को उजागर किया गया। मौके पर गंगाधर महतो, विनोद साव, महेंद्र कुमार, अशोक मरांडी, दिनेश मंडल, साहेब राम, रामकीशोर महतो, गंगो महतो, सुरेश प्रसाद, चेतलाल महतो, झमन महतो मिथलेश महतो, दिलेश्वर महतो, नारायण महतो, प्रकाश महतो, लालजी महतो, प्रमोद महतो, सुखदेव मंडल, संतोष मंडल, निशांत मंडल, दिलीप हंसदा, इंदर गांझू, बंधन महतो, भुनेश्वर महतो, जयनंदन महतो, जीबाधन महतो, चेतलाल महतो , सिकेंद्र महतो, पिंटू महतो, राम विलास महतो, अशोक महतो, मनोज मुर्मू, राजेश हंसदा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, पति घायल

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** जयनगर थाना अंतर्गत कटहाडीह पुल के समीप मोटरसाइकिल पर पेड़ के गिर जाने से महिला की मौत हो गयी, वहीं पति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार की सुबह 6 बजे की है। मृतका की पहचान दुलारी देवी (उम्र 48 वर्ष) के रूप में हुई, वहीं महिला का पति छोटेलाल रजक (52, पिता केलाराम रजक, ग्राम मोदी मोहल्ला, जयनगर) घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाइक में दोनों अपने पुत्र सचिन रजक के साथ सवार होकर चंदवारा से जयनगर घर जा रहे थे। कटहाडीह के पास अचानक एक पेड़ बाइक पर बैठी महिला के ऊपर गिर गया। घटना में महिला और पति गंभीर रूप से घायल हो गये। इन्हें सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही महिला की मौत हो गयी। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं पति का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

# जेपी पटेल का बड़कागांव प्रखंड में जनसंपर्क

**युवाओं को जेल और लाठियां नहीं, नौकरी मिलेगी : जेपी पटेल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने गुरुवार को बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने जनसभा और डोर टू डोर कैंपेन कर ग्रामीणों से हाथ छाप पर बटन दबा कांग्रेस को वोट करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की नीतियों से जनता अब तंग आ चुकी है। नौजवान, किसान, जवान, महिला सभी लोग परेशान है। देश में बदलाव की लहर है और हजारीबाग का राजनीतिक माहौल इसका उदाहरण है। उन्होंने बड़कागांव की सबसे बड़ी समस्या विस्थापन पर बात करते हुए कहा कि जैसे ही केंद्र में कांग्रेस की सरकार आयेगी, सर्वप्रथम विस्थापन की नीतियों में सुधार लाया जायेगा। अब बड़कागांव के युवाओं को जेल और लाठी नहीं बल्कि पक्की नौकरी और बेहतर जीवन मिलेगा।

जनसंपर्क के दौरान बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद भी श्री पटेल के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने जेपी पटेल के बड़कागांव पहुंचने पर समर्थकों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया और क्षेत्र के लोगों से उन्हें वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील की।

जनसंपर्क अभियान में झामुमो केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक हजारीबाग संजीव बेदिया, संजय सिंह, विशेश्वर चौबे, झमन, राजेश गुप्ता, पदम साव, संजय भुईयां, हेमंत भुइयां, सरोज मेहता, प्रभू भुईयां, नंदकिशोर भुईयां, इंदरदेव राम, राजेश गुप्ता, राजेश रजक, कुलेश्वर राम, रविन्द्र गुप्ता, प्रभु राम, दिपु साव, बाबुलाल साव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।



## दारु में झारखंड पार्टी चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**दारु /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को दारु चौक मे किया गया। मौके पर झारखंड पार्टी के प्रत्याशी राजकुमार उर्फ (बबलू कुशवाहा), पार्टी के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार, भैया संतोष कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन से पूर्व राजकुमार कुशवाहा का कार्यकर्ताओं औश्र ग्रामीणों के द्वारा गर्मजोशी के फूलमाला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। राजकुमार कुशवाहा ने अपने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आज हम जैसे और आप जैसे युवा पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है तभी देश का विकास हो सकता है। पिछले 10 वर्षों में हजारीबाग क्षेत्र का कोई भी विकास का कार्य नही हुआ है सिर्फ और सिर्फ विकाश के नाम पर ठगने का काम किया गया है। इस मौके पर सरवन सुंडी, निरंजन यादव, हीरालाल साव, राकेश सिन्हा, नरेश शर्मा, छोटन शर्मा, संजय यादव, प्रमोद पासवान, निहाल सिंह, मनोज शर्मा, उपेंद्र पासवान, मनोज रवानी, दिनेश पासवान, विकाश कश्यप, प्रभाकर सिन्हा, सोनू सिन्हा, नंदू ठाकुर, राजेश राणा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## आचार संहिता लागू होने के बाद अवैध शराब को लेकर 166 मामले दर्ज



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लोक सभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड, रांची और जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के चौर्य व्यापार विनिर्माण और बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रतिदिन सघन छापामारी अभियान चलाते हुए सफलतापूर्वक अभियोग कार्य किया जा रहा है। उक्त जानकारी उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के तिथि 16 मार्च से अब तक कुल दर्ज अभियोग 166 हैं। जब्त प्रदर्श अवैध विदेशी शराब 442.230 लीटर, अवैध बीयर 383.650 लीटर, अवैध चुलाई शराब 4020.500 लीटर, अवैध जावा महुआ 52150 किग्रा, अवैध देशी शराब–0.540 लीटर और अवैध स्पिरिट–4200 लीटर है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि लोक सभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कोडरमा जिले में आगे भी अवैध मदिरा के चौर्य व्यापार, विनिर्माण और बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रतिदिन सघन छापामारी अभियान चलाते हुए अभियोग कार्य जारी रहेगा। लोक सभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कोडरमा जिले में अवैध मदिरा के चौर्य व्यापार, विनिर्माण और बिक्री से संबंधित और जिला में संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री एमआरपी से अधिक मूल्य पर किये जाने की शिकायत उत्पाद पदाधिकारियों के मोबाइल 9973520964, 969179517, 7903138432 और 7004398788 पर दर्ज की जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जायेगी।

## विनोद सिंह के पक्ष में चला जनसंपर्क अभियान



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** इंडिया गठबंधन के समर्थित कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी कॉ बिनोद सिंह को भारी बहुमत से जिताने को लेकर गुरुवार को राजद, कांग्रेस, जेएमएम और माले कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान दसारो खुर्द पंचायत के कुशहना, खेरोन, पुरनी बखरी, डुमराडीहा, मरकचो मध्य के बाजार मुहल्ला, बड़ा अखाड़ा, चौक मुहल्ला, दरगाह मोहल्ला मरकचो दक्षणी पंचायत के भोजपुर, नादकरी, मेहतारिया अहरी, रोशन बागी आदि गांवो का दौरा कर गठबंधन के बिनोद सिंह के चुनाव चिह्न झंडे मे तीन तारा निशान पर बटन दबा कर भारी मतो से विजय बनने का अपील किया। मौके पर प्रमुख विजय सिंह, जे एम एम प्रखंड अध्यक्ष दीवाकर तिवारी, राजद के सरफराज खान, मनिंदर राम, भुनेश्वर यादव, अशोक दास, बिनोद साव, बबलू यादव, राजू यादव, कृष्णा साव, जे एम एम के मो खलील, अफजल मियाँ, बिनोद यादव, बिटटू यादव, कुंदन सिंह, कालेसर सिंह, दिनु यादव आदि लोग मौजूद थे।

## स्वीप कोषांग चला रहा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग कोडरमा के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के द्वारा होटलों एवं रेस्टोरेंट में स्वीट्स के डिब्बों व पार्सल पर मतदाता जागरूकता से संबंधित स्टीकर व लेखन कर मतदाताओं को 20 मई 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावे स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों ने आमंत्रण पत्र, मेंहदी, बैच मेंकिंग, चुनावी पाठशाला, वाद-विवाद समेत अन्य गतिविधियों का शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।

## बड़कागांव में भाजपा पश्चिमी मंडल की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव भाजपा चुनाव कार्यालय में नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बड़कागांव पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने किया।बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि सिमरिया में 11 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में बड़कागांव प्रखंड से हर बूथ कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके लिए चार क्लस्टर का निर्माण किया गया है। जिसमें प्रथम क्लस्टर में चेपा कलां, सिंदवारी, डाड़ी पंचायत है। इसका प्रभारी कैलाश साव, दूसरा क्लस्टर सिरमा सीकरी कांड़तरी पंचायत है। इसका प्रभारी मुखिया पारसनाथ प्रसाद है। तीसरा क्लस्टर बड़कागांव मध्य पंचायत, पूर्वी पंचायत और पश्चिमी पंचायत है। इसका प्रभारी मुखिया रंजीत कुमार है। चतुर्थ क्लस्टर सांढ़, चंदोल, महुगाईकला है। इसका क्लस्टर राजीव रंजन को बनाया गया है। बैठक के बाद बड़कागांव सांढ, छपेरवा, शीबाडीह, महुद्दी, सदाबहिया, सोनपुरा, अंगो, पलांडू, समेत दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने कहा कि मोदी और राम जी के नाम पर मतदाता मनीष जायसवाल को वोट करें। भाजपा ओबीसी जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी ने कहा कि इस बार भाजपा को चार सौ सीट प्राप्त होगी। इसके बाद झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी।अ ोबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ बालेश्वर महतो ने कहा कि हिंदुत्व की संस्कृति को बचाने के लिए कमल छाप पर बटन दबाए। मनीष जायसवाल सांसद बनेंगे तो विस्थापन की समस्या का हल होगा। मौके पर मुखिया पारसनाथ प्रसाद, मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष डॉ बालेश्वर महतो, ओबीसी मोर्चा के महामंत्री महेंद्र ठाकुर, पूर्व उप मुखिया नरसिंह प्रसाद, अवधेश पांडेय, शिव शंकर उर्फ शिबू कुमार, उदय मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार, मनीष पांडेय, आदि शामिल थे।

## दरिया चौक पर इंडिया गठबंधन की बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्तरी जोन दरिया चौक में इंडिया गठबंधन की बैठक कुशलचंद मेहता की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान उपस्थित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओ ने बिनोद सिंह को जीताने का संकल्प लिया। साथ ही झंडे पर तीन तारा छाप पर वोट देने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य रूप से बरकट्ठा विधानसभा संयोजक दिगंबर कुमार मेहता, ओबीसी कांग्रेस प्रदेश सचिव रेणु देवी उपस्थित हुई। इस दौरान जगजीवन प्रसाद मेहता को उत्तरी पूर्वी जोन का संयोजक बनाया गया। राजेश प्रसाद मेहता, संतोष प्रसाद मेहता को सहसंयोजक बनाया गया। मौके पर अरुण प्रसाद, डॉ बैजनाथ मेहता, मुन्नी मेहता, संतोष मेहता, राजेंद्र मेहता, विनय मेहता, नागेश्वर प्रसाद मेहता, प्रोफेसर राजेंद्र यादव, किशोर प्रसाद मेहता, सीताराम मेहता, बीरबल मेहता, अशोक प्रसाद मेहता, मोहम्मद मांसारुद्दीन अंसारी, सफीक अंसारी, इजहार अंसारी, किशोरी प्रसाद मेहता, सुरेश राम, महेंद्र राम, शिवनारायण मेहता, माले के बीन सिंह, लोकनाथ मेहता, शिव सिंह, विजय मेहता, राजद अध्यक्ष प्रदीप मेहता, जिला महासचिव बसंत नारायण मेहता, कामेश्वर मेहता, कांग्रेस के जिला सचिव मनोज मेहता, जिला सचिव कृष्णा कुशवाहा, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष अशोक ठाकुर समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार पहुंचे कोडरमा, कहा वरिष्ठ ैर दिव्यांग के लिए मतदान केंद्र पर विशेष व्यवस्था

**सभी मतदान केन्द्रों पर शेड और शीतल पेय जल**

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम चुनाव में मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। मतदान केंद्र पर आने में 85 प्लस आयु वर्ग के असमर्थ मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। वहीं मतदान केंद्र तक आने में असमर्थ वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं के लिए ऑटो, टोटो की व्यवस्था करायी गयी है। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। संभावित गर्मी को देखते हुए हरेक मतदान केंद्रों पर शेड के साथ साथ शीतल पेयजल की व्यवस्था की जायेगी। इन सभी सुविधाओं की सूचना से मतदाताओं को अवगत कराने का निर्देश राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने दिया। वह गुरुवार को कोडरमा जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने पिछले चुनाव में कम मतदान वाले कोडरमा के मतदान केन्द्रों पर जाकर निर्वाचन कार्य कर रहे बीएलओ से मतदान केन्द्र की न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा की गयी तैयारियों और भरे गये विभिन्न प्रपत्रों, अब्सेंट, शिफ्ट, मृत (एएसडी) सूची, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह और वालेंटियर से संबंधित सूची का अवलोकन किया। साथ ही वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप के वितरण की अद्यतन स्थिति को जाना और इस कार्य में गति लाकर शीघ्र वितरण सुनिश्चत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने वालेंटियर और मतदान केंद्र जागरूकता समूह के सदस्यों से बातचीत कर मतदान के दिन उनके दायित्वों के संबंध में जाना। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुमार ने मतदान कक्ष का निरीक्षण कर वहां पंखा और लाइट की सुविधा के साथ मतदान पदाधिकारी और पोलिंग एजेंट को बैठाने की तैयारी को जाना। उन्होंने शौचालय में रनिंग वाटर कनेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कोडरमा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के मतदान केंद्रों राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय और बेलाटांड़ स्थिति विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार आदि उपस्थित थे।



आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 मई, 2024
www.azadsipahi.in
05

## पेज 01 का शेष

### आलमगीर आलम की तरफ सूई...

ससुरालवालों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली गयी। साथ ही परिवारवालों की संपत्ति का ब्योरा भी लिया गया। इडी के अधिकारी ने यह जानने की कोशिश की कि अवैध वसूली की जानकारी उन्हें थी या नहीं।

**सब कुछ कबूल लिया है संजीव लाल ने :**
जेपीएससी सेकेंड बैच के अधिकारी और मंत्री का ओएसडी संजीव लाल ने ग्रामीण विकास विभाग में कमीशन के खेल की पूरी जानकारी इडी के अधिकारियों को दे दी है। तीन से 15 प्रतिशत तक हर टेंडर में कमीशन की वसूली की बात स्वीकारी है। साथ ही इडी के अधिकारियों को यह भी बताया है कि किन-किन राजनेताओं और राज्य के अधिकारियों को पैसा पहुंचता था। ओएसडी ने पूछताछ के दौरान बताया है कि ठेकेदारों को अपना कमीशन एयर बैग में लाने को कहा जाता था। उस बैग में संबंधित ठेकेदार का नाम रहता था। टेंडर देने के पहले किससे कितना पैसा लेना है, इसकी जानकारी सबों को होती थी। अभी पांच दिन और ओएसडी से पूछताछ होगी। पूछताछ ओएसडी के नौकर जहांगीर आलम से भी हुई। उसने बताया कि उसे पता था कि कमीशन की वसूली होती है, लेकिन किन-किन लोगों को पैसा मिलता है, इसकी जानकारी नहीं है।

**सात हजार का टी शर्ट पहनता था ओएसडी का नौकर :**
रांची। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम करोड़पति निकला। छापामारी के क्रम में उसके यहां से टी शर्ट खरीदने का बाउचर मिला है। बाउचर के मुताबिक एक टी शर्ट की कीमत सात हजार रुपये है। वहीं टी शर्ट वह छापामारी के दिन भी पहने हुए था। संजीव लाल से करीब 15 साल पुराना रिश्ता उसका है। वह पहले एक कंपनी का एमआर था। एमआर होने के दौरान ही संजीव लाल से इसकी पहचान हुई। इस मुलाकात के बाद ही उसका भाग्य पलटा। धीरे-धीरे वह अधिकारी के काले कारनामे में शामिल हो गया। दो कीमती कार इसके नाम खरीदी गयी है। साथ ही गाड़ीखाना सैयद रेसीडेंसी अपार्टमेंट में एक फ्लैट भी है। इस फ्लैट का उपयोग अवैध तरीके से वसूली गयी रकम को रखने के लिए किया जाता था। जहांगीर उसका केयर टेकर था। उसे इस बात की छूट थी कि वह अपने ऊपर जितना चाहे पैसा खर्च कर सकता है। उसके बैंक एकाउंट में भी लाखों रुपये मिले हैं। उसे फ्रीज करने की तैयारी भी है।

### मोदी 11 को, अमित और राजनाथ ...

अमित शाह खूंटी में भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा की चुनावी सभा में शामिल होंगे। वहीं, राजनाथ सिंह राज्य में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वह बोकारो में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद गोड्डा से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे के नामांकन में मौजूद रहेंगे। पर्चा दाखिल करने के बाद वह रोड शो करेंगे, फिर चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। भाजपा के स्टार प्रचारकों में शामिल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शुक्रवार को झारखंड आयेंगे। इस दिन वह खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा के क्षेत्रों में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

## ससुर ने बहू के साथ दुष्कर्म करने का किया प्रयास, गया जेल

**भदानीनगर (आजाद सिपाही)।** भदानी नगर ओपी क्षेत्र के महुआ टोला में रिश्ते को शर्मसार करने वाला खबर सामने आया। अपने बेटे की गैरमौजूदगी में एक पिता ने अपनी बहु को हैवानियत का शिकार बनाया है। जानकारी के अनुसार महुआटोला निवासी निवासी निजाम अंसारी पिता स्व. क्यूम अंसारी के दोनों बेटे रोजाना की तरह बुधवार की सुबह काम करने गये हुए थे। जबकि निजाम अंसारी खुद उसी फैक्ट्री से नाइट शिफ्ट करके घर लौटा था। इस दौरान बुधवार की दोपहर बड़े बेटे की पत्नी को अकेली पाकर निजाम ने जोर-जबरदस्ती करते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पति के घर लौटने पर पीड़िता ने आपबीती सुनाई। जिसके बाद पति के साथ भदानीनगर ओपी पहुंची पीड़िता ने पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले में पतरातू थाना कांड संख्या 124/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिसिया कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच और मजिस्ट्रेट के समक्ष 164 का बयान दर्ज कराने के लिए ले जाया गया है। बताया जाता है कि आरोपी की पत्नी का हाल में ही निधन हुआ है।

## रामगढ़ में एनडीए प्रत्याशी का स्वागत



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक विक्रांत गुप्ता और उनके समूह के सदस्यों द्वारा एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग लोक सभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी मनीष जायसवाल को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की ओर से अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। साथ ही रामगढ़ जिला की सक्रीय और चर्चित कर्णधार सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर मनीष जायसवाल को सम्मानित किया गया। मनीष जायसवाल ने संस्था की प्रशंशा करते हुए कहा कि आये दिन संस्था के सदस्यों को जरूरतमंदों की मदद करते देखा जाता है। जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने समूह के कार्यों की महत्ता को बताया। मिलन समारोह को सफल बनाने में प्रकोष्ठ के मनोज विश्वदीप, रणजीत गुप्ता, प्रकाश महली, सुजीत कुमार, लक्समी बेसरा, विवेक कुमार, संजय चौधरी, राजेश जायसवाल और कर्णधार के अन्य सदस्य शामिल थे।

## 11 मई को मोदी की सभा में शामिल होंगे भाजपाई



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपाईयो ने मांडू प्रखंड एनडीए चुनाव कार्यालय, कुजू में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह व संचालन महामंत्री अशोक कुमार महतो व धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि साहू ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा संयोजक रंजीत कुमार सिन्हा, सह संयोजक प्रो खिरोधर साहू, रामगढ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, मांडू मंडल प्रभारी बलराम महतो, मांडू मंडल संयोजक मन्नू महतो शामिल रहे। बैठक के दौरान आगामी 11 मई को चतरा के सिमरिया में पीएम नरेंद्र मोदी की होने वाले सभा को लेकर चर्चा की गई। साथ ही, सभी भाजपा कार्यकर्ता आयोजित कार्यक्रम मे शामिल होने का निर्णय लिया। साथ ही, मांडू मंडल के सभी शक्ति केंद्र में पथ सभा करने का निर्णय लिया। मौके पर दिनेश्वर साहू, जगेश्वर प्रजापति, मनोहर गुप्ता, उमेशचंद्र पटेल, सुधान सिंह, रवि यादव, रतन प्रसाद साहू, निर्मल करमाली, मुकेश कुमार महतो, अखिलेश्वर प्रसाद, दीपक कुमार, राजेश प्रसाद साहू, गणेश सोनी, पवन करमाली, दशरथ प्रसाद केशरी, सुखदेव सोनी, जनक प्रसाद, अंबिका सिंह, नागेंद्र सिंह, संजीत सोनी, बालगोविनद बेदिया, धनेलाल बेदिया, डेगन बेदिया, चुरामन महतो, भीम महतो, पवन साहू, अनिल सोनी, फुलेश्वर साव, खेमलाल साव, नरेश गुप्ता, विजय पासवान, रितेश महतो, श्रवण शाह, बालचंद महतो, रोहित महतो, रेवालाल महतो, पंचीत महतो, रामू मिर्धा, प्रदीप राम, सिध्दार्थ त्रिवेदी, छत्रधारी साव, संजय महतो, बिहारी महतो, अनिल अग्रवाल, अशोक सिन्हा मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क कर भाजपा को रिकॉर्ड मतों से विजय दिलाने की अपील की

# देश की जनता तीसरी बार भी भाजपा को आशीर्वाद देकर विजय तिलक लगायेगी: कालीचरण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता





**चतरा।** भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने 9 मई को चंदवा में नगर मंदिर, महुआ मिलान जमीरा, लोहरसी माल्हान, निंद्रा, डूमारो, डूमारो, बारी जतराटांड़, सेरक, बनहरदी, सासंग, अलौदिया, चंदवा शहर में जनसम्पर्क कर लोगों से भाजपा को रिकॉर्ड मतों से विजय दिलाने कि अपील किया। इस जनसंपर्क अभियान में कालीचरण सिंह के साथ जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह, राकेश दुबे, लक्ष्मण कुशवाहा, राम कुमार गुप्ता ने प्रेम प्रसाद गुप्ता, त्रिवेणी साहू, अमित राम रामदेव, रंजीत गुप्ता अध्यक्ष, भुनेश्वर तुरी, अमरनाथ ठाकुर, भुनेश्वर प्रजापति, फूलचंद मुंडा और प्रफुल्ल यादव, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जनसभा में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इस चुनाव में अपनी हार स्वीकार कर चुके है। इंडिया अलायन्स में शामिल दल आपस में लड़ रहे है इनमें न एकता है और न देश चलाने का सामंजस्य। झारखंड में इंडिया अलायन्स का खाता नहीं खुलने वाला है। इन लोगों को झारखंड ही नहीं पूरे देश की जनता पूरी तरह से नकार चुकी है। श्री सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं, लेकिन जनता 2019 की तरह ही इस बार भी इन परिवारवादी पार्टियों के झांसे में आने वाली नहीं है। राज्य की जनता झामुमो -कांग्रेस- राजद की सरकार को बखूबी देख चुकी है और कई बार राज्य में सरकार चलाने का अवसर भी दिया है, लेकिन जब इनलोगों की सरकार आती है, तो ये लोग फिर वही पुराने ढर्रे पर चलने लगते हैं। जबकि एनडीए की सरकार ने अपने कार्यकाल में न सिर्फ विकास की नदियां बहायी, बल्कि सबकों सम्मान और काम के साथ उनके घरों में खुशियां लाने का काम किया। लोगों के काम को आसान बनाने के लिए जहां सिंगल विंडो सिस्टम लाया गया, वहीं भ्रष्टाचार और अपराध का नामोनिशान मिटा दिया।

### मोदी के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचायेंगे: कालीचरण

कालीचरण ने कहा कि जनता इस बार प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प 'अबकी बार एनडीए 400 पार' को सिद्धि तक पहुंचायेगी और पुनः एनडीए की सरकार बनाने में अपना अतुलनीय योगदान देगी। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस-राजद के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए ये पार्टियां कभी फेक वीडियो, तो कभी अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर जनता को भड़का रही है, तो ये पार्टियां कभी संविधान की दुहाई देती है। इन पार्टियों ने हमेशा संविधान का अपमान करने का काम किया है जबकि एनडीए हमेशा संविधान सम्मत काम करता है। यही कारण है कि देश की जनता ने लगातार दो बार एनडीए को अवसर दिया और तीसरी बार भी आशीर्वाद देकर विजय तिलक लगायेगी।

पूर्व तट रेलवे
सामग्रियों की आपूर्ति
ई-निविदा सूचना सं. Sr. DMM/SBP/Stores/Tender Publication/2024, दिनांक : 06.05.2024
1) निविदा सं. 40245386 :
सामग्रियों का विवरण : वर्टिकल टरबाइन पंप आदि का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।
निविदा मूल्य (₹): 25,54,532.44, EMD @ 2% (₹) : 51,090.00।
निविदा बंद होने की तिथि : दिनांक 27.05.2024 को 1500 बजे।
2) निविदा सं. 40245402 :
सामग्रियों का विवरण : री-रेलिंग उपकरणों आदि के सेट की आपूर्ति एवं कमीशनिंग।
निविदा मूल्य (₹): 40,50,163.56, EMD @ 2% (₹) : 81,000.00।
निविदा बंद होने की तिथि : दिनांक 29.05.2024 को 1500 बजे।
निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।
वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक / सम्बलपुर
PR-99/P/24-25

## 15 कार्यकर्ता झामुमो छोड़ भाजपा में हुए शामिल

**चतरा (आजाद सिपाही)।** आज चंदवा के डुमारो काली गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 15 कार्यकर्ताओं ने अपने पार्टी का दामन छोड़, भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। झामुमो के ये कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए है। सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# भाजपा नेताओं का इस्तीफा जारी

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोयलांचल में पार्टी की उपेक्षा से भाजपा नेताओं का इस्तीफा देने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में गुरूवार को भी जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी दो भाजपा नेताओं ने अपने पद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। लंबे समय से जुड़े जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सह भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष जगतार सिंह और किसान मोर्चा के भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष संतन सिंह ने इस बावत भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता को त्याग-पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र में जगतार सिंह व संतन सिंह ने कहा है कि बुड़े ही दुखी मन से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता और अपने पद से त्याग पत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि निष्ठावान समर्पित भाजपा का सच्चा सिपाही बन कर पार्टी द्वारा दी गयी कई बड़ी जिम्मेवारियों का निर्वाह किया हूं। इसलिए पार्टी ने हमें हमेशा बड़ी जिम्मेवारियां दी है, लेकिन वर्तमान समय में निष्ठावान कार्यकर्त्ता की अनदेखी और मान-सम्मान ना मिलने पर पार्टी में घुटन महसुस कर रहे थें। हमने अपने जीवन का लम्बा समय भाजपा पार्टी को दिया और कई चुनावों में पार्टी के प्रत्यासियों को जिताने में अपनी जिम्मेवारी निभाई है। लेकिन आज हमदोनों दुखी होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष अपनी मंजुरी दे कर हमारा त्याग पत्र मंजूर करें। पत्र की प्रतिलिपि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा को भी प्रेषित की है।

## शव लाने गये भाई की सड़क हादसे में मौत

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मीरपुर पंचायत के भागेबार गांव के फतुआचक टोला में चार दिनो के अंदर दो चचेरे भाई की मौत से पूरा गांव में मातम छा गया है। दोनों शव एक हीं स्थान पर दाह-संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार बौला उर्फ भोला भुईया 40 वर्ष की मौत रविवार को चेन्नई में हो गया था। जिसके शव को लाने के लिए एक स्कॉर्पियों से उनके परिजन चेन्नई गये हुए थें। शव लेकर परिजन घर वापस आ रहे थें। इसी दौरान डेहरी पुल पर स्कॉर्पियो अनियंत्रण होकर पलट गयी। जिसमें मृतक के चचेरा भाई फतुआ चक निवासी सुभाष भुईया 28 वर्ष की मौत घटनास्थल पर हो गयी। वहीं भाभी फुलवंती देवी, पुत्र संदीप कुमार, पत्नी रेखा देवी और पुत्री भी गंभीर रूप से घायल हैं। सभी का इलाज डेहरी अस्पताल में किया जा रहा है। परिजन और ग्रामीणों के द्वारा दोनों के शव को गांव लाया गया। दोनों का शव आते ही गांव में कोहराम मच गया।

## साप्ताहिक बाजार में चलाया गया जांच अभियान



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पुलिस ने गुरुवार को नया बाजार टांड़ में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय सशस्त्र बल के साथ अवैध रूप से शराब बेचने की जांच के लिए बाजार पहुंचे। जहां पुलिस को देख माड़ी शराब बेचने वालों के बीच हडकंप मच गया। वहीं, पुलिस को देख नशेड़ी इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने माड़ी बेचने वालों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि महुआ शराब की बिक्री पर पाबंदी है। अगर महुआ और अन्य देसी विदेशी शराब बाजार में बेचते हुए किसी को पकड़ा गया तो उसको उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## लुरुंगा में तीन वर्षीय बच्ची की हत्या, पिता ने पड़ोसियों पर लगाया आरोप

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी ओपी अंतर्गत ग्राम लुरूंगा टोला डुमरबेडा निवासी संतोष महतो की तीन वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी का शव घर के बगल में ही पंचित महतो के कुएं से बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे आयी आंधी-तूफान के दौरान घर के बाहर खेलते खेलते-खेलते शिवानी कुमारी अचानक लापता हो गयी। उस वक्त उसकी मां घर से कुछ दुरी पर किसी काम पर गयी हुई थी। कुछ देर बाद अपने घर लौटने पर बच्ची को घर पर न देख आस पड़ोस में खोजबीन की परंतु काफी खोजबीन के बाद भी बच्ची का कहीं सुराग नहीं मिला। पुनः अगले दिन बुधवार को खोजबीन करने के दौरान लगभग ग्यारह बजे के आसपास गांव के ही पंचित महतो के कुएं में बच्ची का शव तैरता हुआ मिला। परिजनों ने शव को कुएं से बाहर निकाला और उरीमारी पुलिस को इसकी सूचना दी। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया। मौके पर घटना स्थल पहुंच उरीमारी पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर ओपी प्रभारी राम कुमार राम ने बताया कि प्रथम दृष्टया से हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। बच्ची के पिता संतोष महतो ने उरीमारी ओपी में आवेदन देकर इस हत्या का आरोप पड़ोसियों पर लगाया है। शव पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि हमलोग सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रहे हैं किसी भी सुरत में हत्यारे को बक्सा नहीं जायेगा।

## पतरातू में भाजपाइयों ने की बैठक

**पतरातू(आजाद सिपाही)।** पतरातू मेंन रोड स्थित एनडीए गठबंधन के चुनाव कार्यालय में पतरातू मंडल के सभी 64 बूथ अध्यक्षों के साथ भाजपाइयों ने की बैठक। बैठक की अध्यक्षता पतरातू मंडल के अध्यक्ष राजाराम प्रजापति व संचालन महामंत्री पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में पतरातू मंडल के प्रभारी योगेश दांगी प्रणय जायसवाल उपस्थित में सभी बूथ अध्यक्षों को कहा गया कि अपने-अपने बुथ में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी से भारी मतों से विजय बनाने के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर पतरातू मंडल उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो डब्लू पांडे रामेश्वर महतो रंजन भगत वारिस खान गणेश कुमार ठाकुर अमरेश कुमार नारायण प्रसाद रवि दत्ता बृजभूषण गोस्वामी अशोक पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

# ग्रामीणों ने की पूर्व सर्वे स्थल पर पुल बनाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज / चतरा।** प्रखंड के कोबना आम बगीचा के पास पुल निर्माण को लेकर दूसरे स्थान पर सर्वे होने पर गुरुवार को आधा दर्जन गांवों के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए। सर्वे कर रहे इंजीनियर को भी आक्रोशित ग्रामीणों का विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने पहले जिस स्थान पर सर्वे हुआ था। उसी स्थान पर पुल का निर्माण करने की मांग कर रहे है। साथी ही दूसरे स्थान पर पुल का निर्माण होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दिया गया जिसमें बहेरी, बांकी, कोबानी, नवाडीह बैलगाडा, डाहा, कांसडाबर, हटवारिया, बैद्यनाथपुर, गांवों के ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने पुल का सर्वे दूसरे स्थान पर होने की जानकारी जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी और मुखिया बबलू महतो को दी। जिसके बाद दोनों जनप्रतिनिधि वहां पहुंचे और दूसरी जगह सर्वे करने वाले कर्मियों को पहले जिस स्थान पर सर्वे हुआ वहां जाकर सर्वे करने की बात कही। इसके बाद सर्वे कर्मियों द्वारा पहले के सर्वे हुए जगह पर सर्वे किया गया। पहला सर्वे के अनुसार पुल का निर्माण कोबना बड़ी बगीचा से डुमरी तक किया जाना है। जिसका सर्वे भी हो चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ बिचौलियों के द्वारा पुल का निर्माण शोबादाग सोमरी बाजार से सोखा तक करवाना चाह रहे हैं। जिसे यहां के ग्रामीण जनता कोई भी हाल में होने नहीं देंगे। वही ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग जहां पर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। वहां से बड़ी वाहनों से श्रद्धालु कौलेश्वरी पर्वत आसानी से पहुंच पायेंगे। वहीं इस क्षेत्र के छात्र छात्राओं को कॉलेज और विद्यालय जाने में भी आसानी होगी। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आप लोग का जो मांग है। वह पूरा किया जायेगा।

### सरकारी आदेश की अनदेखी कर घुटुवा का स्कूल है संचालित

# जांच जारी है, जांचोपरांत दोषी पाये जाने पर होगी आवश्यक कार्रवाई: प्रभाकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकाकाना।** गर्मी के दिनों में बढ़ते तापमान के कारण छोटे छोटे बच्चों के स्वास्थ पर बुरा प्रभाव न पड़े इसके लिए शिक्षा विभाग ने सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों को छुट्टी देने का आदेश जारी किया है। आदेश जारी होने के बाद ज्यादातर स्कूलों ने ऑनलाइन क्लास शुरू किया है। लेकिन नया नगर घुटुवा और दुर्गी के बीचोबीच स्थित वी आर टी सेंट्रल स्कूल के प्रबंधन सरकारी आदेशो को नजर अंदाज और बच्चों के स्वास्थ के प्रति बेपरवाह होकर स्कूल प्रबंधन द्वारा छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल संचालित किया जा रहा है। स्कूल के संचालन के संबंध में स्कूल प्राचार्य टीपी सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की मैं सेवानिवृत फौजी हूं और मौसम में नरमी को देखते हुए स्कूल के संचालन का निर्णय लिया। बताते चलें की गर्मी के बढ़ते तापमान के कारण रामगढ़ के एक आवासीय विद्यालय में हुई एक बच्चे की मौत की घटना ने सबको झकझोर दिया था, जिसकी जांच जारी है। घटना से सबक लेकर छोटे बच्चों का स्कूल को बंद करने के बजाय सरकारी आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए स्कूल संचालित करना कई सवालों को जन्म देता है। पदाधिकारी अगर सख्ती से जांच करे तो क्षेत्र के कई स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल संचालित होने का मामला सामने आयेगा।

### क्या कहते है बीडइओ

घटना के संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने कहा की सरकारी आदेश के बाद सभी स्कूलों में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक बच्चों की छुट्टी दे दी गयी है। लेकिन वीआरटी स्कूल में सरकारी आदेश की अवहेलना कर छोटे बच्चों का स्कूल संचालित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। स्कूल संचालन के संबंध में जांच की जायेगी साथ ही स्कूल प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा, तदोपरांत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## सीसीएल के नये सीएमडी निलेंदु सिंह से मिले रोटेरियन प्रवीण शर्मा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में रिभर साईड भुरकुंडा निवासी रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने गुरूवार को सीसीएल के नये सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह से मुख्यालय रांची में मुलाकात की। इस दौरान प्रवीण शर्मा ने सीएमडी को बुके देकर जोरदार स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि नये सीएमडी के नेतृत्व में सीसीएल उत्पादन में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि नये सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह पर्व से सीसीएल से पूरी तरह अवगत हैं, इसका लाभ कंपनी को मिलेगा। वहीं सीएमडी ने कहा कि सबों का सहयोग मिला तो निश्चित रूप से कोयला उत्पादन में नया कीर्तिमान रचा जायेगा।

AFFIDAVIT
As per Affidavit Ref. No. 2233 Dated 06.05.2024. I Reeta Kumari W/o Sri Ramdhan Besra aged about 33 Years by Faith-Hindu, residing at Ara Basti P.o-Sarubera P.s-Mandu District-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under That my actual and correct name is Reeta Kumari which has been mentioned in my Aadhar No-9645 5642 2389 and PAN No. GUQPD2367K. 2. That I was previously known with the same name as mentioned Reeta Devi in my Bank Passbook Bearing A/c NO. 486910110003109 at Bank of India Sarubera Branch, but now I have changed the name/ spelling in all my OVD's (Aadhar, PAN, Voter Id, Passport, Driving License, and from future I will be known with the same name/spelling as mentioned in my Aadhar/PAN/Voter Id/Passport/Driving License, and I will not change my name again and if there persists any discrepancy/fraud due to name/spelling change I will be solemnly responsible for the same, and Bank does not stands for any Liability in name change.That Reeta Kumari and Reeta Devi both name are same and single person i.e, Myself. 4. That this Affidavit is meant /required for the authority concerned at Bank for name change in my Account. 5. That all the above statements are true to the best of my knowledge and are correct.

# तीन विधायकों का पाला बदलना

जब देश लोकसभा चुनावों में तीसरे चरण के मतदान से गुजर रहा था, तब मंगलवार को अचानक हरियाणा से आयी तीन विधायकों के पाला बदलने की खबर ने राजनीतिक तापमान और बढ़ा दिया। खास बात यह कि इन तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने के बाद प्रदेश की बीजेपी सरकार अल्पमत में आ गयी बतायी जा रही है। तीनों निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापसी का फैसला ऐसे समय किया, जब राज्य में लोकसभा चुनाव की गहमागहमी अपने चरम पर है। राज्य की दसों लोकसभा सीटों के लिए 25 मई को वोट पड़ने हैं। ऐसे में इन तीन विधायकों का बीजेपी के बजाय कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का एलान स्वाभाविक ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने वाला है। ध्यान रहे, इसी साल के आखिर में राज्य में विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं। ऐसे में इन विधायकों की समर्थन वापसी के बाद नायब सिंह सैनी सरकार के सामने अपना बहुमत साबित करने की चुनौती आ खड़ी हुई है। हालांकि दो महीने पहले ही उन्होंने सदन में विश्वास मत हासिल किया है, इसलिए तत्काल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता, लेकिन अल्पमत सरकार की धारणा को बदलना उनके लिए कठिन होगा। विपक्ष की मुश्किल यह है कि कांग्रेस और जेजेपी के विधायक मिल कर भी सदन में बहुमत जुटाने की स्थिति में नहीं हैं। यही वजह है कि कांग्रेस सरकार बनाने की बात करने के बजाय राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने और तत्काल विधानसभा चुनाव कराने की मांग कर रही है। दूसरी तरफ बीजेपी की ओर से कहा जा रहा है कि जेजेपी विधायकों का एक धड़ा उसके संपर्क में है। ऐसे में अगर ठोस नतीजों के लिहाज से देखा जाये तो राज्य में तत्काल सरकार गिरने की स्थिति नहीं दिख रही, लेकिन ऐसा राजनीतिक संकट जरूर खड़ा हो गया है, जिसकी अनदेखी करना किसी के लिए भी संभव नहीं रह गया है। प्रदेश और राष्ट्रीय बीजेपी नेतृत्व इस संकट से उबरने की क्या राह निकालता है, कोई राह निकाल पाता है या नहीं, यह स्पष्ट होने में थोड़ा वक्त लगेगा। प्रदेश में कांग्रेस और जेजेपी दोनों का मौजूदा रुख बताता है कि दोनों पार्टियां इस स्थिति का अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए इस्तेमाल करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगी। ऐन चुनाव के दौरान एक राज्य में दस साल से चलती बीजेपी सरकार का इस तरह अचानक गिरने की स्थिति में आ जाना विपक्ष के लिए मुंहमांगी मुराद मिलने जैसा है। लेकिन वह इसका कितना फायदा सचमुच उठा पाता है और बीजेपी संभावित नुकसान से कितना बच पाती है, इसका पहला ठोस अंदाजा 4 जून को होने वाली मतगणना से ही मिलेगा।

**विपक्ष की मुश्किल यह है कि कांग्रेस और जेजेपी के विधायक मिल कर भी सदन में बहुमत जुटाने की स्थिति में नहीं हैं। यही वजह है कि कांग्रेस सरकार बनाने की बात करने के बजाय राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने और तत्काल विधानसभा चुनाव कराने की मांग कर रही है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कभी प्राकृतिक कारणों से जंगलों में आग लगती है, तो कभी अपने निहित स्वार्थों के कारण जानबूझ कर जंगलों में आग लगा दी जाती है। जब तापमान बढ़ता है, तो जंगलों में आग लगने की आशंका भी बढ़ जाती है। कुछ समय पहले काऊंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीइडब्ल्यू) द्वारा जारी रिपोर्ट मैनेजिंग फारैस्ट फायर इन चेंजिंग क्लाइमेट में बताया गया था कि भारत के 30 प्रतिशत से ज्यादा जिलों के जंगलों में भीषण आग लगने का खतरा मौजूद है।**

# जंगलों की आग से निपटने के लिए ठोस कार्ययोजना की जरूरत

रोहित कौशिक

इस समय उत्तराखंड के अनेक भागों से जंगलों में आग लगने की घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। आग के कारण वन सम्पदा को काफी नुकसान हो रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कभी प्राकृतिक कारणों से जंगलों में आग लगती है, तो कभी अपने निहित स्वार्थों के कारण जानबूझ कर जंगलों में आग लगा दी जाती है। जब तापमान बढ़ता है, तो जंगलों में आग लगने की आशंका भी बढ़ जाती है। कुछ समय पहले काऊंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीइडब्ल्यू) द्वारा जारी रिपोर्ट मैनेजिंग फारैस्ट फायर इन चेंजिंग क्लाइमेट में बताया गया था कि भारत के 30 प्रतिशत से ज्यादा जिलों के जंगलों में भीषण आग लगने का खतरा मौजूद है।

इस अध्ययन के अनुसार, पिछले दो दशकों के दौरान देश के जंगलों में आग लगने की घटनाएं 10 गुना से ज्यादा बढ़ गई हैं। तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र के जंगलों पर भीषण आग लगने की आशंका के कारण सबसे ज्यादा खतरा है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि जंगल में आग रोकने और उससे लड़ने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित एक कैडर तैयार करना चाहिए। सरकारों को जंगलों में आग लगने की घटनाओं के लिए रीयल-टाइम अलर्ट सिस्टम भी विकसित करना चाहिए।

इस अध्ययन में बताया गया है कि पिछले दो दशकों में जंगल में लगने वाली आग के 89 प्रतिशत से ज्यादा मामले उन जिलों में दर्ज किये गये हैं, जो या तो सूखे से प्रभावित हैं या फिर वहां मौसम में परिवर्तन देखा गया है। जंगल में आग लगने की अत्यधिक घटनाओं वाले कुछ ऐसे जिले हैं, जहां पहले बाढ़ का खतरा होता था लेकिन अब वहां सूखे की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है।

जंगलों में लगी आग से जान-माल के साथ-साथ पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। पेड़-पौधों के साथ-साथ जीव-जन्तुओं की विभिन्न प्रजातियां जलकर राख हो जाती हैं। पहाड़ों की यह समृद्ध जैवविविधता ही मैदानों के मौसम पर अपना प्रभाव डालती है।

पहाड़ों के जंगलों में आग लगने की घटनाओं के लिए किसी एक कारक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि पहाड़ों में ऐसी घटनाओं के इतिहास को देखते हुए भी कोई ठोस योजना नहीं बनायी जाती।

एक अध्ययन के अनुसार, पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और समुद्र तटीय क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने की समस्या बढ़ती जा रही है। इस आग से लोगों का स्वास्थ्य, पर्यटन, अर्थव्यवस्था और परिवहन उद्योग गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।

गौरतलब है कि दक्षिण एशिया में आग से नष्ट होने वाले 90 फीसदी जंगल भारत के हैं। पहाड़ों पर चीड़ के वृक्ष आग जल्दी पकड़ते हैं। कई बार वन माफिया अपने स्वार्थ के लिए वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मिल कर जंगलों में आग लगा देते हैं। हम थोड़े से लालच के लिए पहाड़ों और पर्यावरण का कितना बड़ा नुकसान कर रहे हैं, इसका अंदाजा हमें नहीं है।

दरअसल पहाड़ों की भौगोलिक स्थिति के कारण आग या फिर किसी अन्य आपदा से जूझना आसान नहीं। गौरतलब है कि पहाड़ों के जंगल कई दिनों तक धधकते रहते हैं। अगर समय रहते कोई कदम नहीं उठाया जाता, तो आग विकराल रूप धारण कर लेती है, जिसे बुझाना आसान नहीं होता।

दरअसल हमारे देश में ऐसी आग बुझाने की न तो कोई उन्नत तकनीक है और न ही कोई स्पष्ट कार्ययोजना। गौरतलब है कि पिछले दिनों नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जंगलों की आग पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि पर्यावरण मंत्रालय और अन्य प्राधिकरण वन क्षेत्र में आग लगने की घटना को हल्के में लेते हैं। जब भी ऐसी घटनाएं घटती हैं तो किसी ठोस नीति की आवश्यकता महसूस की जाती है। लेकिन बाद में सब कुछ भुला दिया जाता है। दरअसल जंगलों की आग से वन सम्पदा और पर्यावरण को जो नुकसान होता है, उसका खामियाजा हमें काफी लंबे समय तक भुगतना पड़ता है।

आग के माध्यम से जो कार्बन वातावरण में पहुंचता है, उसके गम्भीर परिणाम होते हैं। आग और धुंआ मिल कर जैवविविधता को भी काफी क्षति पहुंचाते हैं। विडंबना यह है कि जैवविविधता के संकट को देखते हुए भी हम जंगलों को आग से बचाने के लिए गंभीर नहीं हैं।

जंगलों में आग लगने से जहां एक ओर पशु-पक्षियों की अनेक प्रजातियां नष्ट हो जाती हैं, वहीं उनका प्राकृतिक आवास भी उजड़ जाता है। दूसरी ओर पर्यावरण में कार्बन की मात्रा बढ़ जाने से तापमान में वृद्धि होने की संभावना रहती है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम जंगलों की आग से निपटने के लिए ठोस योजनाएं बनायें। आग से निपटने के फौरी उपाय तात्कालिक रूप से प्रभावी हो सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को कम नहीं कर सकते। बेहतर भविष्य के लिए वन सम्पदा बचाना हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए। हमें यह भी समझना होगा कि जंगलों की आग का खामियाजा हर हाल में हमें ही भुगतना होगा।



**जंगलों में आग लगने से जहां एक ओर पशु-पक्षियों की अनेक प्रजातियां नष्ट हो जाती हैं, वहीं उनका प्राकृतिक आवास भी उजड़ जाता है। दूसरी ओर पर्यावरण में कार्बन की मात्रा बढ़ जाने से तापमान में वृद्धि होने की संभावना रहती है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम जंगलों की आग से निपटने के लिए ठोस योजनाएं बनायें।**

**पहाड़ों की भौगोलिक स्थिति के कारण आग या फिर किसी अन्य आपदा से जूझना आसान नहीं।**

## जमशेदपुर की खबरें

# बारीडीह मंडल में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय, पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का किया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा ने जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा क्षेत्र के बारीडीह में चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। गुरुवार को कार्यालय का विधिवत उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने किया। इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, लोकसभा सह संयोजक अनिल सिंह, पुर्वी विधानसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह, संयोजक मिथिलेश सिंह यादव, सह संयोजक संजीव सिंह समेत मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर समेत पार्टी के वरीय नेतागण मौजूद रहे। मौके पर सांसद बिद्युत महतो ने कार्यकताओं के संग बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा चुनावी कार्यालय खुलने से आसन्न लोकसभा चुनाव में बेहतर रणनीति पर काम करने के साथ ही चुनावी कार्यो में मदद मिलेगी। श्री महतो ने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम और पुरुषार्थ के बल पर जमशेदपुर संसदीय सीट से भाजपा रिकॉर्ड मतों से विजयी प्राप्त करेगी। मौके पर नीरज सिंह, भूपेंद्र सिंह, कमलेश सिंह, खेमलाल चौधरी, बबुआ सिंह, रूबी झा, कुमार अभिषेक, निर्मल सिंह, पंकज प्रिय, विकेश सिंह, विजय साहू, राजेश रजक, प्रमोद मिश्रा, रंजीत सिंह, अरुण कुमार, प्रमिला साहू, नीलू झा, रीता शर्मा, मीरा झा, सरस्वती साहू, रानी ठाकुर, कंचन दत्ता, ओम पोद्दार, पिंटू सिंह, सुखदेव सिंह, निर्मल गोप, राम मिश्रा, साकेत कुमार, मनोज तिवारी, जीवन साहू, अरुण तिवारी, राकेश सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता व अन्य मौजूद रहे।



# मतदान का करें प्रयोग, चुनें अपना सटीक प्रतिनिधि: कविता परमार

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा में जिला पार्षद डॉ कविता परमार के नेतृत्व में आठों पंचायतों के सदस्यों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ बागबेड़ा सिद्धू कान्हु मैदान से बैलून उड़ा कर व रैली निकालकर की गई। रैली में बागबेड़ा के आठों पंचायतों के मुखिया ,पंचायत समिति सदस्य ,वार्ड सदस्य, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सैकड़ो बच्चे व शिक्षकगण के साथ ग्रामीण शामिल रहे। मौके पर कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मतदाताओं से 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी निभाकर वोट करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सिद्धू कान्हु मैदान से रैली की शुरूवात कर बागबेड़ा नया बस्ती होते हुए डीबी रोड चौक, बागबेड़ा कॉलोनी, वायरलेस मैदान,मजार होकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में समाप्त की गई।मौके पर बच्चों के साथ तख्ती व बैनर लेकर रैली में शामिल प्रतिनिधियों ने सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।



# इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में पुरेंद्र ने चलाया डोर टु डोर जनसंपर्क अभियान



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने प्रदेश महासचिव पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एस टाइप चौक से शेरे पंजाब चौक होते हुए पान दुकान चौक तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। गुरुवार को अभियान के दौरान पुरेन्द्र नारायण सिंह ने स्थानीय दुकानदार भाइयों से मुलाकात कर महागठबंधन से झामुमो प्रत्याशी श्रीमती जोबा मांझी को तीर धनुष छाप पर वोट डाल कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा बीते 10 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने छात्र नौजवानों को प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा कर पूरा नहीं किया। उन्होंने लोगों से गरीब और कमजोर वर्गों की विरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने की अपील की।

# लोकसभा चुनाव के पूर्व माओवादियों की पोस्टरबाजी करने से क्षेत्र में फैली सनसनी

**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव बहिष्कार को लेकर भाकपा माओवादी नक्सलियो ने एकबार फिर से पोस्टरबाजी कर ईलाके में सनसनी फैला दी। नक्सलियों ने मनोहरपुर थाना क्षेत्र के मनीपुर, उरकिया,कमारबेडा गांव में पोस्टर बाजी की। उधर पोस्टरबाजी से आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। हालांकि सूचना मिलने पर मनोहरपुर पुलिस कार्रवाई करते हुए सभी बैनर पोस्टर को जब्त कर लिया। बताया जारहा है बीते एक पखवाड़े के भीतर नक्सलियों ने दूसरी बार इलाके में वोट बहिष्कार से संबंधित पोस्टरबाजी की है।




# ट्रेन की चपेट में आने से हाथी की मौत, जांच में जुटी वन विभाग की टीम



**चांडिल(आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में लेटेमदा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक दसैंल हाथी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार से हावड़ा- हटिया एक्सप्रेस ट्रेन चलने के दौरान रेल लाइन पार करने के दौरान चपेट में आने से हाथी की मौत हुई है। दुर्घटना में रेलवे का पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। उधर घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम व रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे कर जांच में जुट गई है। वन विभाग के अधिकारी के अनुसार हाथी के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उधर दुर्घटना के बाद रेलवे पदाधिकारी ने उस रुट से चलने वाली ट्रेन के लिए रूट क्लियर करने में जुट गए। राहत कार्य के दौरान तक ट्रेन का आना जाना बंद रही।

# चड़क मेला में शामिल हुए महागठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती, बाबा भोलेनाथ से की सुख समृद्धि की कामना

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा स्थित बोड़ाम प्रखंड के कुईयानी व पटमदा प्रखंड के महुलबना गांव में सोलोआना कमेटी के द्वारा चड़क मेला का आयोजन किया गाय। गुरुवार को मेला के दूसरे दिन जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती व जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर उन्होंने बाबा भोलेनाथ की मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जान कर लोकसभा चुनाव में उनसे समर्थन मांगा। विधायक श्री कालिंदी ने कहा भाजपा की सरकार में आज लोगों के सामने बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होरही है। उन्होंने कहा जनता अब भाजपा के जमुलेबाजी में फंसने वाली नही है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा समीर मोहंती एक ऐसा नेता है जो जनता की समस्या को लेकर सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ते हैं। विधायक ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से लोकसभा प्रत्याशी समीर महंती को रिकॉर्ड मतों से विजय बनाने के लिए आग्रह किया। मौके पर झामुमो नेता प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, छुटुलाल हांसदा, सुभाष कर्मकार, विनय मंडल, काजल सिंह, खेदू गोप व विद्याधर गोराई सहित मेला में दूर दराज से आए हजारों हजार ग्रामीण शामिल रहे।



# कुर्ला एक्सप्रेस से 17 किलो गांजा बरामद, तस्कर फरार

**टाटानगर स्टेशन पर जीआरपी ने की कार्रवाई.**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटानगर जीआरपी और आरपीएफ को बड़ी कामयाबी मिली है। जीआरपी और आरपीएफ द्वारा संयुक्त छापामारी कर कुर्ला एक्सप्रेस से करीब 17 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। वहीं इस गांजा बरामदगी में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। टाटानगर के जीआरपी प्रभारी रामप्यारे राम के अनुसार कुर्ला एक्सप्रेस से किसी आदमी के द्वारा ट्रॉली बैग में पैसा ले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस सूचना पर पुलिस ने संयुक्त टीम बना कर मुंबई जाने वाली कुर्ला एक्सप्रेस के बोगी नंबर बी3 के सीट नंबर 9 में छापामारी की, लेकिन उस सीट पर कोई आदमी नहीं मिला।वहीं छापामारी से पूर्व ही जो लोग बैठे थे, भाग चुके थे। जब पुलिस के द्वारा वहां तलाशी ली गयी, तो दो ट्रॉली एक काला बैग मिला, जब मजिस्ट्रेट के सामने बैग खोला गया, तो उसमें 17 किलो तीन सौ ग्राम गांजा मिला। इसका बाजार मूल्य तीन लाख 45 हजार है। जिस नाम से सीट बुकिंग की गयी थी, उसका नाम फिरोज है, जिसको लेकर जीआरपी पुलिस के द्वारा छापामारी की जा रही है।



# गरीबों की तरक्की नहीं देख सकते विरोधी : भानु

**उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्याशी बीडी राम को भारी मतों से विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी को केंद्र में मजबूत बनाना है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह 81 विधानसभा के विधायक भानु प्रताप शाही ने भवनाथपुर विधानसभा के मझिगावां, डुमरसोता व हरिहरपुर, तीनों पंचायतों के शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक, सभी बूथ अध्यक्ष, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एक विशेष बैठक किया। इसमें विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि हम सभी के लिए परीक्षा की घड़ी आ गयी है, हम सभी को इस परीक्षा में डटकर मेहनत करना है ताकि परीक्षा परिणाम में हम सभी का नाम उच्च श्रेणियों में रहे। हमारे प्रत्याशी बीडी राम को भारी मतों से विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी को केंद्र में मजबूत बनाना है। श्री शाही ने भाजपा के केंद्र सरकार की उपलब्धि बताते हुए कहा कि जो किसी सरकार ने आवश्यक नहीं समझा था, मोदी सरकार ने सर्वप्रथम सभी जनता को रोटी, कपड़ा और मकान देकर पूरा किया, उसके साथ-साथ, कपड़ा और मकान केवल चुनावी मुद्दे रहते थे, पर नरेंद्र मोदी ने इसे जन जन तक पहुंचाया। उन्होंने बिना नाम लिए ही तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोग जहां 90 की दशक में खेती करना तो दूर की बात थी घर से निकलने में डरते थे, आज देखकर यह प्रसन्नता होती है कि हमारे किसान आज अपनी सूझ बूझ से मूंग की खेती कर रहे हैं। बिहार जाने के लिए वाहनों से जहां 150 किमी की दूरी तय करना पड़ता था, वहां भजपा की ही देन है कि श्रीनगर-पडुका पूल का कार्य सत्तर प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और 150 किमी की दूरी महज कुछ ही दूरियों में बदल गयी। शाही ने अपने जोशीले भाषण से कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया और कहा कि विरोधी मोदी को इसलिए रोक रहे हैं कि वह गरीबों का तरक्की नहीं देख सकते। सभा का संचालन मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी ने किया, बैठक में जिला कार्यसमिति के सदस्य अनिल चौबे, सांसद प्रतिनिधि सूर्यदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, जगत किशोर चौबे, सत्राजित मिश्रा, वयो वृद्ध नेता वैद्यनाथ शर्मा, आनंद सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

# न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से मिले वीडी राम और अलखनाथ पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा न्यायालय परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद पांडेय की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी पलामू लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम पलामू लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक अलखनाथ पांडेय सहित वरिष्ठ भाजपा नेता और कार्यकर्ता के साथ गढ़वा के अधिवक्ता संघ के सभी लोगों से मिले। अधिवक्ता संघ के सभी लोगों ने विष्णु दयाल राम जी को वोट देकर लगातार तीसरी बार सांसद बनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए पलामू लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर भारी बहुमत से विजय बनाने का वादा कर विष्णु दयाल राम को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, भाजपा नेता सूरज गुप्ता, राजकुमार मद्धेशिया, धनंजय तिवारी, चंदन जायसवाल, रोशन दुबे, विकास कुमार, मनोज कुमार, राकेश राम, अशोक तिवारी, दिनेश साहू काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# नेता प्रतिपक्ष बिहार तेजस्वी यादव की रंका में जनसभा आज



रंका (आजाद सिपाही)। पलामू लोकसभा चुनाव 2024 में राजद समर्थित इंडिया महागठबंधन के सांसद प्रत्याशी ममता भुईयां की जीत सुनिश्चित करने के लिए नेता प्रतिपक्ष बिहार के तेजस्वी यादव का जनसभा रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय के मैदान में 10 मई को आयोजित की गयी है। इस अवसर पर राजद समर्थित इंडिया महागठबंधन के सांसद प्रत्याशी ममता भुईयां भी साथ रहेंगी। जिसमें झामुमो सहित इंडिया महागठबंधन में शामिल सभी दलो ने रंका गढ़वा की जनता से हजारों हजार की संख्या में भाग लेने और उनकी बातों को सुनकर लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# ग्रामीण मतदाताओं का वोट प्रतिशत बढ़ा तो बसपा की होगी रिकॉर्ड जीत : शिव कुमार



मेराल (आजाद सिपाही)। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव शिव कुमार विश्वकर्मा ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से वोट देने का अपील करते हुए कहा है कि ग्रामीण मतदाताओं का वोट प्रतिशत बढ़ता है तो यहां बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा की रिकॉर्ड जीत होगी। उन्होंने कहा कि जन आशीर्वाद और पूर्व के कार्यों की बदौलत बसपा पलामू में रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेगी। विश्वकर्मा ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि देश के संविधान को बर्बाद करने वाली पार्टी को इस बार जनता सबक सिखयेगी। उन्होंने कहा देश महंगाई और बेरोजगारी से जुझ रहा है। पलायन और सुखाड़ पलामू का मुख्य मुद्दा है जिस पर भाजपा कुछ नहीं बोलती। उन्होंने कहा कि अगर यहां से बसपा की जीत होगी तो गरीब शोषित लोगो के हित में काम होगा। क्योंकि बसपा उम्मीदवार कामेश्वर बैठा ने अपने जीवन के 25 साल समाज के दबे कुचले लोगो के लिए काम किया है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया डोर टू डोर प्रचार अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सगमा।** भाजपा की महिला मोर्चा द्वारा सगमा प्रखंड के विभिन्न गांव में जाकर डोर टू डोर प्रचार अभियान चलाया गया। इस क्रम में महिला मोर्चा ने प्रखंड के सगमा सोनडीहा, बीरबल, मकरी घघरी, पुतुर, गांव के घरों में जाकर पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल छाप पर बटन दबाने का आह्वान किया। इस क्रम में पार्टी के महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह मोर्चा के जिला चुनाव प्रभारी कंचन जायसवाल भवनाथपुर विधान सभा संयोजिका लवली आनंद महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुषमा देवी ने लोगों से कमल चुनाव निसान पर बटन दबाकर प्रत्याशी बिष्णु दयाल राम को तिसरी बार दिल्ली भेजने का आह्वान करते हुए कहा कि देश के पीएम ने अपने कार्यकाल में सबसे अधिक काम महिला सुरक्षा पर फोकस किया है। इस अवसर पर महिलाओं के साथ विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव महामंत्री धर्मजीत यादव महिला नेत्री पार्वती देवी, अंजली गुप्ता का नाम शामिल है।

# जायरीनों का एक जत्था नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन से मक्का मदीना के लिए रवाना



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। मुस्लिम धमार्लंबियों का पवित्र धार्मिक यात्रा मक्का मदीना के लिऐ गुरुवार को जायरीनों का एक जत्था नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। मक्का मदीना जाने वाले जायरीनों में नगर ऊंटारी प्रखंड के कधवन गांव निवासी डॉ मुश्ताक अहमद, नजीबन बीबी और भवनाथपुर प्रखंड के अरसली निवासी रउफ अंसारी के नाम शामिल हैं। मक्का मदीना जाने से पूर्व लोगों ने गाजे बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला तथा नारेबाजी करते हुये नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने जायरीनों का गर्मजोशी के साथ शानदार स्वागत किया एवं फूल मालाओं से लाद दिया। साथ ही नेताओं ने जायरीनों के सुखद यात्रा की कामना करते हुये उनसे क्षेत्र में अमन चैन एवं खुशहाली के लिये दुआ करने की अपील की। उस मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष फिरदौस आलम, अहमद अंसारी, चंगेज आलम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भाजपा किसी धर्म, समुदाय और परिवारवाद की पार्टी नहीं: अलखनाथ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** वरिष्ठ भाजपा नेता सह पलामू लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक अलखनाथ पांडेय ने विभिन्न गांवों का दौरा कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लोगों के सामने रखा। इस दौरान उन्होंने लोगों से पुणः भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी धर्म, समुदाय और परिवारवाद की पार्टी नहीं है।

यह पार्टी सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम करती है। मोदी सरकार हमेशा गरीबों के हितों के बारे में सोचती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में नरेंद्र मोदी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। नरेंद्र मोदी ने भारत देश का मान सम्मान विश्व पटल पर बढ़ाने का काम किया है। इन सारी बातों की चर्चा विभिन्न गांव के विभिन्न लोगों से करते हुए भारतीय जनता पार्टी पलामू लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए अपील किए। उत्त मौके पर गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, धनंजय तिवारी, रोशन दुबे, विकास कुमार, मिथिलेश तिवारी, नरेंद्र तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मेराल प्रखंड में नुक्कड़ सभा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेराल।** भाजपा नेताओं ने मेराल प्रखंड के, ग्राम पथरिया, अधोरी, बनवा राजहरा, अटौला आदि गांव में भारतीय जनता पार्टी मेराल प्रखंड ने नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। इस सभा के मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा विधान सभा प्रभारी भगत सिंह साहू और जिला के उपाध्यक्ष भाजपा नेता मुरली श्याम सोनी, राजकुमार मद्धेशिया, मेराल उतरी के प्रखंड अध्यक्ष उदय कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतोऔर काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भगत सिंह साहू ने कहा कि इस देश को नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री की ही जरूरत है। क्योंकि आज हमारा देश विकसित हो रहा है आज भारत का नाम विश्व स्तर पर ऊंचा हो रहा है। जिससे भारत के हर नागरिक अपने आप को गौरवांवित महसूस करता है। श्री मुरली श्याम सोनी ने कहा की आज गरीब के बारे में विचार करने वाला मात्र एक ही पार्टी है। वह भारतीय जनता पार्टी है। जो अंत्योदय के बारे में विचार करती है।

# डंडई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 13 मवेशियों के साथ चार पशु तस्कर को किया गिरफ्तार



डंडई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तसरार गांव से बुधवार की रात्रि में गस्ती कर रही डंडई थाना पुलिस ने चार पशु तस्कर को 13 मवेशियों के साथ पकड़कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। बताया जाता है की पशु तस्कर तसरार गांव के रास्ते से 13 की संख्या में पशुओं को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। इसी दौरान गस्ती कर रही डंडई थाना पुलिस ने बड़ी संख्या में तस्करी के लिए ले जा रहे पशुओं को पकड़ लिया। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि बुधवार रात्रि में पशु तस्करी के लिए ले जा रहे पशुओं के साथ चार पशु तस्करों को पकड़ा गया है। जिसमे तसरार गांव निवासी रियाज अंसारी पिता स्व जनिफ अंसारी, तैयब अंसारी पिता गयासुद्दीन अंसारी व करंदा टोला निवासी राजकुमार भुइयां पिता भौदाली भुइयां तथा सागारी भुइयां पिता स्व धारी भूईयां का नाम शामिल है। चारों व्यक्तियों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया।वही उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी कि तसरार गांव के रास्ते से पशु तस्कर पशुओं को तस्करी करने के उद्देश्य से ले जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने पशुओं को तस्करी के लिए ले जा रहे हैं लोगो को पीछा कर 13 मवेशियों के साथ पकड़ने में सफल रही। उन्होंने बताया कि मवेशियों की तस्करी करने की धंधों में संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जायेगा।

# 'रन फॉर वोट' कार्यक्रम का आयोजन

**उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक संग पदाधिकारियों/कर्मियों और जिलावासियों ने दौड़ लगाकर दिया मतदाता जागरूकता का दिया संदेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे के नेतृत्व में 'रन फॉर वोट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 5:30 बजे के करीब 'रन फॉर वोट' कार्यक्रम समाहरणालय परिसर से प्रारंभ हुआ और चिनिया मोड़ होते हुए रंका मोड़ में जाकर समाप्त हुआ।

इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक संग सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कर्मी, सभी पुलिस विभाग के जवान, स्कूली बच्चें, डिस्ट्रिक्ट स्वीप आइकन और काफी संख्या में जिला वासियों ने भाग लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य है कि 13 मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के दिन आप सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे के बीच अपने घरों से बाहर निकल कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# ममता भुइयां के पक्ष में जनसंपर्क कर मांगा वोट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, वरिष्ठ नेता प्रकाश चंद्र पाठक उर्फ भंडुल पाठक, संजय सिन्हा, सोनदाग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजय गुप्ता, बीडीसी जितेंद्र रवि ने ग्रामीण गिरिवर राम, संजय राम और आदिवासी नेता की उपस्थिति में सोनदाग पंचायत के सभी बुथ प्रभारियों के साथ बैठक कर इंडिया महागठबंधन के सांसद प्रत्याशी ममता भुईयां की जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए संकल्प लिया और बुथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया। कटरा पंचायत के ग्राम दमारन में बैठक कर ममता भुईयां को वोट देने के लोगों से अपील किया गया। रंका पंचायत के भुईयां टोला बुथ नंबर 376 और 379 में महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष शत्रुघ्न चंद्रवंशी के नेतृत्व में ममता भुईयां के लिए वोट मांगा। खरडिहा पंचायत के सेमरखांड़ गांव, कंचनपुर गांव के बुथ नंबर 369 में बुथ प्रभारी शिव कुमार रवि, बीडीसी शंकर राम, युवा पंचायत सचिव राजीव ठाकुर के द्वारा ईमली मोड़ और पश्चिम भुईयां टोला में जनसंपर्क कर ममता भुईयां के लिए वोट मांगा गया।

# सोलर जलमीनार छह माह से खराब



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। सरांग गांव के राजेश गुप्ता घर के पास 14 वें वित्त की राशि से निर्मित सोलर जलमीनार 6 माह से खराब पड़ी हुयी है। खराब जलमीनार लोगों के लिए हाथी की दांत साबित हो रही है, जिस कारण लोगों को गर्मी के दिनों में पानी के लिए भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण बलराम साव, पप्पू चंद्रवंशी, दुखी सिंह, पंकज पासवान, विक्रांत पासवान, रंजन सिंह, जोगेंद्र सिंह, जनेश्वर सिंह, सूर्यदेव सिंह सहित कयी लोगों ने बताया कि पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए 14 वें वित्त की राशि से लगभग चार वर्ष पूर्व जलमीनार लगवायी गयी थी। जलमीनार 6 माह से खराब पड़ी हुयी है। ग्रामीणों ने कहा कि जनमिनार में स्टार्टर, नल, पाइप खराब होने के कारण पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि जलमीनार के पास एक चापाकल भी है, लेकिन वह भी खराब पड़ा हुआ है। चापाकल से मुंडी व पाइप निकाल लिया गया है। इन सभी समस्याओं को लेकर कयी बार जनप्रतिनिधियों के पास गुहार लगायी, लेकिन पंचायत प्रशासन या संबंधित विभाग इसकी शुद्ध नहीं ले रहा है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस जगह छठ घाट भी है, छठ घाट के लिए भी शुद्ध पेजयल का एक मात्र यह जलमीनार है। जलमीनार खराब हो जाने से स्थानीय लोगो के साथ-साथ आने- जाने वाले राहगीरों को भी पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इस जलमीनार से करीब बीस घर के लगभग सौ लोग लाभान्वित होते है, लेकिन इस जल मीनार से लोग शुद्ध पेयजल पीने से वंचित है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जल मीनार लगाने में घोर अनियमितता बरती गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिक मुनाफा अर्जित करने के उद्देश्य से जलमीनार की गुणवत्ता के साथ समझौता किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वर्तमान मुखिया व्यूटी सिंह से शिकायत करने पर बताया गया कि अभी फंड में पैसा नही है। आपस मे चंदा करा कर मरम्मत करवा लीजिये। इस संबंध में पूछे जाने पर सरांग पंचायत की मुखिया व्यूटी सिंह ने बताया कि खराब जलमीनार को योजना प्लान में लाकर अविलंब मरम्मत करवा दी जायेगी। चंदा करने की बात झूठी है।

# भाजपा को जनता और देश से नहीं सिर्फ सत्ता से प्रेम है : मिथिलेश

**मंत्री ने किया गढ़वा के सभी 22 पंचायतां में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान**

**महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को जीताने की अपील की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरूवार को गढ़वा प्रखंड के सभी 22 पंचायतों का दौरा कर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। मंत्री ने गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर में ईदगाह के समीप, कोरवाडीह में ओलायत मोड़ पर, चिरौंजिया में ब्रह्म स्थान के समीप, छतरपुर पंचायत के बगीचा में, नवादा के दुर्गा मंडप के मैदान में, जाटा में देवी धाम के समीप, अचला में पंचायत भवन के समीप बगीचा में, महुलिया में भदुआ मोड़ पर, बीरबंधा में पईन के समीप, ओबरा में देवी धाम के समीप, परिहारा में देवी मंदिर के मैदान में, दुबे मरहटिया पंचायत में बरवाही टोला चौक के समीप, तिलदाग में पिपल के समीप, करूआकला पंचायत में करूआखूर्द के रवाना मोड़ के समीप, रंका बौलिया में लेवाड़ टोला, पिपरा में पंचायत के ग्राम बाना में, मधेया स्थित बगीचा में, उड़सुगी में तीन मुहान के समीप, फरठिया में फरठिया मोड़ के समीप, बेलचंपा में रविदास मैदान के समीप, प्रतापपुर में स्कूल के समीप तथा संग्रहेखूर्द पंचायत में पंचायत भवन के समीप आयोजित जन संपर्क अभियान के तहत लोगों से महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को भारी मतों से जीताने की अपील की।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी लोग लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से जीताकर लोकसभा में भेजें। ममता भुईयां गरीबों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों और वंचितों की आवाज हैं। उनकी जीत से पलामू की आवाज दिल्ली तक गूंजेगी। उन्होंने कहा कि देश और देशवासियो की रक्षा के लिए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाना जरूरी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा जनता को गुमराह कर जात, पात और धर्म के नाम पर आपस में बांटकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। भाजपा को जनता और देश से नहीं सिर्फ सत्ता से प्रेम है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने देश और संविधान का तहस नहस कर दिया है। यदि इस बार फिर भाजपा की सरकार बन गयी, तो जनता को आने वाले समय में वोट देने के अधिकार से वंचित रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में जनहित का कोई भी कार्य नहीं किया। उनका सिर्फ एक ही मकसद है, विपक्ष और संविधान को समाप्त कर देना। अपने कार्यकाल में मोदी जी ने केंद्रीय एजेंसियों का गलत तरीके से इस्तेमाल कर विपक्ष को समाप्त करने की साजिश रच रहे हैं। यहीं कारण है कि ठीक लोकसभा चुनाव के वक्त प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं को बेवजह झूठी साजिश रचकर जेल में बंद कर दिया है। इडी, सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियों को पीएम ने कठपुतली बनाकर रखा है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, फुजैल अहमद, प्रमोद कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मंत्री के विकास कार्यों से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने झामुमो का थामा दामन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय निवासी राजकुमार साव, नुरहसन अंसारी, भाजपा के शांति देवी सहित दर्जनों महिला पुरुषों ने झारखण्ड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री गढवा विधायक मिथिलेश ठाकुर के द्वारा रंका गढवा विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर माटी की पार्टी झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सभी लोगों को सदस्यता रशीद देकर, माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। इस मौके पर झामुमो के रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, युवा प्रखंड उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी, झामुमो नेता संजय सिन्हा, सोनदाग पंचायत महिला अध्यक्ष सुचिता देवी, धीरज कुमार सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# समीर उरांव ने जनता से जीत के लिए मांगा आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव गुरुवार को नगर भ्रमण कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने जनता से जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। नगर भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत राणा चौक (अग्रसेन भवन) के समीप से हुई जो शहर के मुख्य चौक चौराहों से गुजरते हुए राणा चौक पहुची। इस दौरान समीर उरांव को आम जनता ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। हर तरफ भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा का नारा है, इस बार 400 पार आदि के नारे लगाए जा रहे थे। समीर उरांव ने लोगो का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया और उन्हें कमल फूल पर वोट देकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। कहा कि आपका एक एक वोट देश के विकास के लिए जरूरी है। राष्ट्रवाद के लिए सभी को एकजुट होकर मतदान करने की जरूरत है। समीर उरांव ने कहा कि मोदी जी देश के समग्र विकास के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। हमें उनके इस प्रयास में मदद करे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, चंद्रशेखर अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, संगीता देवी, राजकिशोर महतो, राजकुमार वर्मा, पशुपतिनाथ पारस, अजातशत्रु, सामेला भगत, कलावती देवी, मीना बाखला, मदनमोहन पाठक, विकास कांस्यकर, श्रीचंद प्रजापति, सरोज प्रजापति, अभय कुमार महतो समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आजसू महिला समिति के साथ बनायी रणनीति



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय मुंद्रिका वैंक्वेट हॉल में गुरुवार को आजसू महिला समिति की बैठक हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत के लिए रणनीति बनाई गई। महिलाओं को एनडीए प्रत्याशी की जीत के लिए कड़ी मेहनत करने की बात कही गई। पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही गई। मौके पर मौजूद भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि हमारी जीत अब आधी आबादी के हाथों में है। आप बहनो में यह क्षमता है कि आप जिसे चाहे उसकी जीत होना तय है। हम आपके पास अपनी जीत के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने आये है आशा है आप बहने हमे आशीर्वाद देंगे। देश में एनडीए की लहर है इस बार भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है। वही आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने समीर उरांव की जीत के लिए महिलाओं से आह्वान किया। कहा कि समीर उरांव को जीत दिलाकर केंद्र में फिर से एनडीए की सरकार बनाएंगे। देश मे फिर से एनडीए सरकार आएंगी तो हम महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस करेंगी। मौके पर आजसू नेत्री अनिता साहू, सुनीता साहू, रामचंद्र गिरी, कौशिक राज मेहता, आयुष गोयल, दिलीप साहू, रूपा देवी, समेत बड़ी संख्या में आजसू पार्टी की महिलाएं मौजूद थी।

# शहीद आइआरबी जवान के परिवार से मिले डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** गत दिनों गिरिडीह में आइआरबी जवानों से भरी बस पलटने का हादसा में लोहरदगा के किस्को प्रखंड के कोचा बरनाग गांव निवासी आइआरबी जवान विकास भगत शहीद हो गये थे। सूचना पर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव गुरुवार को शहीद जवान के आवास पहुंच परिजनों से मिले और गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। परिवारजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर कहा, जवान देश की लड़ाई में अगुआ होते हैं। बलिदान को पूरा देश सलाम करता है। घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। शहीद जवान कर्तव्यनिष्ठ और राष्ट्र भक्त थे। अपने दायित्व निर्वहन के लिए वे इलेक्शन ड्यूटी के लिए गढ़वा जा रहे थे। इस क्रम में ऐसी दुखद घटना हो गयी। इस दुख की घड़ी में हम सब दुखित परिवार के साथ हैं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बीससुत्री अध्यक्ष सामूल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, रौनक इकबाल, असलम अंसारी, तबरेज आलम, प्रेमचंद भगत, फुलमनी भगत, सुभाष उरांव आदि उपस्थित थे।



## डॉ रामेश्वर उरांव ने विभिन्न गांवो का किया दौरा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)। गुरुवार को स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया एवं ग्रामीणों से रूबरू हुए। इस क्रम किस्को प्रखंड के ग्राम डटमा, नवाडीह,कोचा का दौरा कर ग्रामवासियों से मिले। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बीस सूत्री अध्यक्ष सामूल अंसारी, रामदयाल उरांव, विश्राम उरांव, झरिया उरांव, शर्मा प्रताप उरांव, पंचायत अध्यक्ष तबरेज अंसारी, रौनक इकबाल,विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी आदि उपस्थित थे।**

# भाजपा सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार भाजपा के सोशल मीडिया भोलेंटियर के साथ बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से सोशल मीडिया के लोकसभा संयोजक सुभाष सिंह सह संयोजक राजीव रंजन पांडेय शमिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सुभाष सिंह ने कहा कि आगामी 11 मई को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारी की जा रही है। प्रधान मंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को पूरे ताकत से लगना है। वहीं राजीव रंजन पांडेय ने कहा कि सोशल मीडिया के साथियों को पार्टी की और प्रत्याशी की गतिविधि को जन जन तक पहुंचाना है। बैठक में अवधेश सिंह चेरो, डॉक्टर चंदन सिंह, विवेक गुप्ता, रितेश कुमार, रमन महतो, सौरभ जायसवाल, निर्मल यादव, बबन मांझी, शिवशंकर दास, अनुज तिवारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# हाइ इंटेंशन टावर की कटिंग जारी, पुलिस रोकने में असमर्थ

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में एक संगठित गिरोह द्वारा हाइटेंशन टावर को गिराकर कटिंग कर बेचा जा रहा है। इस गिरोह में अपराधी, उग्रवादी, कबाड़ी दुकानदार व माफिया शामिल हैं। इन सबों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि सूचना के बाद भी पुलिस न तो उस स्थान पर फटकती है और न ही अवैध परिवहन को रोकती है। ताजा मामला बुधवार की रात का है। चंदवा थाना क्षेत्र के कठवल टांड़ में लगाए गये टावर को अपराधियों ने गिरा दिया। इसके बाद गैस कटर के माध्यम से लोहे को काटकर पिकअप के माध्यम से चंदवा के कबाड़ी दुकान में भेज दिया गया। इस कार्य में 25 अपराधियों की टीम लगी थी। जिनका खाना चंदवा के ही एक होटल से भेजा गया था। वहां से लगभग 10 टन लोहा स्थानीय कबाड़ी दुकानदार के यहां पहुंच गया। शेष 10 टन लोहा अभी भी टावर स्थल पर पड़ा हुआ है। गैस कटर का नोजल भी घटनास्थल पर पड़ा हुआ है। इसकी सूचना भी पुलिस के वरीय अधिकारी को बुधवार की रात भी दी गयी। अधिकारी द्वारा बार - बार यही कहा गया कि तुरंत पहुंच रहे हैं। लेकिन आश्चर्यजनक बात यह रही कि जब पिकअप वैन से लोहा निकलकर कबाड़ी दुकान के लिए चला तो चंदवा की पेट्रोलिंग टीम रांची- डालटनगंज पर थी। लेकिन अचानक यह टीम रांची - चतरा मार्ग पर शहर में चली गयी। इसी सप्ताह चीरो गांव के ही बरवा ताड़ में लगाया गया टावर गिराकर बेच दिया गया। उस समय भी पुलिस को सूचना दी गयी थी, लेकिन पुलिस उधर जाना भी मुनासिब नहीं समझा। गौरतलब हो कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में एस्सार पावर प्लांट द्वारा टावर लगाए गये थे। जिसका उद्देश्य बिजली आपूर्ति करना था। लेकिन एस्सार पावर प्लांट के बंद होने के बाद यह लावारिस हो गया। जिसके बाद माफियाओं की नजर इस पर पड़ी। पिछले लगभग तीन साल के अंदर 30 से अधिक हाई टेंशन टावर का कटिंग हो गया है। जो आज भी जारी है। हाई टेंशन टावर को जमीन से गैस कटर से कटकर गिराने का एक गिरोह कई सालों से कार्य कर रहा है। इधर इस सम्बंध में लातेहार एसडीपीओ अरबिंद कुमार ने बताया कि ऐसी घटना की सूचना नही है। मैं अपने से पता कर के घटना को रोकने जरूर प्रयाश करने का काम करूंगा और कानूनी कारवाई करूंगा, चंदवा पुलिस इंस्पेक्टर से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सूचना है। कि टॉवर की कटिंग हो रहा है। पुलिस गिरोह के सक्रियता पर नजर बनाए है। रंगे हाथों पकड़ लिया जायेगा।



## महत्वपूर्ण खबरें

### जेएमएम के भुनेश्वर भोक्ता भाजपा में शामिल



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** 9 मई को बालूमाथ मंडल अंतर्गत चेताग पंचायत में पथसभा कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। वही इस पथसभा मे जनसैलाब उमड़ पड़ा और सभी 'एक बार फिर मोदी सरकार, अबकी बार मोदी सरकार' के नारे लगा रहे थे। तो दूसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता भुनेश्वर भोक्ता अपने दर्जनो समर्थको के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आस्था रखते हुए भाजपा मे शामिल हुए। जहां भाजपा नेताओं रवि सिंह, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल कौशल नाथ साहदेव, लातेहार विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, राकेश कुमार दूबे सहित कई कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर स्वागत किया।

### आज होगी रहातनगर में चमरा लिंडा की सभा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा का शहरी क्षेत्र मुस्लिम बहुल राहत नगर में गुरुवार को आयोजित विशाल जनसभा को असामयिक वर्षा व आंधी पानी के कारण लिंडा समर्थकों ने स्थगित कर दिया। इस संदर्भ में अफसर कुरैशी ने बताया कि 10 मई को निर्धारित समय पर जनसभा का आयोजन किया जाना तय है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर हाजी अफसर कुरैशी ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे जनप्रतिनिधियों के साथ की चर्चा।

### महिला ने करायी दहेज प्रताड़ना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** दहेज उत्पीड़न मामला में मार पीट, गली गलौज और शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जगृति कुमारी ने तीन नामजद के विरुद्ध कारवाई करने और न्याय का गुहार लगायी है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के गगेया निवासी जनक दास गोस्वामी की 22 वर्षीय पुत्री जगृति कुमारी का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार ग्राम बीरू थाना सिमडेगा निवासी नकुल दास के 26 वर्षीय पुत्र रितेश दास के साथ 28 जून 2023 को संपन्न हुआ था। वही जगृति कुमारी ने आवेदन के माध्यम से आप बीती घटना बताते हुए शादी के बाद से अपने ससुराल बीरू में ससुर नकुल दास, सास विनीता देवी पति रितेश दास तथा देवर के साथ डेढ माह रहने के बाद सास ससुर तथा पति यह बोल कर लड़ाई झगड़ा तथा शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना करने लगे कि दहेज में पैसा कम मिला है। तुमको इस घर में रहना है तो 50 हजार नगद और मोटरसाइकिल के लिए 75 हजार अपने मायके से लेकर आओ। ससुराल वालों के रवैया से तंग आ कर अपने पिता जनक दास गोस्वामी को बुला कर साथ मे मायके चली आयी और घर वालों को आप बीती घटना को बताते हुए थाना में बताते हुए न्याय का गुहार लगायी है।

### प्रत्याशी नही कर रहे महागठबंधन धर्म का पालन, राजद नेताओ में नाराजगी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेत्री कमला देवी के आवास पर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के राजद चुनाव अभियान समिति की एक अहम बैठक हुई। मौके पर महागठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार करने व जीत सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के चुनाव अभियान समिति के संयोजक मोहसिन अंसारी और उनके सदस्यों के द्वारा कहा गया की महागठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत के द्वारा गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे नाराजगी भी व्यक्त किया गया। जिला अध्यक्ष सुनील मेहता ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ,तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, संयोजक गौतम सागर राणा के निदेशार्नुसार राजद महागठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में काम कर रहा है लेकिन प्रत्याशी के द्वारा और उनके अगल-बगल के रहने वाले व्यक्तियों के द्वारा महागठबंधन धर्म का पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे राजद कार्यकर्ताओ में नाराजगी है। बैठक में चुनाव अभियान समिति के सदस्य शंभू सिंह, कमला देवी, कमाल पाशा, सुरासन मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

### हैलो वोटर्स का आयोजन आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम में दिनांक 10 मई 2024 को मतदाता जागरूकता के लिए हैलो वोटर्स का आयोजन किया जायेगा। कैंडल मार्च के रूप में यह कार्यक्रम शाम 6 बजे अजय उद्यान, लोहरदगा से प्रारंभ होगा जो बरवाटोली चौक, महावीर चौक, अपर बाजार, थाना चौक होते हुए विक्टोरिया तालाब के पास संपन्न होगा। उक्त जानकारी स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

# देश की जनता जाग चुकी है भाजपा का सफाया तय : बैद्यनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम गुरुवार को लोकसभा 2024 को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव व लातेहार 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे के साथ होटल कजरिया पहुंच कर कार्यकताओं के साथ बैठक किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि केंद्र की जुमलेबाज वाली सरकार को इस चुनाव में हम सभी को एक होकर सबक सीखनी है। यह केंद्र की सरकार अदानी और अंबानी की सरकार है। देश की जनता मन बना ली है इस बार भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का। हमसभी धर्म और जाति पर ना जाकर देश को विकास के प्रगति पर ले जाने के लिए एक हो कर महागठबंधन के पक्ष में मतदान करना है ताकि देश से भाजपा का सफाया हो सके। इस मौके पर झामुमो जिला सचिव समसूल होदा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हाजी मोतिउर रहमान, पंकज तिवारी, आफताब आलम, यूथ कांग्रेस के चतरा लोकसभा पूर्व अध्यक्ष मो० जफर आलम, मोहम्मद जुबैर, अंकित पांडेय, पडहा राजा प्रभुदयाल उरांव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव, उपेंद्र यादव, अरविंद यादव, प्रदीप गंझू, ईश्वर उरांव सहित महागठबंधन के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बूथों पर वेबकास्टिंग के लिए ऑपरेटर को प्रशिक्षण मिला

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के 324 और 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के 104 बूथों पर वेबकास्टिंग के लिए नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय में सभी प्रतिनियुक्त 428 ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण में आये ऑपरेटर को वेब कास्टिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के साथ कैमरे के इंस्टॉलेशन, संचालन और नेट कनेक्टिविटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान लाइव स्ट्रीमिंग, वेबकास्टिंग कन्ट्रोल व निगरानी की जानकारी दी गयी। इन केंद्रों में मतदान शुरू होने से लेकर मतदान की समाप्ति तक की पल-पल की गतिविधियों पर आयोग की सीधी नजर रहेगी।

# जुआरियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी आचार संहिता उलंघन करने वालों के विरुद्ध लागू के बाद भंडरा थाना पुलिस एक्शन मोड़ में है। पुलिस पहले अवैध शराब व गांजा पर नकेल कसी और दो गांजा व्यवसाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा, फिर वाहन जांच अभियान चलाकर अपराधी तत्वों के लोगों पर कड़ाई के तत्पश्चात अपराधिक तत्वों के चार व्यक्ति को जिला तड़ीपार किया। इसके बाद अब भंडरा थाना पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को भंडरा थाना पुलिस ने चार जुआरियों को चट्टी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि भंडरा पुलिस लोक सभा चुनाव को लेकर पूरी तरह सतर्क और तैयार है। पुलिस आदर्श आचार संहिता को सख्ती से पालन करने को लेकर कड़ा कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि बीती रात भंडरा पुलिस ने गुप्त सूचना पर चट्टी के अवधेश तिवारी के पुत्र रोहित तिवारी के फार्म हाउस पर चार जुआ खेलते चार जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जुआरियों में चट्टी निवासी सुदामा गिरी, पंडित श्रीकांत तिवारी, जयप्रकाश तिवारी एवं कचमची निवासी धनेश्वर साहू शामिल है। जबकि फार्म हाउस के मालिक रोहित तिवारी मौके से फरार हो गया। भंडरा थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार जुआरियों के पास से चार मोबाइल, नगद 3560 रुपया एवं ताश की पत्ती बरामद किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आये चारों जुआरियों के विरुद्ध भंडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

# डीसी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ/ हेरहंज/ बारियातू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा गुरुवार 9 मई को बालूमाथ, बरियातू, हेरहंज प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा बालूमाथ प्रखंड कार्यालय प्रकोष्ठ में अब तक किए गए चुनाव कार्यों के अद्यतन प्रतिवेदन की जानकारी लेते हुए निष्पक्ष मतदान को लेकर अधिकारियों को कई आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में पोलिंग पार्टी तथा सीआरपीएफ के जवानों के रुकने के लिए कलस्टरों और मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने निर्देशित किया कि कलस्टरों पर आवश्यकता के अनुरुप (एएमएफ) के तहत मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाये। संबंधित पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को उक्त व्यवस्थाएं दो दिनों के अंदर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, झाबर, बूथ क्रमांक- 93 का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बरियातू प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, फुलसू बूथ क्रमांक- 35 का निरीक्षण कर बूथों पर पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, रैंप, बिजली, पंखा, साफ सफाई, कर्मियों के रहने की व्यवस्था, कुर्सी टेबल इत्यादि की व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावे स्वीप के तहत हेरहंज प्रखंड में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यकम का आयोजन किया गया।

# उत्पाद अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर कहा सात दिन रहेगा ड्राई डे

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि, लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू है। इसको लेकर उत्पाद विभाग अवैध देशी विदेशी शराब के खरीद, बिक्री और उपयोग पर नियंत्रण लगाने के लिए लगातार छापामारी अभियान चला रहा है। उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि, विभागीय कार्रवाई के तहत अब तक अवैध शराब से जुड़े मामले पर 75 केस दर्ज किया गया है। उत्पाद विभाग की छापामारी में लगभग 600 लीटर अवैध चुलैया शराब, 5 क्विंटल जावा महुआ जप्त कर उसे टीम द्वारा मौके पर नष्ट कर दिया गया। अवैध शराब के कारोबारिओं पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए विभाग ने लगभग एक लाख 16 हजार का अर्थदंड लगाकर राजस्व की वसूली किया। जिला उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि, शराब दुकानों में व्यापारियों द्वारा एमआरपी मूल्य से अधिक पर शराब बेची जाने की सूचना 6203999139 व 9430043882 पर लोग दे सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का झारखंड दौरा आज



**गुमला के चैनपुर छतरपुर बगीचा मैदान में करेगें जनसभा को संबोधित**

**कार्यक्रम को लेकर भाजपा कर रही है जोरदार तैयारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चैनपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 मई को झारखंड के गुमला जिया के बीचैनपुर आएंगे। वे लोहरदगा लोकसभा के चैनपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर चैनपुर के भाजपा मंडल की पूरी टीम तैयारी में जुटी हुई है। जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाइक ने बताया कि मुख्यमंत्री दोपहर 2:00 बजे पर्मबीर अल्बर्ट एक्का कॉलेज स्टेडियम पहुंचेंगे। जिसके बाद छतरपुर आम बगीचा में जन सभा को संबोधित करेंगे। जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। भाजपाईयो में खुसी देखने मिल रही है। इधर मुख्यमंत्री सुरक्षा टीम ने चैनपुर के छतरपुर पहुचकर सभा स्थल तथा हेलीपेड का मुआयना किया एवं चैनपुर पुलिस को दिशा निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भाजपा का संपर्क अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** आगामी लोकसभा चुनाव के तहत आगामी 13 मई को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है।

इस आलोक में केंद्र भाजपा द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु बनायी गयी एक नई कार्यप्रणाली विशेष संपर्क अभियान के तहत लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के गुमला चुनावी कार्यालय में पूर्व सांसद सह विशेष संपर्क अभियान झारखण्ड के प्रमुख अजय मारु, उप प्रमुख गुरविंदर सिंह गुमला भाजपा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहू लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के विशेष संपर्क अभियान के संयोजक हिमांशु केशरी ने गुमला के भाजपाइयों और अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक कर भाजपा व केंद्र में मोदी के द्वारा किये गये कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी 13 मई के दिन खुद भी अपने परिवारजनों के साथ व अन्य लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया गया।



इससे पूर्व गुमला जिला भाजपा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहू के द्वारा अजय मारु को शॉल ओढ़ाकर सम्मान दिया गया। साथ ही जिला के द्वारा चुनाव के हेतु किये जा रहे कार्यों व रणनीति के बारे में अवगत करवाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश विशेष संपर्क अभियान के प्रमुख अजय ने कहा कि केंद्र की सरकार ने मोदी के नेतृत्व में क्या काम किये है और देश बीते दस वर्षों में कहां था और कहां पहुंच गया है यह किसी से छुपी नहीं है। हम सभी भाजपा के सांसद उम्मीदवार समीर उरांव को वोट करेंगे तो वह सीधे मोदी को मिलेगा। हमें अबकी बार 400 पार के आंकड़े को चरितार्थ कर दिखाना है। उन्होंने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने की साहसिक कदम, 500 वर्षों के बाद रामलल्ला का भव्य मंदिर आदि पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा की मोदी के नेतृत्व में लगभग 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का कार्य भी किया गया है। उन्होंने कहा की हमारा एक एक वोट कीमती है। उन्होंने इतिहास के पन्नों से कब कौन एक ही वोट के कारण पराजित हो चुके हैं उन्हें याद दिलाते हुए सभी से मतदान भाजपा के पक्ष में करने की अपील की। बैठक में जिला छोटनागपुर तेली समाज के हीरा साहू, गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष पवन अग्रवाल, आदि कई लोगों ने भी अपने अपने विचार रखें। बैठक में गुमला जिला भाजपा के निर्वर्तमान अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल, सरजू प्रसाद साहू, निर्मल गोयल, व्यवसायी पदम साबु, विकास सिंह, बृजकिशोर फोगला, राधामोहन साहू, हरिहर कुमार, दिलीप कुमार, सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# होली के दिन से गायब हुए युवक का शव बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के ब्लॉक के पीछे रहने वाले 22 वर्षीय संतोष कुमार उर्फ फौजी का कुरुम गढ़ पुलिस ने क्षत विक्षत शव खैईर चेंगर झरिया पहाड़ के ऊपर एक गड्ढे से बरामद किया है।अज्ञात अपराधियो द्वारा संतोष की हत्या किए जाने के बाद शव में नमक डालकर उसे दफन कर दिया गया था। पुलिस ने शव बरामद किए जाने के बाद पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया।मगर पोस्टमार्टम हेतु गठित तीन सदस्यीय टीम में शामिल डॉक्टर असीम अगुस्तीन, डॉक्टर अनुपम किशोर व डॉक्टर सुनील किस्कू ने शव का निरीक्षण किये जाने के बाद पोस्टमार्टम हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।जिसके बाद परिजन शव को रिम्स ले गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मरवा गांव के कुछ ग्रामीण जंगल में पशु चराने गए थे। इस दौरान जंगल से काफी बदबू आने लगी। लोगों ने वहां जाकर देखा तो किसी के शव होने की आशंका हुई। इसके बाद इसकी सूचना कुरूमगढ़ थाना को दी गई कुरूम गढ़ थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार चेतन दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इसके बाद बुधवार को मजिस्ट्रेट चैनपुर वीडियो यादव बैठा की उपस्थिति में शव को गड्ढे से खुदवा कर निकलवाया गया। शव की पहचान थाना क्षेत्र के संतोष कुमार महतो उर्फ फौजी के रूप में की गयी। मृतक के पिता मनोज महतो ने बताया कि मेरा बेटा होली के दिन से गायब था इसी तरह का कपड़ा पहना था। इस आधार से यह संतोष हो सकता है। संतोष होली मनाने के लिए अपने चाचा के घर मरवा गांव आया था। जहां होली के दिन 25 मार्च को अपने दोस्तों के साथ सोने जाने की बात कह कर घर से निकाला उसके बाद लौट के वापस नहीं आया।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन भाजपा के समीर उरांव के साथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन लोहरदगा लोकसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार समीर उरांव का समर्थन करेगा। यह निर्णय गुमला जिला अंतर्गत डुमरी प्रखण्ड के ग्राम जैरागी शिवाली बगीचा में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के निर्णायक सामाजिक सम्मेलन में लिया गया। इस सम्मेलन में डुमरी प्रखण्ड के सभी स्वजातीय महिलाएं एवं पुरूष भारी भीड़ के साथ जिला एवं प्रखण्ड स्तर के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष जयश्री साहू ने की, संचालन जैरागी के संजय साहू ने एवं धन्यवाद ज्ञापन शशिभूषण साहू (पिंकू) ने की। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयोजित इस सामाजिक सम्मेलन में कई मुद्दों पर निर्णायक फैसले लिए गए। अपने मुख्य आतिथ्य सम्बोधन में समाज के जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश ने कहा कि देश में चल रहा लोकसभा चुनाव पूरी दुनियां की सबसे बड़ी लोकतंत्र का महापर्व है, इस चुनाव में हमलोगों को भारत सरकार का चुनाव करना है। इसलिए अपने समाज का यह भी वोट बेकार नहीं जाने देना है। राष्ट्रहित में मोदी के हाथों को मजबूत करना है। सम्मेलन को जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार लाल एवं जिला महामंत्री विनोद कुमार साह ने भी सम्बोधित किया। समाज ने समीर उरांव को अधिक अधिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प के साथ सम्मेलन का समापन किया गया। इस सम्मेलन में उपरोक्त अतिथिओं की उपस्थिति के अलावे विनीत देवी, प्रियंका देवी, सुजाता देवी राजमणि देवी, सुनीता देवी, प्रेमा देवी, हेमा देवी, रीता देवी, गीता देवी, चिंता देवी, सरस्वती देवी दुर्गा साहू, राधे साहू, संजय साहू के अलावे सैकड़ों स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## युवती की रांची में हुई संदेहास्पद मौत

# शव लेकर सिसई पहुंचे प्रेमी और भाई की पिटाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र के कुलंकेरी गांव निवासी 20 वर्षीय युवती खुशबू कुमारी का रांची के जगरनाथपुर थाना क्षेत्र में संदेहास्पद स्थिति में मौत होने का मामला सामने आया है।खुशबू की मौत के बाद उसके परिजनों ने प्रेमी कृष कुमार सोनी के ऊपर साजिश के तहत हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए उसके व उसके भाई की पिटाई भी कर दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद सिसई थाना की पुलिस ने कृष को भीड़ से जान बचाकर बाहर निकालते हुए थाना ले आई है।जबकि उसका भाई भाग निकलने में सफल रहा है।बताया जाता है कि मृतका खुशबू कुमारी व उसका प्रेमी कृष कुमार कुलंकेरी गांव के ही रहने वाले है।दोनो के बीच विगत कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा



था।मगर इस रिश्ते को लड़का व लड़की दोनो पक्षों को मंजूर नही था। जिसके कारण आठ माह पूर्व दोनो परिवार से बगावत कर भाग गए। इसके बाद मंदिर में दोनो विवाह रचा कर जगरनाथ पुर थाना क्षेत्र के हटिया खूंटी रोड स्थित एक किराए के मकान में साथ रह रहे थे। उक्त किराया का मकान में प्रेमी कृष का भाई पहले से रहता था। इधर सदर अस्पताल गुमला में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी देते हुए मृतका के भाई ने बताया मेरी बहन को गांव का ही कृष कुमार सोनी नामक युवक प्रेम प्रसंग में लगभग आठ माह पहले भगा कर ले गया था। जिसके बाद मंदिर में दोनों ने शादी कर लिया। बुधवार की रात एंबुलेंस के द्वारा मेरी बहन के शव को घर में लाकर छोड़ दिया। उन लोगों ने बताया कि तुम्हारी बहन ने आत्महत्या कर ली है। जानकारी के मुताबिक भागने के बाद दोनों हटिया चाईबासा रोड में भाड़े के मकान में रहते थे कभी-कभी गांव भी आना जाना लगा रहता था क्योंकि दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। वही लड़की के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। कहा कि लड़का शादी के बाद से ही लड़की पर अत्याचार करता था मृत अवस्था में ही उसे अस्पताल लेकर गया था। वही गला दबाकर युवती की हत्या की आशंका जतायी है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### अंग्रेजी तात्कालिक वाचन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में 27 अप्रैल को आयोजित अंग्रेजी तत्कालिकवाचन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गये हैं। सीसीए एक्टिविटी के तहत कक्षा तृतीय से कक्षा सप्तम के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। कक्षा तृतीय में प्रियांशी झा ने प्रथम, आशी साबू ने द्वितीय एवं श्रेयांस तथा नीलेश मिश्रा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ में रचित पांडेय ने प्रथम, दक्षिता प्रगति ने द्वितीय एवं पार्थ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम में सिक्ता प्रिया ने प्रथम, विराट ने द्वितीय एवं मनोज गोप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा षष्ठ में अंश साहू ने प्रथम, अनन्या प्रिया ने द्वितीय एवं आर्या सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सप्तम में शांभवी शीतल ने प्रथम, सारिका ने द्वितीय एवं आदित्य मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने सभी विजेताओं को बधाई दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। निर्णायक की भूमिका श्रीमती सुमन, सुश्री स्नेहा एवं सुश्री विजयलक्ष्मी ने निभायी। यह जानकारी सीसीए इंचार्ज श्रीमती संजुक्ता खटुआ ने दी।

### दो दिनों से लापता व्यक्ति का शव बरामद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर उर्मी निवासी 43 वर्षीय सुनील गुप्ता का शव पुलिस ने गुरुवार की सुबह उर्मी टंगरा स्थित एक बाउंड्री नुमा खाली पड़े कमरे से बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया पूरा मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा होगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है और परिजनों से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि सुनील की मानसिक स्थिति थोड़ी ठीक नहीं थी और वह मंगलवार से लापता था। गुरुवार की अहले सुबह घूमने निकले कुछ लोगों ने शव देखा और परिजनों सहित पुलिस को सूचना दी। मौके पर मृतक का साइकिल भी पड़ा हुआ है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। वही शव का पोस्टमार्टम कर गुरुवार को परिजनों को सौंप दिया गया।

### मजदूर संघ सीएफटीयूआइ में कई नये पदाधिकारियों का हुआ मनोनय




**गुमला (आजाद सिपाही)।** मजदूर संघ सीएफटीयूआई गुमला जिला टीम ने सिसई निवासी कृष्णा वर्मा को गुमला जिला उपाध्यक्ष एवं सिसई ,भरनो का प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही संगठन के नियम अनुसार काम करने का निर्देश दिया है। कृष्णा वर्मा को यह जिम्मेदारी लिखित रुप से सीएफटीयूआइ के महिला विंग की प्रदेश सचिव सुनीता कुमारी, जिला महिला विंग सचिव आसेन बड़ा, अमृत लाल लकड़ा सहित संगठन के वरीय पदाधिकारियों ने दी है। वहीं मिडिया प्रभारी वरुण भारती, को बनाया गया है साथ ही महिला विंग के पूर्व गुमला जिला उपाध्यक्ष को हटा कर शीला देवी को संगठन ने शामिल किया है। जिसका जानकारी मजदूर संघ सीएफटीयूआइ के प्रदेश सचिव सह गुमला, सिमडेगा, खुंटी, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा प्रभारी जुम्मन खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिये हैं।

# हज यात्रा पर जाने वाले को भूषण बाड़ा ने किया प्रोत्साहित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिमडेगा।** हज यात्रियों से मुलाकात कर उन्हें यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी विधायक भूषण बाडा ने इस दौरान उन्होंनने हज पर जाने वाले यात्रियों को अपनी मुबारकबाद पेश की और उनसे देश के लिए अमन-चैन, सुख - शांति और तरक्की के लिए दुआ करने की अपील की। उन्होंने सभी जायरीनों को बिना किसी परेशानी के हज यात्रा जाने और बिना किसी परेशानी के वापस लौटने की अल्लाह ताला से दुआएं की। उन्होंने कहा कि खुशनसीब हैं वे लोग, जिन्हें अल्लाह ने हज का फरीजा अदा करने के लिए चुना है। यही दुआ है कि अल्लाह सभी हज यात्रियों का सफर आसान फरमाकर हज कबूल फरमाए। मक्का और मदीना शरीफ की यात्रा नसीब वालों को ही मिलती है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, मो इम्तियाज अहमद सहित कांगेसी पदधारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीसी और एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं जिला पुलिस अधीक्षक संभू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जिले के पॉलीटेक्निक कॉलेज में अस्थाई रूप से बने डिस्पैच एवं रिसीविंग रूम के स्थल का निरीक्षण किया। उस दौरान उन्होंने ईवीएम कमीशनिंग, स्ट्रॉन्ग रूम समेत अन्य कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और प्रतिनियुक्त कर्मियो को सक्रिय होकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी कोषांगो के वरिया एवं प्रभारी पदाधिकारी भी मौजूद रहें। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच एवं रिसीविंग के महत्वपूर्ण कार्य को



लेकर वहां उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों, मतदान पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण व जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा डिस्पैच सेंटर से मतदान के दिन मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य निष्पादन व दायित्वों से मतदान अधिकारियों को अवगत कराया। चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जानेवाले विभिन्न प्रपत्रों की चर्चा करते हुए उन प्रपत्रों के संधारित करने के संबंध में बताया गया. उन्हें इवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू व वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को उनके कर्तव्य एवं जिम्मेवारी से अवगत कराया. कहा कि पूरे मन से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि कार्य निष्पादन में किसी तरह की भूल न हो. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सख़्त हिदायत देते हुए कहा कि यदि कोई पदाधिकारी एवं कर्मी मतदान दिवस के दिन अनुपस्थित रहेंगे तो इनपर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मटेरियल वितरण हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही डिस्पैच एवं रिसीविंग सेंटर में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए आवश्यक व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया गए । इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, जिला अपर समाहर्ता, ढऊ क्ळऊअ , एसडीओ चैनपुर, निदेशक डीआरडीए, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य सबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

### मिशन बदलाव ने थैलेसीमिया से पीड़ित मरीज के लिए किया दो यूनिट रक्तदान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव ने थैलेसीमिया से पीड़ित मरीज सरिता कुमारी उम्र 24 वर्ष ग्राम जबरा बरटोली, बघिमा पालकोट के निवासी को 2 यूनिट रक्तदान कर जान बचाया, अभी भी मरीज को चार यूनिट अ इ+ ब्लड की आवश्यकता है।मरीज सरिता कुमारी के परिजन कृष्णा इंदवार ने बताया कि मेरी बहन अत्यंत गंभीर बीमारी थेसलसमिया से पीड़ित है और रक्त की जरूरत प्रत्येक 23 महीने में होती है, सुदूरवर्ती इलाके होने के वजह से ग्रामीणों में जागरुकता नहीं है। जिसके वजह से रक्तदान के लिये कोई आगे नही आते है।मिशन बदलाव के महिला कमिटी के नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा एवम सचिव ज्योति ग्लोरिया कुजूर और नगर अध्यक्ष विनय गोप के पास मरीज के परिजनों ने रक्त की मांग किया था और ब्लड के व्यवस्था के लिये बहुत परेशान थे, इस महत्वपूर्ण कार्य के लिये पूरे टीम ने इस व्यवस्था को पूरे करने में लगे। रक्तदान के बाद परिजनों ने मिशन बदलाव के प्रति बहुत बहुत आभार प्रकट किया।

# कांग्रेस के रायडीह प्रखंड प्रभारी ने महिलाओं को बताया हक और अधिकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** रायडीह प्रखंड में अयोजित एक सभा में महिलाओं को संबोधित करते हुए देश की आधी आबादी महिलाओं को उनका हक और अधिकार जो कांग्रेस पार्टी दे रही है वह किसी अन्य राजनीतिक दलों के अंदर नहीं पाया जाता। उक्त बातें कांग्रेस के रायडीह प्रखंड प्रभारी सह कांग्रेस ज़िला महामंत्री फिरोज आलम ने कही। महिलाओं को बताया गया कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ साथ एक लाख प्रतिवर्ष , महीना के 8.5 हजार रुपए गरीब महिला को देगी। महिलाओं को बताया गया की मोदी सरकार का 10 साल का शासन में देश की जनता कितनी कठिन परिस्थिति से गुजरी है, महंगाई चरम पर है। आगामी 13 मई को गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को पंजा छाप में वोट देना है। इस बार कांग्रेस का सरकार लाना है देश को बचाना है। कार्यक्रम में कामगार जिला अध्यक्ष मुख्तार आलम सेवादल जिला अध्यक्ष कलाम राय रायडिह युवा प्रखंड अध्यक्ष नसीम ताज कृषपोटर कुजूर, उत्तम कुमार बेक और तोफील एक्का उपस्थित थे।

# नेतागिरी की आड़ मे फलफूल रहा है अवैध बालू का कारोबार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सदर प्रखंड अंतर्गत कोटाम पंचायत के किता गांव में अवैध बालू का डंपिंग जोरों से चल रहा है। इस मामले में किता गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र से कुछ माफिया किस्म के लोग राजनीतिक दबदबा बना कर बालू की अवैध तस्करी कर रहे हैं। गांव के ही एक दबंग और एक राजनितिक दल के नेता के द्वारा बालू का अवैध कारोबार क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा है। इस बात की जानकारी दूरभाष पर मजदूर संघ सीएफटीयुआइ



झारखंड प्रदेश सचिव जुम्मन खान को भी दी गई। जुम्मन खान ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मजदूर संघ की टीम पुरे मामले की जानकारी लेने के लिए किता गांव पहुंची। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि जब ग्रामीण अपने घर के लिए नदी से बालु लाते हैं तो वह दबंग व्यक्ती ग्रामीणों को बालु लाने नहीं देता है। इस पुरे मामले की जानकारी पूर्व के खनन पदाधिकारी को भी दी गई थी। पूर्व खनन पदाधिकारी ने आश्वासन भी दिया था कि जल्द छापामारी की जाएगी लेकिन उनका स्थानांतरण हो गया। वर्तमान खनन पदाधिकारी को मामले से अवगत कराया गया है। मजदूर संघ सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने इस पुरे मामले को गंभीरता पूर्वक लेने की अपील गुमला जिला प्रशासन से की है।

# लड़कियों का भविष्य बर्बाद नहीं होने दूंगी: अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने गुरुवार को केजी स्कूल एवं वूमंस कॉलेज की 12वीं में फेल हुई लड़कियों के बीच पहुंचकर उनकी व्यथा सुनी उक्त लड़किरयां शिक्षा विभाग के समक्ष धरने पर बैठी हैं। इस अवसर पर अरुणा शंकर ने कहा कि शिक्षा विभाग इन बच्चियों की कॉपियों को फिर से जांच कराए। इनमें से अधिकांश छात्राएं 11वीं में 95 फीसदी तक अंक लाई है। वह 12 में फेल कैसे हो सकती हैं। प्रथम महापौर ने हैरानी जताते हुए कहा कि केजी स्कूल में 45 में 38 लड़कियां फेल है और विमेंस कॉलेज में 40 से 50 प्रतिशत लड़कियां फेल है। जिसमें कई लड़कियां 95 प्रतिशत से ऊपर अंक 11 वीं में या इससे पहले लाती रही है। कहीं ना कहीं शिक्षा विभाग से कोई त्रुटि हुई है। प्रथम महापौर ने खुद छात्राओं के साथ डीइओ कार्यालय जाकर सारी जानकारी डीइओ से लेते हुए स्कूल के प्रिंसिपल को तत्काल बुलवाइ। प्रिंसिपल ने भी बताया यह सारी लड़कियां हमारे यहां की टॉपर्स हैं। कहीं ना कहीं कोई गलती हुई है। प्रथम महापौर ने बताया कि पलामू डीसी ने भी जांच के लिए चार दिन पूर्व पत्र दिया है। पर उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि इन छात्राओं की कॉपी निःशुल्क जांच होनी चाहिए। उनका भविष्य बर्बाद होने नहीं दिया जाएगा। इसे लेकर मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करूंगी।

## वोटर्स ऑन इलेक्शन ड्यूटी : आवश्यक सेवा से जुड़े व अन्य लोग कर रहे मतदान

# पलामू में मतदान से वंचित मतदाता आज और कल कर सकेंगे मतदान

**समाहरणालय के दूसरे तल्ले पर सुविधा केंद्र स्थापित, जहां छुटे हुए मतदाता कर सकेंगें अपना-अपना मतदान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसे लेकर स्वीप के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वहीं कोई मतदाता छुटे ना इसे लेकर चुनाव कार्य में संग्लन विभिन्न पदाधिकारियों-कर्मियों से पोस्टल बैलेट के माध्यम से 13 मई से पूर्व ही मतदान करवाया जा रहा है। शहर के हेरिटेज और गिरीवर स्कूल में चुनाव कार्य में संग्लन कर्मचारियों को पहले प्रशिक्षण व बाद में पोस्ट बैलेट के माध्यम से मतदान भी करवाया गया। वहीं 7 से 9 मई तक पुलिस लाइन में भी मतदान करवाया गया। इसी कड़ी में समाहरणालय के दूसरे तल्ले पर आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों का मतदान कराया जा रहा है। बावजूद इसके अगर किसी कारणवश कोई मतदाता अपना मतदान नहीं कर पाया है तो वैसे लोगों के लिये शुक्रवार और शनिवार को समाहरणालय के दूसरे तल्ले पर सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है जहां छुटे हुए मतदाता अपना मतदान कर सकेंगे। इस बाबत जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने कहा कि जो लोग चुनाव कार्य में जुड़े हैं या आवश्यक सेवाओं में है या दिव्यंजन जो मतदान केंद्र पर चलकर नहीं आ सकते या 85 से अधिक आयु के हैं उन सभी से पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करवाया जा रहा है। कोइ भी योग्य मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे, इस दिशा में निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में यह मतदान करवाए जा रहे हैं। ऐसे में आप सबकी बारी 13 मई है। अतः सोमवार को अपने बूथ पर जाकर मतदान जरूर करें।

## कोई भी मतदाना मतदान से वंचित ना रह जाये : डीसी



### डीइओ ने विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर 13 मई को होने वाले मतदान के दिन की पूर्व की जाने वाली तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया।इस दौरान उन्होंने पी-1,पी-2 के डिस्पैच संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकी दी। इसके अलावे उन्होंने विधानसभा वार डिस्पैच सेंटर के लिए अलग-अलग टेबल लगाने की बात कही। कहा कि ऐसी व्यवस्था करें, ताकि मतदान के लिए डिस्पैच किए जाने वाले मतदान कर्मियों को कोई दिक्कत न हो। उन्होंने वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को सभी सेक्टर पदाधिकारियों के साथ वाहन टैग रहे यह सुनिश्चित करने की बात कही। इवीएम सीलिंग, मॉकपोल एवं अंतिम रूप से जांच की स्थिति, स्पेशल पैकेट की तैयारी, इवीएम वितरण के लिए सहायक निवार्ची पदाधिकारी से समन्वय कर योजना की तैयारी, मतदान की तिथि के लिए इवीएम एक्सपर्ट की प्रतिनियुक्त, मतदान की तिथि को सेक्टर पदाधिकारी से अप्रयुक्त रिजर्व इवीएम प्राप्ति के लिए वीवीपैट वेयरहाउस में कर्मियों की प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। डिस्पैच सेंटर पर वाहन कोषांग की कार्य योजना, विधानसभावार मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान दल, सुरक्षा बल एवं अन्य कर्मी यथा-माइक्रो प्रेक्षक, वेब कास्टिंग कर्मी वीडियोग्राफर, सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान केंद्र पर भेजने के लिए वाहनों के आवश्यकता के अनुरूप वाहनों की उपलब्धता की स्थिति, मतदान केंद्रवार वाहनों के टैगिंग एवं कम्युनिकेशन प्लान की तैयारी की स्थिति, डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र के लिए भेजे जाने वाले वाहनों के लिए पेट्रोल पंप के टैगिंग की स्थिति, सुरक्षा बलों के लिए वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता की स्थिति की तैयारी से अवगत होते हुए कई निर्देश दिये। मौके पर विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की उंटारी रोड़ में सभा आज



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आइएनडीआइए गठबंधन की राजद प्रत्याशी ममता भुईयां के समर्थन में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की जनसभा को लेकर उतारी रोड़ में तैयारी पूरी कर ली गई है। विश्रामपुर कांग्रेस के अध्यक्ष रवींद्र उर्फ गुड्डु शुक्ला ने बताया कि बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की जनसभा ऐतिहासिक होगी। जिसमे बिहार से लेकर झारखंड के कई बड़े नेता भाग लेंगे। गठबंधन धर्म का पालन करते हुए इस सभा को लेकर पंचायत स्तर से गांव-गांव तक घर-घर कैंपेन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वीडियो सोशल साइट में वायरल हो रहा जिसमें एक व्यक्ति द्वारा खुद को कांग्रेसी नेता बताते हुए देश और राष्ट्रहित में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की जा रही है। वह व्यक्ति मणिभूषण पांडेय गोदरमा विश्रामपुर के रहने वाले हैं। इन्हें पार्टी की ओर से पूर्व में ही कई गलत गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण निकाल दिया गया है। मणिभूषण पांडेय कांग्रेस के किसी भी पद पर नहीं हैं। इंडी गठबंधन की पलामू लोकसभा प्रत्याशी ममता भुईयां के साथ सभी कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य कर रहे है। लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर प्रचार किया जा रहा है। तथाकथित कांग्रेसी नेता के द्वारा अनर्गल बयान से पार्टी को कोई लेना देना नहीं है।

### महागठबंधन प्रत्याशी को जिताने को लेकर कांग्रेसी कृतसंकल्पित हैं : धनंजय तिवारी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता आज पलायन, बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त है और केंद्र की भाजपा सरकार झूठे वादों के सहारे लोगों को गुमराह करने में जुटी है। उक्त बातें कांग्रेस प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने कही। वे गुरुवार को हुसैनाबाद शहर के तिवारी कॉम्प्लेक्स स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे। पर जीतने के बाद किसी को भी धरातल पर नहीं उतारा। कहा कि भाजपा सरकार समाज को बांटकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकती है। पर जनता सजग हो चुकी है। इस बार लोकसभा चुनाव में देश की जनता भोजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्यासी शिक्षित साफ छबि एवं युवा उम्मीदवार ममता भुईयां के साथ मजबूती से कांग्रेसी खड़े हैं। उनको भारी अंतर से जिताने को लेकर कृत संकल्पित हैं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर तिवारी, अवधबिहारी सिंह, जिला उपाध्यक्ष मशरूर अहमद, प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडे, अर्जुन सिंह, शैलेश सिंह, उपाध्यक्ष रिजवान अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुराई यादव, अंबिका सिंह, जोगिंदर सिंह, अखिलेश प्रसाद द्विवेदी, राम सुंदर राम आदि उपस्थित थे।

# डीसी ने किया सामग्री कोषांग का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने पुराने समाहरणालय परिसर के पुराने जिला भू-अर्जन कार्यालय में संचालित सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदानकर्मियों के लिये तैयार पैकेटों की जानकारी ली। इसके अलावे चुनाव कार्य में प्रयोग होनेवाली सामग्री की जानकारी लेते हुए सामग्री सूची लेकर एक-एक सामग्रियों का मिलान किया। उन्होंने चुनाव में पीठासीन पदाधिकारी की अनुदेश पुस्तिका, ईवीएम की अनुदेश पुस्तिका, विभिन्न प्रकार के प्रपत्र, स्टेच्यूररी एवं नन स्टेच्यूररी पैकेट के लिफाफे, पेन, पिन, अमिट स्याही, मेटल सील, विभिन्न प्रकार के पोस्टर और अन्य महत्वपूर्ण सामग्रियों का मिलान किया। साथ ही विधानसभावार निर्मित पैकेट, प्रभेदक चिन्ह की भी जांच की। उन्होंने मतदान सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैनको सामग्री की पैकेटिंग करते समय चुनाव के आयोग के मापदंड के अनुसार निर्धारित सामग्री की जांच करने एवं उपलब्ध कराने के प्रति चौकस रहने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दल को दी जाने वाली अन्य सामग्रियों की बारीकी से जांच की।

### केंद्र की योजनाओं से लोगों को अवगत कराने का निर्देश

**टूडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित रतनपुर पंचायत के गादी टुंडी मे शक्ति केंद्र की एक बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर चौधरी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से बिहार-झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपने बूथो के सभी घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से मतदाताओं को अवगत कराते हुए उन्हें अपने पक्ष में मतदान करने का निर्देश दिया। साथ ही चंद्रप्रकाश चौधरी को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। बैठक में गिरिडीह लोकसभा के संयोजक प्रकाश सेठ, जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, टुंडी विधानसभा के प्रभारी विनय सिंह, संयोजक ज्ञानरंजन सिन्हा, सह संयोजक रामप्रसाद महतो, नीलकंठ रवानी आदि थे।

# राष्ट्र के विकास का विजन सिर्फ भाजपा के पासः डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**भाजपा नेता ने पार्टी प्रत्यासी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क पथसभा में भी हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने गुरुवार को विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़, पंजरी, बरीगवा, गुरी, भंडार, पहरगेरुवा, बलुवाहाउलीपहाड़ी, शंकरडीह, केतात सहित दर्जनों गांवों में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने लोगों को निवर्तमान सांसद सह भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के 10 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। इसके अलावा मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को बताया। वहीं, मुन्ना चंद्रवंशी भाजपा द्वारा पंचायत मुख्यालयों में आयोजित कई पथ सभा में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकाश का विजन सिर्फ भाजपा के पास है। केंद्र की मोदी सरकार ने एक मिशन के तहत देश को विकसित बनाने हेतु कई उल्लेखनीय कार्य किया है। कांग्रेस नीत गठबंधन तो सिर्फ तुष्टिकरण करने में जुटा हुआ है। मौके पर वरीय भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, कुश कुमार ओझा, मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, रीता देवी, किरण दूबे, दामोदर प्रसाद यादव, सुनिल कुमार चौधरी, राधेश्याम चौधरी, बुल्लू पासवान, सतीश सिंह, सत्नरायण सिंह, राधेकृष्ण साव, दयाल विश्वकर्मा, मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, चुन्नू चन्द्रवंशी, पंकज तिवारी, संजय चन्द्रवंशी, बबन सिंह, उपेन्द्र तिवारी, मनोज दूबे, अनील पासवान, नंदलाल चंद्रवंशी, शिवबंश मिश्रा आदि थे।

### लोस चुनाव को लेकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पुलिस-जवानों ने चलाया सर्च अभियान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 13 मई को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसे लेकर गुरुवार को हरिहरगंज थाना के पथरा पुलिस पीकेट के सुदूरवर्ती क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गावों और संदिग्ध जगहों पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती, पथरा, ढकचा, सलैया, पचमो,रबदी आदि कई गांवों और पुल, पुलिया सहित संदिग्ध स्थलों पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में पड़ने वाले कई बूथ केंद्रों का निरीक्षण भी किय। उन्होंने बताया कि सर्च अभियान में कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाया गया। खबर लिखे जाने तक अभियान के दौरान किसी तरह का कोई संदिग्ध वस्तुओं की बरामदगी नहीं हुई। सर्च अभियान में पथरा ओपी के मंटू कुमार, सीआरपीएफ जी/190 बटालियन के सहायक कमांडेड विकास कुमार सहित सीआरपीएफ व पुलिस के जवान शामिल थे।

### श्री सर्वेश्वरी समूह की गुरी शाखा ने खोली पनशाला

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह की ओर से गुरुवार को दो जगहों पर पनशला खोला गया। पहला गूरी सरकारी स्कूल के पास और दूसरा पिपरा बस स्टैंड के पास खोला गया। जिसका उद्घाटन पंसस ओमप्रकाश पांडे ने किया। इसके बाद समूह के लोगों ने राहगीरों को गुड और शुद्ध पेयजल पिलाना शुरू किया। वरिष्ठ सदस्य राम लखन पांडेय ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा ही सर्वेश्वरी समूह का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर हलकानी राम, राम लखन पांडेय आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



# रियल मैड्रिड यूइएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में

**सेमीफाइनल के दूसरे लेग में म्यूनिख को 2-1 से हराया, 1 जून को डॉर्टमंड से भिड़ंत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रियल मैड्रिड यूएफा चैंपियंस लीग (यूसीएल) के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने गुरुवार को सेमीफाइनल के दूसरे लेग में बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराया। इस तरह दोनों लेग को मिला कर रियल मैड्रिड ने 4-3 से फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल के पहले लेग में दोनों टीमों ने 2-2 गोल किया था। 14 बार के यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड का सामना फाइनल में वेम्बली में डॉर्टमंड से होगा। रियल मैड्रिड के लिए दोनों गोल जोसेलु ( जोस लुइस माटो ) ने किया। वहीं म्यूनिख के लिए एक मात्र गोल डेविस ने किया। दोनों टीमें हाफ टाइम तक बराबरी पर थीं। मैच के 68वें मिनट में म्यूनिख के डेविस ने गोल कर अपनी टीम को



1-0 की बढ़त दिला दी और फाइनल के लिए राह आसान कर दिया। उन्होंने सेंटर सर्कल में साथी खिलाड़ी केन के बायीं ओर से दिए पास को गोल में तब्दील कर टीम को मैच में आगे कर दिया।

### जोसेलु के गोल कर लेकर रहा विवाद

वहीं मैच के 88 वें मिनट में जोसेलु ने एंटोनियो रुडिगर के पास को गोल में तब्दील कर टीम को बराबरी पर ला खड़ा किया। जोसेलु के इस गोल को लेकर विवाद रहा। शुरूआत में गोल को ऑफ साइड करार दिया गया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी ने गोल को सही करार दिया। वहीं उन्होंने टीम के लिए दूसरा गोल 91वें मिनट में किया और इस तरह रियल मैड्रिड इस मैच में म्यूनिख से 2-1 से आगे हो गया।

### पहले लेग में स्कोर बराबरी पर था

वहीं पहले लेग के खेले गए सेमीफाइनल में दोनों टीमें ने 2-2 गोल किए थे। यह मैच 2-2 की बराबरी पर था। ऐसे में दोनों लेग को मिला कर रियल मैड्रिड के चार गोल हो गए, जबकि बायर्न म्यूनिख के 3 गोल रहा। बतातें चलें कि राउंड ऑफ 16 से लेकर सेमीफाइनल तक के मुकाबले 2 लेग में खेले जाते हैं। एक-एक मैच दोनों क्लबों के घर में होते है। दोनों लेग में कुल मिला कर ज्यादा गोल करने वाली टीम को विजयी घोषित किया जाता है।

# जनता से इस बार सही प्रत्याशी चुनने में चूक किया तो गैर सिलेंडर 4000 के पार होगा : अनुपमा सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** केंद्र में पिछले 10 साल से भाजपा की सरकार है। देश की जनता इस अवधि में विकास व न्याय का इंतजार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को पिछले चुनाव में गैस सिलेंडर दिखाकर दिग्भ्रमित किया था। 300 रुपए का मिलने वाला रसोई गैस सिलेंडर हजार रुपए का हो गया है। उक्त बातें आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कही। वे गुरुवार को माइंस रेस्क्यू मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने इस बार 400 पार का नारा दिया है। अगर जनता से सही निर्णय नहीं लिया तो कहीं इस बार रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 4000 रुपये के पार ना चला जाए। उन्होंने कहा कि पूर्णिमा नीरज सिंह मुझे बहन के रूप में प्रतीत होती है। स्वर्गीय नीरज सिंह की शक्ति उनके साथ है। झरिया विधानसभा की जनता ने भी उन्हें अपार स्नेहा प्रेम दिया है। वहीं पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि भाजपा के लोग जीत के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाने में माहिर हैं। कहा कि पति नीरज सिंह की हत्या से लड़ाई खत्म नहीं हुई, बल्कि अब भी जारी है। अब झरिया में किसी की गुंडागर्दी, गोलीबारी रंगदारी नहीं चलने दी जाएगी। बच्चों से आरएसपी कॉलेज जैसा शिक्षा का मंदिर नहीं छिनने दिया जाएगा। धनबाद लोकसभा में कोई भी ऐतिहासिक कार्य नहीं हुआ। भाजपा के सरकार में धनबाद की जनता को सिर्फ धोखा मिला है। अनुपमा सिंह की जीत के साथ धनबाद की जनता को एक नया विश्वास मिलेगा। सभा का संचालन कर रहे रामकृष्ण पाठक ने कहा कि विरोधी पक्ष के नेता खुद एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लग रहे हैं। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता केडी पांडे व संचालन धन्यवाद जापान पिंटू तुरी ने किया। इस मौके पर एसके जमा, करीम अंसारी, नवल किशोर पासवान, निरंजन कुमार, शिव दत्त, पारस यादव, सोराब अंसारी आदि मौजूद थे।

### भाजपा नेता का प्रयास रंग लाया रंग, जमारी के लोगों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय बदला

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत घासीदाग पंचायत के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का अपना निर्णय बदल दिया है। ग्रामीणों का यह बदलाव वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव के अथक प्रयास का नतीजा है। बताते चलें कि जमारी गांव प्रखंड व जिला मुख्यालय से सड़क मार्ग द्वारा नहीं जुड़ा है। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ प्रदर्शन करते हुए इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का फैसला लिया था। मीडिया में विगत छह मई के अंक में खबर प्रकाशित होने के बाद भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने इसे गंभीरता से लिया। वे गुरुवार को जमारी गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात करते हुए निर्णय बदलने का आग्रह किया। गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने का आश्वासन भी दिया। कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम के तीसरी बार जीतते ही गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने की पहल और प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। जिसके बाद ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का फैसला बदल दिया। इतना ही नहीं उनके नेतृत्व में ग्रामीणों ने मतदान करने का संकल्प भी लिया। धर्मदेव सिंह यादव ने दावा किया कि जमारी गांव के लोग भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम को अपना समर्थन दे दिया है। उन्होंने ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए गांव के विकाश में महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान भी किया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## गिरिडीह : लोस चुनावी मैदान में 16 प्रत्याशी शेष, चुनाव चिह्न आवंटित

बोकारो (आजाद सिपाही)। गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को नाम वापसी के अंतिम दिन दो प्रत्याशियों उषा देवी एवं पुजा कुमारी ने अपना नाम वापस ले लिया। इस बाद अब कुल 16 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस दिन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों के तीन प्रत्याशियों एनडीए समर्थित आजसू के चंद्र प्रकाश चौधकी को केला, बसपा प्रत्यासी कमल प्रसाद को हाथी और आइएनडीआइए गठबंधन के झामुमो प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो को तीर कमान दिया गया। इसके अलावा छह रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के प्रत्याशी और सात निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। इसकी जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों की संख्या 16 होने के कारण सभी केंद्रों पर अतिरिक्त एक बैलेट यूनिट (बीयू) लगाया जाएगा। इसके लिए बीयू का सप्लीमेंटरी रेंडमाइजेशन भी होगा। वहीं, मतदान कर्मियों (पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री) के लिए दूसरा रेंडमाइजेशन कार्य भी पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल मतदाता 18,01,845 है। इसके अतिरिक्त 57,564 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। स्वतंत्र, भयमुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए विशेष तौर पर फुलप्रूफ व्यवस्था की गई है। चुनाव आयोग से मिले दिशा-निर्देश के मुताबिक तैयारी की जा रही हैं। मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए संबंधित पदाधिकारी को पहले ही निर्देशित कर दिया गया है। जिले के सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी, इसके लिए 23 मई को ड्राई रन भी किया जाएगा। जिले में सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक का आगमन हो गया है, पूरी चुनाव प्रक्रिया की उनके द्वारा निगरानी की जा रही है। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, अभ्यर्थी, आम मतदाता प्रेक्षक के समक्ष अपनी बात रखने एवं किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधित शिकायत के लिए शाम चार से पांच बजे तक बोकारो परिसदन सभा कक्ष, बीएस सिटी में मिल सकते हैं। वहीं, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने बताया कि भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को लगाया जाएगा। पूरे क्षेत्र में निगरानी रखी जा रही है। जिले में अब तक आदर्श आचार संहिता का कुल 03 मामला दर्ज हुआ है, जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

## मथुरा ने ताबड़तोड़ चलाया जनसंपर्क अभियान



कतरास (आजाद सिपाही)। गिरीडीह लोकसभा केंद्र से आइएनडीआइए गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने गुरुवार जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इस दिन आकाश किनारी बस्ती में बैठक भी की। जहां मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि भाजपा केवल भेदभाव का राजनीति कर रही है। उसमें दम है तो विकास की बात करके दिखाये। विकास के नाम पर चुनाव मैदान में आए। आरोप लगाया कि भाजपा ने 27 प्रतिशत आरक्षण को घटाकर आधा कर दिया है। एनडीए प्रत्याशी गिरिडीह से चुनाव जीतकर दिल्ली और रामगढ़ में आराम फरमाते है। चुनाव के बाद जनता से उनका कोई मतलब नहीं रहता है। संविधान की रक्षा के लिए, महंगाई पर रोक के लिए, युवाओं के अधर में लटके भविष्य के लिए महा गठबंधन को जितना जरूरी ह। वहीं, राजद प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव ने गाजा बाजा के साथ तेतुलिया, आकाश कनारी में जनसंपर्क अभियान चलाकर महा गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव व संचालन जियाउल हक ने किया। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, बाघमारा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू, हीरा यादव, बबलू यादव, राजेश यादव, ओंकार यादव, मो नईम, सोनू कुमार आदि थे।

## कांग्रेस जात-पात की नहीं, जमात की राजनीति करती है : संतोष कुमार सिंह



धनबाद (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बूथ कमेटी की तैयारी, आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के प्रचार-प्रसार व जनसंपर्क अभियान चलाने संबंधित विषयों को लेकर गुरुवार को हाउसिंह कृलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने धनबाद लोस क्षेत्र अंतर्गत जिला के सभी प्रखंडों एवं नगरों की बूथ कमेटी की तैयारी दुरुस्त करने के साथ ही प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में प्रचार-प्रसार व जनसंपर्क अभियान अभियान जोरदार ढंग से चलाने का आह्वान किया। साथ ही लोकसभा चुनाव के सफल संचालन एवं मजबूती को लेकर जिला कांग्रेस की एक संचालन कमेटी का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस जात-पात की नहीं, बल्कि जमात की राजनीति करती हैं। पार्टी सभी जाति एवं धर्म के लोगों को प्रेम भाईचारा और सद्भावना के साथ एक सूत्र में बांधे रखने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रत्यासी अनुपमा सिंह को क्षेत्र में लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। धनबाद की जनता भाजपा के दोहरे चरित्र को समझ चुकी है। इस बार कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का मन बनाया है। इस लिए अनुपमा सिंह की जीत ऐतिहासिक होगी। संतोष सिंह ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को निशाने पर लिया। कहा कि भाजपा की ओर से उन्हें प्रत्याशी बनाये जाने पर जनता में काफी नाराजगी है। धनबाद की जनता ने निवर्तमान सांसद पीएन सिंह के स्वच्छ छवि के कारण उन्हें तीन बार जिताया। पर इस बार जनता की नाराजगी के कारण ढुल्लू महतो को अपनी हार साफ दिख रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता का सहयोग कांग्रेस को मिल रहा है। इस मौके पर राजेश्वर सिंह यादव, लक्ष्मण तिवारी, रमेश जिंदल, क्यूम खान अक्षयवर प्रसाद, नंदलाल पासवान, मंटू दास, वकील बाउरी, इरफान खान चौधरी, गुड्डू खान, संतोष चौधरी और पप्पू तिवारी आदि थे।

## बाजार समिति व धनबाद पॉलिटेक्निक का निरीक्षण

धनबाद (आजाद सिपाही)। सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने गुरुवार को कृषि बाजार समिति और धनबाद पॉलिटेक्निक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धनबाद, बोकारो, टुंडी, सिंदरी, झरिया, बाघमारा, चंदनकियारी व निरसा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा और मतगणना हॉल का जायजा लिया। साथ ही इवीएम व मटेरियल डिस्पैच, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई आदि का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# पिछली बार से भी अधिक मतो से होगी जीतः चंद्रप्रकाश चौधरी

## कहा- नरेंद्र मोदी जी का नारा अबकी बार 400 पार जरूर पूरा होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



फुसरो की ढोरी बस्ती में हुई एनडीए की बैठक में उपस्थित सीपी चौधरी व अन्य।

करगली/बेरमो/टुंडी। फुसरो नगर परिषद के वार्ड नंबर 20 ढोरी बस्ती में गुरुवार को एनडीए गठबंधन की बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश (सीपी) चौधरी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से पिछली बार ढाई लाख वोट से जीत मिली थी। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से इस बार पिछली बार से भी अधिक मतों से जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी का नारा अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करने के साथ ही उनके हाथों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। कहा कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर एनडीए गठबंधन की हीत होगी। उन्होंने कहा कि 400 पार के लक्ष्य में कमल फूल के साथ एक केला फल भी लोकसभा में शामिल होगा, जो आप सभी के हर सुख दुख में साथ रहेगा। दूसरी ओर, टुंडी के मोहनाद, तिलैयतांड, कन्हाईडीह, भोजूडीह, संग्रामडीह, हीरापुर, लोधारिया व पूर्वी टुंडी के सुंदरपहाड़ी, दलदली, बाजडीह, पालोबेड़ा, दुम्मा, मैयाराटांड, मोहलीडीह, बड़बाद, बालाडीह, शंकरडीह, लटानी, हलकट्टा में दौरा कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, केंद्रीय सदस्य संतोष कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री टुनटुन तिवारी, रमेश स्वर्णकार, नगर प्रभारी शक्ति प्रसाद महतो, केंद्रीय सचिव बुचू सिंह, गिरिराज गिरी, रमेश गिरी, लाल गिरी, अशोक रविदास, कौशल्या देवी, बेला देवी व कांति देवी आदि उपस्थित थीं। जबकि टुंडी में ज्ञान रंजन सिन्हा, भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष समीर कुमार साहू, मनोज महतो, तिवारी महतो, हलधार महतो, देवेंद्र राय, सोनू मंडल, शिवम जायसवाल आदि थे।

## धनबाद से जीती तो अधिवक्ताओं की समस्याओं को दूर करूंगी : अनुपमा



आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह गुरुवार को धनबाद बार एसोसिएशन पहुंची। वहां पदाधिकारीयों एवं अधिवक्ताओं से मिलकर कांग्रेस को वोट करने की अपील की। वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने अनुपमा सिंह से जीतने के बाद एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करवाने एवं प्रेक्टिस करने वाले सभी अधिवक्ताओं के लिए बैठने की समूचित व्यवस्था करवाने की मांग की। वहीं अनुपमा सिंह ने बताया कि यहां 5000 अधिवक्ताओं का आश्वासन मिला है। उनके आशीर्वाद से वह अगर धनबाद की सांसद बनती है तो उनकी समस्याओं का निराकरण करवाएंगी एवं केंद्रीय योजनाओं को बेहतर तरीके से धनबाद में लागू हो इसकी व्यवस्था करेंगी।

## मोदी जी के लक्ष्य को पूरा करना है : राज सिन्हा

**भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा की विधानसभा स्ततीर सामाजिक सम्मेलन संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। जोड़ाफाटक रोड स्थित इंडस्ट्रीज ऑफ कॉमर्स एसोसिएशन में जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा विधानसभा का सामाजिक सम्मेलन संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेश सिंह चंद्रवंशी, संचालन धनबाद महानगर महामंत्री राजेश गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन भूली मंडल अध्यक्ष डॉक्टर एमके वर्मा ने किया। कार्यक्रम के संयोजक दिलीप सिंह चंद्रवंशी ने कार्यक्रम की रूप रेखा तय की और सफल बनाने में अहम योगदान दिया। वहीं, शैलेश सिंह चंद्रवंशी ने कहा धनबाद लोकसभा चुनाव में धनबाद महानगर अपनी टीम के साथ जी तोड़ मेहनत कर सीट जीतकर परचम लहरायेगी। कार्यक्रम की शुरूवात धनबाद विधायक राज सिन्हा ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दिन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। राज सिन्हा ने मोदी जी के मिशन को पूरा करने का आह्वान किया। राज सिन्हा और ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने ओबीसी वर्ग के प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित भी किया। वहीं धनबाद लोकसभा प्रत्यासी ढुल्लू महतो के बड़े भाई शरद महतो ने ओबीसी वर्ग की भूमिका पर प्रकाश डाला। ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अमरदीप यादव ने केंद्रीय संगठन के दिए गए लक्ष्य को धनबाद सीट जीतकर पूरा करने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष ईश्वर चंद्र प्रजापति ने कहा ओबीसी वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। प्रदेश मंत्री सह धनबाद लोकसभा प्रभारी अजय शर्मा ने कहा कि धनबाद लोकसभा के सभी विधानसभा में यह सामाजिक सम्मेलन मिल का पत्थर साबित होगा। मीडिया प्रभारी राजेश यादव ने कहा लोकसभा चुनाव में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। वहीं, ओबीसी आईटी सेल संयोजक सह धनबाद लोकसभा सह प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कहा वर्ष 2043 में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा जिसमें आईटी सेल की भूमिका महत्त्वपूर्ण होने वाली है। इस मौके पर धनबाद लोकसभा चुनाव संचालन समिति के योगेंद्र यादव, पार्षद अंकेश राज, उचित महतो, कार्यसमिति सदस्य अनिल शर्मा, श्रवण राम चंद्रवंशी, धनबाद महानगर उपाध्यक्ष रिंकू शर्मा, मीडिया सेल के जीराखान चंद्रवंशी, विकाश मंडल, मंडल अध्यक्ष गणों में संतोष सोनकर, भीम डे, सुनील कुमार, अजीत पोद्दार व अमित साव आदि उपस्थित थे।

## बेरमो सीओ ने कई बूथों का किया निरीक्षण

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर बेरमो सीओ सह बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार और बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार के साथ गुरुवार को फुसरो नगर के कई बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान बूथों में मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया। बताया कि 25 मई को गिरिडीह में लोकसभा चुनाव होने वाला है। इसकी तैयारी के लिए गुरुवार को 11 बूथों का निरीक्षण किया गया है। इसमें कुछ बूथों पर गंदगी पायी गयी है इसके लिए नगर परिषद के अधिकारी को साफ-सफाई कराने का निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि कई बूथ वैसे है जिसमें किसी का आवागमन होने के कारण सफाई होने के वाबजूद फिर से बारिश आदि के कारण गंदगी हो रही है। जिसे सप्ताह में कम से कम एक बार सफाई कराने का निर्देश दिया।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(पोस्टल बैलेट–सह–मतपत्र कोषांग, हजारीबाग।)**

**–:आदेश:–**

लोक सभा आम निर्वाचन–2024 के निमित्त वरिष्ठ मतदाताओं (AVSC 85+) एवं वैसे विकलांग मतदाताओं (AVPD)को जिनकी विकलांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है के लिए Home Voting कराये जाने का प्रावधान है। उक्त के आलोक में पूर्व में उप निर्वाचन पदाधिकारी के पत्र संख्या 790 दिनांक 30.04.2024 द्वारा Home Voting कराये जाने की तिथि दिनांक 09.05.2024 से 14.05.2024 निर्धारित की गई थी। परन्तु अपरिहार्य कारणवशउक्त तिथि में संशोधन करते हुए Home Voting कराये जाने की तिथि दिनांक 10.05.2024 से 14.05.2024 तक निर्धारित की जाती है।

जला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 324628 Election(24-25).D

**झारखंड सरकार**
**उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग।**
**कार्यालय सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग**

**"आम–सूचना"**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 14–हजारीबाग लोक सभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से हजारीबाग जिले में अवैध /नकली / अन्य राज्यों की शराब के निर्माण, बिक्री, भण्डारण अथवा वितरण से सम्बन्धित कोई सूचना साथ ही जिला में संचालित खुदरा उत्पाद दूकानों में MRP से अधिक पर बिक्री की शिकायत उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के कन्ट्रोल रूम के टॉल फ्री नम्बर–18003457024, मोबाईल / व्हाट्सऐप नम्बर–6200459412, 6200482331 एवं ईमेल–excisecomplaint.jhr@gmail.com पर अथवा हजारीबाग जिला के उत्पाद पदाधिकारियों के Whatsapp मोबाईल नम्बर 8210220579, 7903995107, 8210837784, 7903837619 पर दर्ज की जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।

सहायक आयुक्त उत्पाद हजारीबाग

PR 324610 Excise(24-25)#D

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों को मिला चुनाव चिह्न



धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिह्न आवंटित किया। इसे लेकर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में माधवी मिश्रा ने बताया कि लोस चुनाव के लिए 28 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। स्क्रूटनी के बाद तीन उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया गया। वहीं गुरुवार अपराह्न तीन बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी। पर किसी उम्मीदवार ने अपना नाम वापस नहीं लिया है। सभी 25 उम्मीदवारों के बीच सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची की उपस्थिति में चुनाव चिह्न आवंटित किया गया। जिसमें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उनके रिजर्व चिन्ह दिए गए। जिसमें कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह को हाथ, भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो को कमल और बसपा के मोहन सिंह को हाथी का सिंबल दिया गया। वहीं अकबर अली को केटली, डॉ परवेज नैय्यर को एयर कंडीशनर, कृष्ण चन्द्र राज सिंह को बक्सा, दीपक कुमार दास को ब्लैक बोर्ड, राजीव तिवारी को बैटरी टॉर्च, रिजाउल हक को सेब, संजय कुमार गिरी को आलमारी, अनिन्दिता दास को माइक, एकलाक अंसारी को हेलमेट, उमेश पासवान को नारियल फार्म, कामेश्वर प्रसाद वर्मा को टाइप मशीन, मो जहीरूद्दीन खान को पानी की टंकी, जगदीश रवानी को कैंची, जनक शाह गोंड को बेबी वॉल्कर, तुलसी महतो को गुब्बारा, त्रिदेव कुमार महतो को ऑटो रिक्शा, निताई दत्ता को गैस सिलेंडर, प्रेम प्रकाश पासवान को बल्ला, मोहम्मद तफाजुल हुसैन को चुड़ियां, मोहम्मद फैसल खान को कलम की नीब 7 किरणों के साथ, लक्ष्मी देवी को फलों से युक्त टोकरी व सुनैना किन्नर को ब्रेड सिंबल दिया गया।

## वीबीएमके विश्वविद्यालय में चला मतदाता जागरूकता अभियान

# मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए मतदान अवश्य करें : कुलपति

**मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य व राष्ट्रधर्म है : विश्वविद्यालय अध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने गुरुवार को विनोद बिहारी महतो कोयलांचल (विबिएमके) विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर सभी विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, सफाईकर्मियों व सुरक्षाकर्मियों को मतदान के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। वहीं अभाविप के इस सराहनीय कदम की कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार ने प्रशंसा की। कहा कि हमारा एक मत देश के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसके लिए वे भी सभी मतदाताओं से अनुरोध करते है कि सभी किसी भी प्रत्याशी अथवा दल के प्रलोभन में न आकर मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए मतदान करें। विवि अध्यक्ष चिरंजीव विश्वकर्मा ने कहा कि मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य व राष्ट्रधर्म भी है जिसका निर्वहन करने के लिए हमें आगे आना चाहिए। धनबाद व गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मौसम कैसा भी हो इसकी परवाह किए बगैर हमें बूथ पर पंक्तिबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। वहीं, अभाविप कार्यकर्ता स्वयं स्वर्ण ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। मौके परडीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुमन बर्नवाल, विश्वविद्यालय अध्यक्ष चिरंजीव विश्वकर्मा, अभाविप कार्यकर्ता स्वयं स्वर्ण, विश्राम मंडल, गोविंद टुडू, निकीता, लक्ष्मी, विक्रम, मुस्कान, अभीजित, सौरभ गुड़िया, तारिक, गोरांग, मोनिका, रीतिका, तनुश्री, नेहा, विशाल शोभा आदि थे।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(उत्पाद शाखा)**

**–:आदेश:–**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखंड, रॉची के पत्रांक–01/नि0वि0 –22–23 (पार्ट–1) –2020/1186 दिनांक 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखंड, रॉची के पत्रांक–651 दिनांक 01.04.2024 एवं पत्रांक –814 दिनांक 12.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन– 2024 के अवसर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (C) के अनुपालन में मतदान दिवस को 48 घण्टे पूर्व से सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थो की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मैं, नैन्सी सहाय (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी– सह– उपायुक्त, हजारीबाग, झारखंड उत्पाद अधिनियम की धारा–26 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए हजारीबाग जिलान्तर्गत मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक एवं पुर्नमतदान यदि आवश्यक हुआ तो, के दिन तथा मतगणना के दिन सम्पूर्ण हजारीबाग जिला में निम्न प्रकार शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित करती हूँ–

| क्र | चरण | लोकसभा क्षेत्र का नाम | मतदान की तिथि | शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि | शुष्क दिवस का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पॉचवॉ | 5–चतरा<br>6–कोडरमा<br>14–हजारीबाग | 20.05.2024 | दिनांक 18.05.2024 के शाम 05.00 (PM) से दिनांक 20.05.2024 को शाम 05.00(PM) तक। | सम्पूर्ण हजारीबाग जिला |
| 2 | शष्टम | 8–गिरिडीह<br>10–रॉची | 25.05.2024 | दिनांक 23.05.2024 के शाम 05.00 (PM) से दिनांक 25.05.2024 को शाम 05.00(PM) तक। | सम्पूर्ण हजारीबाग जिला |
| | | | | | |
| मतगणना की तिथि | | | 04.06.2024 | सम्पूर्ण दिवस | सम्पूर्ण हजारीबाग जिला |

शुष्क दिवस की उक्त अवधि में हजारीबाग जिले की सभी शराब दुकानें, होटल, रेस्तरॉ एवं बार सहित सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, रेस्तरॉ, क्लब, भोजनालय, पाक्शाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा अन्य निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिीटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम के उपबंधों एवं आयोग के निर्देश का उल्लंघन करेगा तो दोषी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा– 135(C) एवं उत्पाद अधिनियम के अर्न्तगत दण्डित करने की कार्रवाई की जायेगी तथा इसके साथ–साथ किसी भी प्रकार का अनलाईसेन्सड प्रीमिसेस (Unlicensed Premises) में शराब के भण्डारण हेतु लगाये गये प्रतिबंधों का सख्ती से अनुपालन किया जायेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 324612 Excise(24-25).D

## न्यूज रील्स

### पीएम रोड शो के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, 55 प्लाटून सुरक्षा बल तैनात



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 तारीख को चुनाव प्रचार के लिए भुवनेश्वर आ रहे हैं। मास्टर कैंटीन से बाणीबिहार तक रोड शो करेंगे। इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। प्रधानमंत्री का रोड शो कार्यक्रम करीब 1 घंटे तक चलेगा। इस दौरान नो फ्लाइंग जोन किया जायेगा। बम स्क्वाड और डॉग स्क्वाड मृतयन रहेंगे । इस में 5 डिप्टी कमिश्नर, 10 एडिशनल डिप्टी कमिश्नर, 27 एसीपी, 41 इंस्पेक्टर, 55 प्लाटून फोर्स और 3 एंटी टेरर फोर्स प्रधानमंत्री की सुरक्षा की दायित्व संभालेंगे। सुरक्षा व्यवस्था में परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और बीएमसी के अधिकारी शामिल किये गये हैं। एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। अब सड़क पर बैरिकेड्स बनाए जा रहे हैं। रोड शो के दौरान ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न होने की आशंका है. इसलिए पुलिस ट्रैफिक परिचालना पर विशेष ध्यान दे रही है।

### एअर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू ने हड़ताल वापस ली

**नयी दिल्ली।** एअर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने गुरुवार शाम 8 बजे हड़ताल वापस ले ली। चीफ लेबर कमिश्नर ने कहा कि एयरलाइन बर्खास्त 25 कर्मचारियों को नौकरी पर वापस लेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के 200 से ज्यादा क्रू-मेंबर्स 7 मई की रात को अचानक छुट्टी पर चले गए थे। बुधवार से ही काम पर नहीं आ रहे थे। इन सभी कर्मचारियों ने एक साथ पहले सिक लीव अप्लाई की और अपना मोबाइल फोन ऑफ कर लिया था। इस वजह से मंगलवार रात से 170 से ज्यादा उड़ाने रद्द की गयी।

# ओड़िशा को चाहिए मोदी की अगुवाई वाली डबल इंजन सरकार : विष्णु देव साय

## कहा -आदिवासियों का कल्याण सिर्फ भाजपा सरकार कर सकती है

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को ओड़िशा के लक्ष्मीपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुनाव माननीय नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। मोदीजी गरीब परिवार से आते हैं, इसलिए गरीबों की पीड़ा उन्हें पता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 18 घंटे काम करते हैं। गरीबों को गैस सिलेंडर देने, घर बनाने, स्वच्थ पानी, उपचार की सुविधा, खाता खुलवाने से लेकर स्वच्छता शौचालय बनवाने का काम मोदीजी की सोच से संभव हुआ है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने के साथ देश को आतंकवाद से मुक्ति दिलाने का काम पिछले दस साल में हुआ है। विष्णु देव साय ने कहा, ओड़िशा में खनिज और वन संपदा की कोई कमी नहीं लेकिन फिर भी यहां गरीबों का जैसा कल्याण होना चाहिए वह नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि ओड़िशा में भी डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। यदि यहां राज्य में भी भाजपा की सरकार बनती है तो केंद्र सरकार की सभी योजनाएं अच्छे से क्रियान्वित होंगी। डबल इंजन की सरकार होने से काफी लाभ होता है। छत्तीसगढ़ में 15 साल भाजपा की सरकार थी, लेकिन पांच साल के लिए कांग्रेस ने सत्ता संभाली तो भ्रष्टाचार को जमकर बढ़ावा मिला। तीन महीने पहले आई भाजपा सरकार ने एक बार फिर विकास कार्यों को गति दे रही है। डबल इंजन की सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने विशाल विजय संकल्प रैली में पहुंचे लोगों से आह्वान किया कि 13 मई को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों आशीर्वाद प्रदान करें। इस अवसर पर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालेराम माझी, लक्ष्मीपुर विधानसभा के प्रत्याशी कैलाश कुलसिका, छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विधायक पुरंदर मिश्र जी, जिलाध्यक्ष सुमन्त प्रधान समेत बड़ी संख्या में नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्यवसायी के घर जीएसटी और आयकर विभाग के छापे

# दो करोड़ रुपये से अधिक नकद जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** आयकर विभाग ने व्यवसायी के घर पर छापा मारा। उनके पास से दो करोड़ रुपये से अधिक नकद जब्त कि गयी है। यह राशि भुवनेश्वर बुधेश्वरी कॉलोनी में रंजीत जैन के घर पर छापेमारी के दौरान ये रुपये जब्त की गयी । घर की निचली मंजिल पर स्थित प्रिंटिंग प्रेस से पैसे जब्त किया गया है। आयकर विभाग कल से छापेमारी कर रहा है। यह छापेमारी सबसे पहले जीएसटी अधिकारियों ने की थी। भारी मात्रा में नकदी के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया गया । आयकर अधिकारी रंजीत जैन से पूछताछ कर रहे हैं कि यह पैसा किसका है। चूंकि चुनाव के दौरान इतना पैसा पकड़ा गया, इसलिए आशंका है कि इसे किसी राजनीतिक काम के लिए लाया गया होगा।

# एससीबी बड़ा मेडिकल में थैलेसीमिया रोगियों का अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कटक बड़ा मेडिकल हेमेटोलॉजी विभाग में रक्त कैंसर रोगियों के अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की सफल शुरूआत के बाद थैलेसीमिया रोगियों का अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण शुरू होगा। यह सर्जरी पहली बार अस्पताल में की जायेगी। इसके लिए प्राप्तकर्ता और अस्थि मज्जा दाता तैयार हैं। थैलेसीमिया के निदान से लेकर अत्याधुनिक उपचार प्रदान करने तक, सभी एससीबी में उपलब्ध हैं। हेमेटोलॉजी विभाग ने थैलेसीमिया रोगियों के लिए अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसके लिए पहले चरण में 3 मरीजों की पहचान की गयी है। 3 साल का थैलेसीमिया पीड़ित बच्चा अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण कराने के लिए प्रत्यारोपण सूची में सबसे ऊपर है। अस्थि मज्जा को शिशु के भाई से लिया जायेगा और 3 साल के लड़के के शरीर में प्रत्यारोपित किया जायेगा। प्रोफेसर डॉ आर के जेना ने कहा। वैसे थैलेसीमिया एक वंशानुगत एनीमिया है। बच्चे की जान को खतरा है। इसके लिए आमतौर पर दो तरह के इलाज किया गया हैं। सबसे पहले खून देना, बच्चे को रक्त के माध्यम से लाल रक्त कोशिकाएं ( आरसीबी) दी जाती हैं। 15 दिन से एक महीने के भीतर बच्चे को एक यूनिट रक्त देना पड़ता है। बार-बार खून चढ़ाने से शिशु के शरीर में आयरन का स्तर बढ़ जाता है। शरीर में आयरन के जमा होने से लीवर सिरोसिस, कार्डियोमायोपैथी, त्वचा का रंग काला पड़ना, फ्लू और मधुमेह हो सकता है। दूसरा है अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण करना। उन्होंने कहा कि हालांकि ओड़िशा में यह उपचार पद्धति शुरू नहीं हुई है, लेकिन अब एससीबी में शुरू होने जा रही है।

# एनटीपीसी बोंगाइगांव ने छठे कॉरपोरेट प्रबंधन ओलंपियाड में पहली उपविजेता ट्रॉफी हासिल की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव छठे कॉर्पोरेट प्रबंधन ओलंपियाड 2024 में अपनी असाधारण उपलब्धि की घोषणा करता है, जहां उसने केस स्टडी श्रेणी में सम्मानित प्रथम उपविजेता ट्रॉफी हासिल किया। यह मान्यता कॉर्पोरेट प्रबंधन प्रथाओं में उत्कृष्टता और नवाचार के लिए स्टेशन की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। गतिशील जोड़ी में माधुर्य सिंहा लहकर वरिष्ठ प्रबंधक, एचआर-कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और श्री मनीष कुमार सिंह वरिष्ठ प्रबंधक सी एंड आई, ने 8 मई, 2024 को नयी दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित कार्यक्रम में एनटीपीसी बोंगाईगांव का प्रतिनिधित्व किया। ऑनलाइन मोड में प्रतिस्पर्धा करते हुए, उन्होंने देश भर के प्रमुख संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाली 17 से अधिक टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सर्वोत्तम प्रक्रिया अभ्यास विषय पर अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। एनटीपीसी बोंगाईगांव के व्यापार इकाई प्रमुख के सी मुरलीधरन ने विजयी टीम को हार्दिक बधाई दी। मुरलीधरन ने स्टेशन की प्रतिष्ठा बढ़ाने में उनकी उपलब्धि के महत्व पर जोर दिया और उनसे उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी बोंगाईगांव के अतिरिक्त महाप्रबंधक (एचआर) ओंकार नाथ की उपस्थिति भी देखी गयी, जिन्होंने इस अवसर पर अपने प्रोत्साहन के साथ टीम को समर्थन दिया। ऑल-इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) द्वारा आयोजित कॉर्पोरेट मैनेजमेंट ओलंपियाड, संगठनों में चपलता और लचीलापन को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जो उन्हें उभरते व्यावसायिक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाता है। एनटीपीसी बोंगाईगांव का उल्लेखनीय प्रदर्शन नई वास्तविकताओं को अपनाने और कॉर्पोरेट क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव लाने की प्रतिबद्धता का एक शानदार उदाहरण है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के अलावा, एनटीपीसी 2024 के लिए प्रतियोगिता के निर्विवाद समग्र चैंपियन के रूप में उभरा, जिसने क्विज, बिजनेस सिमुलेशन और केस स्टडीज सहित विभिन्न श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त किया। यह शानदार सफलता कॉर्पोरेट उत्कृष्टता और प्रबंधन नवाचार में अग्रणी के रूप में एनटीपीसी की स्थिति की पुष्टि करती है।

### इडी ने केजरीवाल की जमानत का विरोध किया

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर 10 मई को फैसला सुनायेगा। इससे एक दिन पहले गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय इडी ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। न्यूज एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, इडी ने कहा कि वे (केजरीवाल) चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और इससे पहले किसी नेता को प्रचार के लिए न्यायिक हिरासत से जमानत नहीं मिली है।









# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने खुर्दा रोड-बलांगीर रेल इन परियोजना के बौद्ध-चंपापुर रेलवे खंड का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) महेस कुमार बेहेरा ने आज खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के बौध-चंपापुर रेलवे खंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बेहेरा ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। प्रगति की समीक्षा करते हुए, बेहेरा ने रेलवे अधिकारियों को परियोजना को समय पर पूरा करने और प्रस्तावित स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी। इस परियोजना की कुल 301 कि मी लंबाई में से कुल 152.805 कि मी रेलवे लाइनों को चालू कर दिया गया है। रेलवे परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए परियोजना के दोनों ओर यानी खोरधा रोड और बलांगीर की ओर से निर्माण कार्य कर रहा है। खोरधा रोड से दशपल्ला तक 105.8 किमी और बलांगीर से सोनपुर तक 47 किमी अब चालू हो चुका है। खुर्दा रोड-बलांगीर परियोजना में रेल लाइन का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। सोनपुर-पुरुनापानी-झरमुंडा-बौध के बीच लगभग 22 किलोमीटर की रेलवे लाइन पूरी हो चुकी है, उपरोक्त मार्ग में इंजन रोलिंग और परीक्षण भी सफलतापूर्वक किया गया है। इसके अलावा झरमुंडा और चंपापुर के बीच निर्माण कार्य जोरों पर है।












# छात्र एसवीयूइटी के जरिए बीए और बीएससी में और जेईई/एमएचटी-सीईटी के जरिए बीटेक में पा सकते हैं प्रवेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सोमैया विद्याविहार युनिवर्सिटी, जिसे अपनी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है, वर्तमान में सोमैया विद्याविहार युनिवर्सिटी एंट्रैंस टेस्ट (एसभीयूइटी) के माध्यम से अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों जैसे बीबीए, बी डेस प्रोडक्ट डिजाइन, बीए मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म (बीएएमसीजे) बीएससी आईटी, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी डेटा साइंस, बीएससी इकोनोमिक्स, बीएससी साइकोलोजी, बीएससी स्पोर्ट्स एंड एक्सरसाइज साइंस के लिए आवेदन स्वीकार कर रही है। किसी भी स्ट्रीम के छात्र इन प्रोग्रामों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन प्रोग्रामों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि ये छात्रों को सफल करियर के लिए तैयार करते हैं। उम्मीदवार ऑफिशियल लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों में भी बीटेक प्रोग्रामों के लिए आवेदन खुले हैं। बी.टेक प्रोग्रामों के लिए वैद्यता जॉइंट एंट्रैंस टेस्ट (जेईई) या महाराष्ट्र राज्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा एमएचटी-सीईटी के स्कोर पर आधारित होगी। बी.टेक प्रोग्रामों के लिए आवेदन ऑफिशियल लिंक के माध्यम से किया जा सकता है। सोमैया विद्याविहार युनिवर्सिटी एंट्रैंस टेस्ट एक ऑनलाईन प्रोक्टर्ड टेस्ट है, जिसे अकादमिक वर्ष 2024-25 के दौरान 3 सैशन्स में लिया जाएगा। पहले सैशन के बाद युनिवर्सिटी ने अगले दो सैशन्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है जो क्रमशः 19 मई 2024 और 9 जून 2024 को होंगे। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से रात 11 बजे के बीच होगा। उम्मीवार अपनी सुविधानुसार इनमें से किसी एक सैशन का विकल्प चुन सकते हैं। एसवीयू में पेश किए गये प्रोग्रामों पर विचार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर वी.एन. राजाशेखरन पिल्लै, वाईस चांसलर, सोमैया विद्याविहार युनिवर्सिटी ने कहा, मेरा मानना है कि हमारे अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम छात्रों के समग्र विकास और बौद्धिक क्षमता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उत्कृष्टता और इनोवेशन के लिए प्रतिबद्धता के साथ इन प्रोग्रामों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि ये छात्रों में जरूरी कौशल विकसित कर प्रयोजन की भावना को बढ़ावादेते हैं। हमारा लक्ष्य छात्रों को आत्मविश्वास के साथ वास्तविक जीवन की समस्याओं से निपटने में सक्षम बनाना है। साइंस यूजी और पीजी में हमारे इंटीग्रेटेड बीएस-एमएस प्रोग्राम, साइंस एजुकेशन एंड रीसर्च में नेशनल इंस्टीट्यूशन्स प्रोग्राम्स के अनुरूप हैं। इनोवेशन प्रोग्रामों की विविध रेंज एसभीयूइटी के तहत, अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों की एक रेंज पेश की जती है। इनमें शामिल हैं- बी.बी.ए, बी.बी.एम, बैचलर ऑफ आर्ट्स इन मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म (बीएएमसीज) बीएएमसीजे बैचलर ऑफ साइंस इन इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, बैचलर ऑफ साइंस इन कम्प्यूटर साइंस, बैंचलर ऑफ साइंस इन डेटा साइंस, बैचलर ऑफ साइंस इन इकोनोमिक्स और बैचलर ऑफ साइंस इन साइकोलोजी।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**